हरिभूमि
# रायपुर भूमि




## शादी में पंचायत...शहनाई बजने के बाद 15 दिनों में सरपंच देंगे प्रमाणपत्र

हरिभूमि न्यूज□ रायपुर

छत्तीसगढ़ के गांवों में रहने वालों को अब शादी के बाद प्रमण पत्र हासिल करने के लिए किसी तरह की मशक्कत करने की जरुरत नहीं होगी। शादी की शहनाई बजने के 15 दिनों बाद अब उन्हें उनके गांव में ही ग्राम पंचायत के माध्यम से शादी का प्रमाण पत्र मिल जाएगा। खास बात ये है कि अगर तय समय पर ये काम नहीं हुआ तो इसकी अपील एसडीएम और जिला कलेक्टर से की जा सकेगी। छत्तीसगढ़ शासन के पंचायत और ग्रामीण विकास विभाग द्वारा छत्तीसगढ़ लोक सेवा गारंटी अधिनियम, 2011 के तहत एक महत्वपूर्ण संशोधन जारी किया है। इस नई व्यवस्था के तहत अब प्रदेश की ग्राम पंचायतों में विवाह पंजीयन की सुविधा को और अधिक सरल व समयबद्ध बना दिया गया है।




### 15 दिनों के भीतर मिलेगा प्रमाण पत्र

अब ग्राम पंचायत स्तर पर विवाह का पंजीयन और उसका प्रमाण पत्र आवेदक को निर्धारित 15 कार्य दिवसों के भीतर अनिवार्य रूप से प्रदान किया जाएगा। इस सेवा के लिए संबंधित ग्राम पंचायत के सचिव को उत्तरदायी पदाभिहित अधिकारी (पद) बनाया गया है, जबकि अनुविभागीय अधिकारी (एसडीएम) सक्षम अधिकारी और कलेक्टर अपीलीय प्राधिकारी होंगे।

### शादी का प्रमाण पत्र बनवाना क्यों जरूरी है?

*विवाह प्रमाण पत्र एक अत्यंत महत्वपूर्ण कानूनी दस्तावेज है, जिसकी आवश्यकता कई प्रमुख कार्यों के लिए पड़ती है। वैधानिक सुरक्षा और मान्यता- यह प्रमाण पत्र पति-पत्नी के वैवाहिक संबंध का आधिकारिक और कानूनी प्रमाण होता है। सरकारी योजनाओं और दस्तावेजों में लाभ- पासपोर्ट बनवाने, बैंक खाते में नाम या नॉमिनी जोड़ने, संयुक्त खाते खोलने तथा वीजा या इमिग्रेशन प्रक्रियाओं के लिए विवाह प्रमाण पत्र की अनिवार्य रूप से मांग की जाती है।उत्तराधिकार और संपत्ति के अधिकार- कानूनी विवादों की स्थिति में, उत्तराधिकार, बीमा क्लेम और पैतृक या अन्य संपत्तियों के अधिकारों को सुरक्षित करने के लिए यह दस्तावेज एक मजबूत प्रमाण का काम करता है।*

### इस कानून से बनता है शादी का प्रमाण पत्र

*भारत में विवाह का पंजीकरण और प्रमाण पत्र जारी किया जाना विभिन्न वैधानिक प्रावधानों के अंतर्गत आता है। राज्यों में स्थानीय निकायों या पंचायतों के माध्यम से विवाह पंजीकरण से जुड़े नियम राज्य विशेष के विवाह पंजीकरण अधिनियमों, पंचायती राज अधिनियमों तथा लोक सेवा गारंटी अधिनियमों के प्रावधानों के तहत संचालित होते हैं। इसके अलावा, राष्ट्रीय स्तर पर हिंदू विवाह अधिनियम, 1955 या विशेष विवाह अधिनियम, 1954 के तहत भी विवाहों का कानूनी पंजीकरण और प्रमाण-पत्र जारी किया जाता है, जिससे क्षेत्रीय प्रशासनिक व्यवस्था के अंतर्गत ग्राम पंचायतों को भी इसका अधिकार प्राप्त होता है।*

## खबर संक्षेप

### एयरपोर्ट के सीनियर मैनेजर से मारपीट, कार का शीशा तोड़ा

रायपुर। गाड़ी चलाने के विवाद में एयरपोर्ट के सीनियर मैनेजर के खिलाफ दो स्कूटी सवार लड़कों ने मारपीट कर कार का शीशा तोड़ दिया। सीनियर मैनेजर के साथ मारपीट की घटना परिवार के साथ शंकर नगर से अपने घर सड्डु जाने के मार्ग पर हुई है। पीड़ित की शिकायत पर विधानसभा पुलिस अपराध दर्ज कर आरोपियों की पतासाजी कर रही है। मेट्रो ग्रीन, सड्डु निवासी हिमांशु सिंह ने मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने पुलिस को बताया कि रविवार शाम 7 बजे के करीब अपने मां, पिता, बेटी तथा बेटे के साथ शंकर नगर से घर लौट रहे थे। डॉ. आकाश राय के क्लीनिक और प्राथमिक स्कूल के सामने सड्डु में एक स्कूटी उनकी कार के नजदीक आ गई। हिमांशु ने कार रोककर स्कूटी चालक को वाहन ठीक से चलाने के लिए कहा। इस पर स्कूटी चालक ने गाली-गलौज करते हुए उन्हें कार से नीचे आने को कहा। हिमांशु और उनके पिता नीचे उतरे तो आरोपी ने दोनों से मारपीट शुरू कर दी। कुछ देर बाद उसके अन्य साथी ऑटो से पहुंचे और उन्होंने भी मारपीट की।

### सीसीटीवी कैमरा ऊपर घुमाकर पुलिसकर्मी के घर 6 लाख की चोरी



रायपुर। विधानसभा थाना क्षेत्र के सड्डु स्थित वीआईपी स्टेट में चोरों ने एक पुलिसकर्मी के घर को निशाना बनाते हुए छह लाख रुपए कीमत के सोने-चांदी के जेवर तथा नकदी पार कर दिए। पुलिसकर्मी को घटना की जानकारी बिहार, पटना से लौटने के बाद मिली। चोरों ने चोरी के पहले घर में लगे सीसीटीवी कैमरे की दिशा आसमान की ओर कर दी, ताकि चोरी की गतिविधियां कैमरे में कैद न हो सकें। पुलिस के मुताबिक पुलिस लाइन में तैनात एएसआई नागेंद्र सिंह के घर चोरी की घटना हुई है।

### फर्जी दस्तावेज से कार किराए पर ली, फिर गाड़ी लेकर फरार



रायपुर। खमतराई थाना क्षेत्र में कार किराए पर देने का विज्ञापन देख महाराष्ट्र, नागपुर के एक युवक ने कार मालिक से संपर्क किया और फर्जी दस्तावेज आधार, पेनकार्ड देकर कार लेकर फरार हो गया। कमलेश ने पुलिस को बताया कि उसने कार किराए पर देने के लिए इंस्टाग्राम पर विज्ञापन डाला था। विज्ञापन देख नागपुर के युवक ने भनपुरी का पता बताकर फर्जी दस्तावेज थमा दिए और कार किराए पर ले गया। सेल्फ ड्राइव के नाम से कार किराए पर लेकर बेचने वाले आरोपी की गिरफ्तारी की जानकारी मिलने पर कमलेश, आरोपी के खिलाफ थाने में शिकायत दर्ज कराने पहुंचा।

### कैश का कैसे हुआ हिसाब-किताब, किसकी क्या भूमिका, चालान में सबकुछ

## कोल घोटाले की बड़ी राशि खैरागढ़ उपचुनाव और आयोजनों पर खर्च, डायरी ने खोला राज

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

कोल घोटाला मामले में ईओडब्ल्यू-एसीबी ने साढ़े नौ हजार पन्नों के चालान में विस्तार से कोर्ट में ब्योरा पेश किया है। इसमें घोटाले में शामिल आरोपियों को मिली रकम, लेनदेन और उसके सोर्स के संबंध में काफी जानकारियां शामिल हैं। जांच के बाद सभी की भूमिका को चालान में स्पष्ट किया गया है। कोल घोटाले की बड़ी राशि चुनावी चंदा वसूली के साथ राजनीतिक आयोजन, खैरागढ़ उपचुनाव में खर्च की गई।

कोर्ट में पेश चालान में सभी आरोपियों का सूर्यकांत तिवारी के साथ संपर्क होने के साथ ही 104 करोड़ से ज्यादा की राशि कांग्रेस के पूर्व कोषाध्यक्ष रामगोपाल अग्रवाल द्वारा प्राप्त करना दर्शाया गया है। साथ ही अग्रवाल द्वारा घोटाले की बड़ी राशि से परिवार से जुड़े लोगों की कंपनियों के नाम पर संपत्ति अर्जित करने का उल्लेख किया गया है। चालान में शामिल आरोपियों की भूमिका ऐसी है।


बड़ा घोटाला, बड़ी जांच, कोल घपले में 9500 पेज का एक और चालान, विधायक समेत 12 आरोपी

मूल्य के अलावा अब तक पांच पूरक चालान पेश हो चुके, आरोपी नहीं हुए पेश!

डिजिटल साक्ष्य से खुले राज

सूर्यकांत से बनाई थी पहली सी योजना

खास खबर

### रामगोपाल अग्रवाल

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के तत्कालीन कोषाध्यक्ष एवं छत्तीसगढ़ नागरिक आपूर्ति निगम के अध्यक्ष थे। जब्त डायरियों में "भवन' एवं सी पार्टी के नाम से 32 प्रविष्टियों में कुल 104.20 करोड़ दर्ज हैं। विवेचना में यह रकम राजीव भवन पहुंचाए जाने तथा देवेंद्र डडसेना के माध्यम से रामगोपाल द्वारा पार्टी के लिए प्राप्त किए जाने के तथ्य मिले हैं। उनके परिवार से संबंधित कंपनियों के नाम भूमि खरीदी और रजिस्ट्री मूल्य के अतिरिक्त नकद भुगतान का विवरण भी चालान में शामिल है।

### देवेंद्र यादव

भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव एवं उनके लिए रकम प्राप्त करने वाले नवाज से संबंधित 11 डायरी प्रविष्टियों में कुल तीन करोड़ रुपए दर्ज हैं। इनमें खैरागढ़ उपचुनाव के लिए भेजी गई रकम भी शामिल है। विवेचना में सूर्यकांत तिवारी की ओर से रकम प्राप्त करने तथा उसका उपयोग चुनाव संबंधी कार्यों और स्वयं के लिए करने में देवेंद्र यादव की भूमिका पाई गई है।

### विनोद तिवारी

विनोद तिवारी के नाम अथवा उनसे जुड़े नामों से जब्त डायरियों में 22 प्रविष्टियों में कुल दो करोड़ बारह लाख ग्यारह हजार रुपए दर्ज हैं। विवेचना में सूर्यकांत तिवारी से नकद रकम प्राप्त करने और उसका उपयोग राजनीतिक कार्यों में करने के तथ्य मिले हैं। खैरागढ़ उपचुनाव की होर्डिंग के भुगतान तथा जिला पंचायत के पदाधिकारियों एवं सदस्यों के लिए रकम की व्यवस्था से संबंधित विवरण भी सामने आया है।

### रामप्रताप सिंह

जब्त डायरियों में आरपी सिंह एवं आरपी नाम से रामप्रताप सिंह से संबंधित 25 प्रविष्टियों में 2.93 करोड़ रुपए दर्ज हैं। विवेचना में सूर्यकांत तिवारी से नकद रकम प्राप्त करने तथा उसे व्यक्तिगत खर्च, राजनीतिक कार्यों, मीडिया प्रबंधन और वाहन व्यवस्था में उपयोग करने में उनकी भूमिका पाई गई है।

### चंद्रदेव प्रसाद राय

तत्कालीन बिलाईगढ़ विधायक चंद्रदेव प्रसाद राय से संबंधित चार डायरी प्रविष्टियों में कुल 49.50 लाख दर्ज हैं। विवेचना में सूर्यकांत से नकद रकम प्राप्त करने और उसका उपयोग चुनाव संबंधी खर्चों में करने के तथ्य मिले हैं। इसके अलावा सूर्यकांत तिवारी द्वारा उन्हें आभूषण उपलब्ध कराए जाने का विवरण भी चालान में शामिल है।

### जयप्रकाश मौर्य

तत्कालीन संचालक, भौमिकी एवं खनिकर्म, जयप्रकाश से संबंधित दो डायरी प्रविष्टियों में कुल एक करोड़ रुपए दर्ज हैं। विवेचना में सूर्यकांत तिवारी से नकद रकम प्राप्त करने, खनिज विभाग के मामलों में उसके साथ संपर्क रखने तथा अवैध वसूली की व्यवस्था में सहयोग करने में उनकी भूमिका पाई गई है। पैलेट उद्योगपतियों को सौ रुपए प्रति टन की रकम सूर्यकांत तिवारी अथवा उसके लोगों को देने के निर्देश दिए जाने का विवरण भी उनके विरुद्ध चालान में शामिल है।

### पीयूष कुमार साहू

*पीयूष की भूमिका अपनी बहन रानू साहू को कोयला लेवी से प्राप्त रकम अपने एवं परिजनों के नाम संपत्तियों में निवेश कराने में पाई गई है। परिवार से संबंधित 13 संपत्तियों की खरीदी में बैंक खातों से भुगतान के अलावा रजिस्ट्री मूल्य के अतिरिक्त नकद भुगतान भी किया गया। रकम के लेन-देन और संपत्ति खरीदी में उनके तथा परिजनों के बैंक खातों का उपयोग किया गया।*

### जोगेंदर सिंह

*जोगेंदर, सूर्यकांत तिवारी के व्यावसायिक भागीदार थे। विवेचना में जय अंबे रोड लाइंस के माध्यम से नकद रकम की व्यवस्था करने तथा अपनी फर्मों के खातों से बैंक प्रविष्टियां उपलब्ध कराने में उनकी भूमिका पाई गई है। सात फर्मों को भेजी गई 40 करोड़ की राशि और उससे संबंधित लेन-देन का विवरण भी चालान में दिया गया है।*

### अनुराग चौरसिया

*अनुराग चौरसिया की भूमिका सौम्या चौरसिया को कोयला लेवी से प्राप्त रकम अपने एवं परिजनों के नाम फ्लैट और भूमि खरीदी में लगाने में पाई गई है। इसके लिए मोटल मधुबन तथा परिजनों के बैंक खातों का उपयोग किया गया। इन खातों में प्राप्त रकम, आगे किए गए भुगतान और संपत्तियों में निवेश का विवरण चालान में शामिल है।*

### दीपेश टांक

*दीपेश की भूमिका भूमि सौदे में रजिस्ट्री मूल्य के अतिरिक्त नकद रकम प्राप्त करने तथा नकद रकम को कृषि आय के रूप में दर्शाने में पाई गई है। भूमि विक्रय के बाद भी वे ओम एग्रो फार्म के कार्यों एवं भुगतान से जुड़े रहे।*

### सुनील कुमार अग्रवाल

*इंद्रमणि समूह के सुनील कुमार अग्रवाल की भूमिका सूर्यकांत तिवारी की ओर से भेजी गई नकद रकम अपने यहां रखने, उससे आगे भुगतान करने तथा वॉशरी खरीदी में निवेश कराने में पाई गई है।*

### राहुल मिश्रा

*राहुल मिश्रा, सूर्यकांत तिवारी से जुड़ी निर्माण परियोजनाओं में कार्य करते थे। विवेचना में उनके पास बड़ी नकद रकम रखे जाने तथा आवश्यकता पड़ने पर उसे निखिल चंद्राकर के माध्यम से सूर्यकांत तिवारी को वापस उपलब्ध कराए जाने के तथ्य मिले हैं।*

## फिरौती मामले में फरार शोएब का पता बताने वालों को मिलेंगे 5000

- डीसीपी सेंट्रल ने की घोषणा
- तेलीबांधा थाने में पूर्व पार्षद ने अज्ञात के खिलाफ विश्नोई, अमन साव गैंग के नाम से फिरौती मांगने का दर्ज कराई थी शिकायत


विश्नोई गैंग के नाम पर 25 करोड़ फिरौती मांगने वाले शोएब को दबोचने छापे

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

कांग्रेस नेता आनंद कुकरेजा को धमकाकर 25 करोड़ रुपए की फिरौती मांगने के आरोपी शोएब ढेबर को अरेस्ट करने पुलिस ने बुधवार को कई जगह छापे मारे, पर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

शराब घोटाले का आरोपी अनवर ढेबर के बेटे शोएब ढेबर के खिलाफ डीसीपी सेंट्रल तारकेश्वर पटेल ने पांच हजार रुपए ईनाम की घोषणा की है। पूर्व पार्षद आनंद कुकरेजा ने तेलीबांधा थाने में अज्ञात के खिलाफ लारेंस विश्नोई तथा अमन साव गैंग के नाम पर अज्ञात व्यक्ति द्वारा कॉल कर 25 करोड़ रुपए फिरौती मांगने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। नंबर की जांच करने पर शोएब ढेबर तथा उसके साथियों द्वारा फिरौती मांगने की पुष्टि हुई थी। रिपोर्ट दर्ज होने के एक पखवाड़े बाद पुलिस ने शोएब को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया था। निचली अदालत से जमानत मिलने के बाद पुलिस ने फैसले को चुनौती देते हुए सेशन कोर्ट में अर्जी दाखिल की थी। पुलिस की अर्जी को कोर्ट ने स्वीकार करते हुए शोएब ढेबर को गिरफ्तार करने फैसला सुनाया था। कोर्ट का फैसला आने के पूर्व आरोपी पुलिस को चकमा देकर फरार ⏭शेष पेज 13 पर

### इसलिए ईनाम की घोषणा

ईनाम की घोषणा करते हुए पुलिस ने उल्लेख किया है कि आरोपी के खिलाफ बीएनएस की धारा 308 (4), 351(3), 351(4), 3(5) के तहत अपराध दर्ज किया गया है। फिर से गिरफ्तारी की अनुमति के बाद से आरोपी का पता नहीं चला है। प्रकरण में फरार आरोपी स्वयं को पुलिस से बचाने अपने आपको छिपाए हुए है। फरार आरोपी भविष्य में दोबारा अपराध घटित कर सकता है। ऐसे आरोपी का स्वच्छंद विचरण समाज के लिए घातक है। इसलिए उसके खिलाफ ईनाम की घोषणा की गई है।

### गिरफ्तारी के लिए चार टीमें गठित

शोएब की गिरफ्तारी के लिए पुलिस ने चार अलग-अलग टीमें गठित की हैं। टीम में तेलीबांधा थाने के टीआई के साथ एंटी क्राइम एंड साइबर यूनिट के टीआई तथा अन्य पुलिसकर्मियों को शामिल किया गया है। एसीपी सेंट्रल रमाकांत साहू के मार्गदर्शन में अलग-अलग जगहों पर छापे की कार्रवाई की जा रही है। सूत्रों के मुताबिक, शोएब रायपुर में ही अपने किसी करीबी के यहां छिपा हुआ है। इसके अलावा पुलिस को आरोपी के झारखंड के साथ मुंबई तथा नेपाल फरार होने की आशंका है।

## छात्रों की ऐसी किल्लत...पांचवी बार बढ़ाई गई आवेदन तिथि

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

दूरस्थ और ऑनलाइन शिक्षा के विद्यार्थियों को इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) ने राहत दी है। दिसंबर सत्रांत परीक्षा और जुलाई प्रवेश सत्र से संबंधित महत्वपूर्ण तिथियां बढ़ा दी गई हैं। विद्यार्थी अब बिना विलंब शुल्क के सात अक्टूबर तक ऑनलाइन परीक्षा फॉर्म भर सकेंगे। 8 से 15 अक्टूबर तक 1100 रुपए विलंब शुल्क के साथ परीक्षा फॉर्म जमा किए जा सकेंगे। इसके अलावा ओडीएल और ऑनलाइन कार्यक्रमों के लिए शैक्षणिक सत्रीय कार्य (असाइनमेंट) जमा करने की अंतिम तिथि 31 अक्टूबर तक बढ़ा दी गई है। जुलाई 2026 सत्र में नए दाखिलों के लिए आवेदन की अंतिम तिथि भी 13 अक्टूबर कर दी गई है। हालांकि, प्रमाणपत्र और सेमेस्टर आधारित पाठ्यक्रम इसके दायरे में नहीं होंगे। यह बढ़ी हुई समयसीमा केवल ओडीएल ⏭शेष पेज 13 पर

- इग्नू पाठ्यक्रम में आवेदन अब 13 अक्टूबर तक

*पुराने संस्थान से करार समाप्त, सरकारी व्यवस्था को पहले ही हटाया जा चुका है*

## एयरपोर्ट पर अब नए अस्पताल को यात्रियों के हेल्थ का जिम्मा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट आने वाले यात्रियों के स्वास्थ्य की जिम्मेदारी अब नए निजी हास्पिटल इट्सा को दी गई है। अस्पताल आपात स्थिति में यात्रियों को प्रारंभिक चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराएगा। इसके पूर्व सुयश हास्पिटल से इसके लिए करार किया गया था। विमानतल प्रबंधन ने काफी समय पहले स्वास्थ्य सुविधा की सरकारी व्यवस्था को पहले ही समाप्त कर दिया था। हवाई यात्रा के दौरान कई बार यात्रियों को हेल्थ इमरजेंसी होती है। ऐसे में विमान की आपात लैंडिंग कर संबंधित विमानतल पर प्राथमिक स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराई जाती है। रायपुर के स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट में यह जिम्मेदारी पहले स्वास्थ्य विभाग की टीम के पास था। ⏭शेष पेज 13 पर



### मो. आरिफ होंगे नए डायरेक्टर



रायपुर एयरपोर्ट को करीब दो माह बाद नया डायरेक्टर मिल गया है। नए संचालक मो. आरिफ मंगलवार को अपना चार्ज लेंगे। वे मूलतः वाणिज्यिक विभाग के हैं और अनुभवी विमानन एवं एयरपोर्ट प्रोफेशनल हैं। भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण के विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर कार्य ⏭शेष पेज 13 पर

*स्थानीय सहित महाराष्ट्र से भी आवक, लेकिन यह मांग से कम*

### थोक में भाव 120 से 130 रुपए किलो, चिल्हर में 200 रुपए किलो

## सर्वपितृ अमावस्या पर शनि व गजछाया का दुर्लभ संयोग महाराष्ट्र से आवक फिर भी तुरई 200 रुपए किलो

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

साल 2026 में पितृ मोक्ष अमावस्या 10 अक्टूबर 2026, शनिवार को मनाई जाएगी। इसी दिन 16 दिनों से चले आ रहे पितृ पक्ष का समापन होगा और पितरों की विदाई की जाएगी। इस बार सर्वपितृ अमावस्या पर शनि अमावस्या और गजछाया योग का बेहद दुर्लभ और शुभ संयोग बन रहा है। गजछाया योग तब बनता है जब अमावस्या तिथि पर हस्त नक्षत्र का संयोग होता है, जिसमें पितरों का तर्पण करने से वे तुरंत तृप्त हो जाते हैं। अमावस्या तिथि 9 अक्टूबर को रात 09:35 बजे से प्रारंभ हो रही है। अमावस्या 10 अक्टूबर को रात 9:19 बजे समाप्त होगी। उदया तिथि के नियम के अनुसार, श्राद्ध, तर्पण और दान से जुड़े सभी कार्य 10 अक्टूबर को ही किए जाएंगे। पितृ अमावस्था के दौरान तोरई चढ़ाने की विशेष परंपरा और धार्मिक महत्व है, इस वजह से बाजार में इसके दाम चिल्हर में 200 रुपए हो चुके हैं। गौरतलब है कि सर्वपितृ अमावस्या पर सभी पितरों का श्राद्ध तर्पण ⏭शेष पेज 13 पर

अलग खबर



### श्राद्ध व तर्पण के मुहूर्त

कुतुप मुहूर्तः सुबह 11:34 बजे से दोपहर 12:21 बजे तक
रौहिण मुहूर्तः दोपहर 12:21 बजे से दोपहर 01:07 बजे तक
अपराह्न कालः दोपहर 01:07 बजे से दोपहर 03:28 बजे तक (पितृ पक्ष में दोपहर में तर्पण सर्वाधिक महत्वपूर्ण माना जाता है)

### पितृ पक्ष पूर्व 20 रुपए किलो

*तुरई पितृ पक्ष से पहले 20 से 30 रुपए किलो थोक में बिका है। वहीं चिल्हर में इसकी कीमत 40 से 50 रुपए किलो थी। पितृ पक्ष समाप्त होते ही कीमतें पुनः सामान्य हो जाएंगी। - टी.श्रीनिवासन, अध्यक्ष, राजधानी थोक सब्जी मंडी*

### इसलिए अर्पित की जाती है तोरई

अन्य सब्जियों की तुलना में तोरई में सर्वाधिक बीज होते हैं। तोरई की बेल बहुत तेजी से आगे बढ़ती है और यह जल्दी सूखती नहीं है। इसे सनातन परंपरा में वंश की वृद्धि और परिवार की निरंतरता का प्रतीक माना जाता है। पितरों को तोरई अर्पित कर यह प्रार्थना की जाती है कि परिवार का वंश इसी बेल की तरह फलता-फूलता रहे। इसके अर्पण से पितर प्रसन्न होते हैं और वंश आगे बढ़ता रहता है। यही कारण है कि पितरों को तर्पण में तोरई अनिवार्य रूप से चढ़ाई जाती है।

# बारिश से उधड़ी 3 हजार किमी सड़कों की होगी मरम्मत, 450 करोड़ खर्च का अनुमान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि सरोकार

प्रदेश में बारिश के कारण क्षतिग्रस्त हुई करीब 3 हजार किलोमीटर लंबी सड़कों की मरम्मत का लक्ष्य रखा गया है। लोक निर्माण विभाग ने बारिश के बाद सड़कों की स्थिति सुधारने के लिए मरम्मत, गड्ढे भरने और क्षतिग्रस्त सतह को दुरुस्त करने का काम शुरू कर दिया है। विभाग ने सभी सड़कों और पुलों की मरम्मत का काम 15 अक्टूबर तक पूरा करने के निर्देश दिए हैं।विभाग के प्रारंभिक आकलन के अनुसार सड़कों की मरम्मत पर करीब 450 करोड़ रुपये खर्च होने का अनुमान है। हालांकि यह राशि सामान्य मरम्मत, पैचवर्क और गड्ढे भरने के आधार पर है। जिन सड़कों की सतह पूरी तरह उखड़ गई है और जहां दोबारा डामरीकरण की आवश्यकता होगी, वहां खर्च इससे काफी अधिक हो सकता है।



### सभी ईई को निरीक्षण के निर्देश

लोक निर्माण विभाग ने सभी संभागों को सड़क एवं पुलों के मरम्मत और संधारण कार्य के लिए पर्याप्त राशि उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया है। साथ ही सभी कार्यपालन अभियंताओं को अपने-अपने कार्यक्षेत्र का निरीक्षण करने के निर्देश दिए गए हैं। अधिकारियों को सड़कों और पुलों की वास्तविक स्थिति का आकलन कर प्राथमिकता के आधार पर मरम्मत कार्य कराने को कहा गया है।

### निरीक्षण और मरम्मत समय पर पूरा करने की तैयारी

इसके साथ ही विभाग ने सड़कों, पुलों और डिवाइडरों की स्थिति की भी जांच कर आवश्यक मरम्मत कराने के निर्देश दिए हैं। विभाग का जोर बारिश के बाद यातायात व्यवस्था को सुरक्षित और सुचारू बनाने पर है। अधिकारियों को क्षतिग्रस्त हिस्सों की पहचान कर तत्काल सुधार कार्य शुरू करने के लिए कहा गया है। बारिश के दौरान कई स्थानों पर सड़कों पर गड्ढे होने, सतह क्षतिग्रस्त होने और पुल-पुलियों के आसपास सड़क खराब होने की शिकायतें सामने आई थीं। अब विभाग ने इन स्थानों का निरीक्षण कर मरम्मत कार्य को समयबद्ध तरीके से पूरा करने की तैयारी की है।

## खबर संक्षेप



### राजधानी से लौटकर ठिठका मानसून फिर गति पकड़ेगा अभी गर्मी जैसे हालात

**रायपुर।** राजधानी से विदा होकर रुका मानसून पुनः गति पकड़ेगा और आने वाले कुछ दिनों में छत्तीसगढ़ छोड़ देगा। प्रदेश में अभी गर्मी जैसे हालात बने हुए हैं और राजनांदगांव का अधिकतम तापमान 35 डिग्री तक पहुंच गया है। अभी छत्तीसगढ़, विदर्भ और मराठवाड़ा होते हुए एक द्रोणिका बनी हुई है, जिसके प्रभाव से कुछ एक क्षेत्रों में बूंदाबांदी हो सकती है। बारिश का मौसम बीतने और ठंड के आने के पहले अभी राज्य का मौसम स्थिरता लिए हुए है और गर्मी जैसा माहौल बना हुआ है। मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि बारिश की गतिविधि रहने की वजह से मौसम में ठंडक थी। अब वातावरण से मौजूद नमी वापस कम हो रही है, जिससे धूप का प्रभाव तेज हो रहा है। आने वाले दिनों में बड़ा बदलाव होने की उम्मीद नहीं है। हालांकि उत्तरी सीमा पर शुष्क हवा रात के वक्त जल्दी ही अपना प्रभाव दिखाएगा, जिससे वहां गुलाबी ठंड का अनुभव होगा। राजधानी रायपुर में ऐसी स्थिति माह के अंतिम दिनों अथवा नवंबर में ही बनने की उम्मीद है।

### एसआईआर में नाम विलोपन पर कांग्रेस का हमला

**रायपुर।** एसआईआर के दौरान छत्तीसगढ़ में 24 लाख 99 हजार 823 मतदाताओं के नाम सूची से विलोपित किए जाने को लेकर प्रदेश कांग्रेस संचार प्रमुख सुशील आनंद शुक्ला ने सरकार और निर्वाचन तंत्र पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने इसे छत्तीसगढ़ के इतिहास का सबसे



बड़ा लोकतांत्रिक घोटाला बताते हुए कहा, बिना भौतिक सत्यापन के बड़ी संख्या में मतदाताओं के नाम हटाए गए हैं। उन्होंने दावा किया कि इनमें 19 लाख 13 हजार 540 मतदाताओं को अनुपस्थित या स्थानांतरित बताया गया, जबकि छह लाख से अधिक को मृत बताया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि कंप्यूटर फिल्टर और फॉर्म-7 के जरिए गरीब, मजदूर और आदिवासी मतदाताओं के नाम भी हटाए गए। कांग्रेस नेता ने बिलासपुर के तीन बूथों का उदाहरण देते हुए कहा कि वहां एक साथ 117 नाम हटाए गए थे, लेकिन कांग्रेस की आपत्ति के बाद भौतिक सत्यापन में सभी मतदाता सही पाए गए। उन्होंने रायपुर, बिरगांव, बालोद, दुर्ग और बस्तर में भी नाम विलोपन की शिकायतों का दावा किया।

## योजनाओं को अधिक प्रभावी व पारदर्शी बनाने उठाया गया बड़ा कदम

# 'वीबी-जीरामजी' मिशन पर होगी कड़ी निगरानी राज्य ग्रामीण रोजगार गारंटी परिषद का गठन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ शासन के पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार और आजीविका की योजनाओं को और अधिक प्रभावी व पारदर्शी बनाने के लिए एक बड़ा कदम उठाया गया है। अब 'विकसित भारत रोजगार और आजीविका के लिए गारंटी मिशन (ग्रामीण): वीबी-जीरामजी' के अंतर्गत राज्य स्तर पर योजनाओं के नियमित क्रियान्वयन, निगरानी और समीक्षा के लिए 'छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण रोजगार गारंटी परिषद' के गठन का प्रावधान किया गया है। इस उच्चस्तरीय परिषद की कमान स्वयं राज्य के मुख्यमंत्री के हाथ में होगी।




### परिषद की मुख्य संरचना एवं पदधिकारी

अध्यक्ष- मुख्यमंत्री, उपाध्यक्ष मंत्री, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग,सदस्य-सचिव- भारसाधक सचिव, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, अन्य आधिकारिक सदस्य- लोक निर्माण विभाग, वित्त, वन, कृषि, आदिम जाति कल्याण, श्रम, जल संसाधन, स्कूल शिक्षा, महिला एवं बाल विकास सहित राज्य शासन के विभिन्न प्रमुख विभागों के मंत्री, राज्य नीति आयोग के उपाध्यक्ष, मुख्य सचिव और 'वीबी-जी राम जी' छत्तीसगढ़ के आयुक्त इसके सदस्य होंगे।

### गैर-सरकारी सदस्यों की भागीदारी और सामाजिक प्रतिनिधित्व

इस परिषद में पंचायती राज संस्थानों, श्रमिक संगठनों और समाज के कमजोर वर्गों से राज्य सरकार द्वारा 15 से अधिक न होने वाले गैर-सरकारी सदस्यों को भी नामित किया जाएगा। सामाजिक समावेश और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए इन नामित सदस्यों में कम से कम एक-तिहाई महिलाएं शामिल होंगी। कम से कम एक-तिहाई सदस्य अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग और अल्पसंख्यक समुदायों से ताल्लुक रखेंगे।

### परिषद करेगा ये काम और उसकी ये जिम्मेदारी

परिषद के प्रमुख कार्य और उत्तरदायित्व भी तय किए गए हैं। जैसे नीतिगत परामर्श- राज्य में योजना और उसके क्रियान्वयन से जुड़े तमाम विषयों पर राज्य सरकार को परामर्श देना,समीक्षा और निगरानी- समय-समय पर निगरानी एवं शिकायत निवारण तंत्र की समीक्षा करना और उनमें सुधार हेतु पुख्ता सिफारिशें करना। केन्द्र के साथ समन्वय - अधिनियम और योजनाओं के क्रियान्वयन पर नजर रखना तथा आवश्यकतानुसार केंद्रीय परिषद के साथ समन्वय स्थापित करना। वार्षिक प्रतिवेदन- राज्य सरकार द्वारा राज्य विधानसभा के समक्ष प्रस्तुत किए जाने वाले वार्षिक प्रतिवेदन को तैयार करना। इसके साथ ही ग्रामीण अर्थव्यवस्था और योजनाओं के क्रियान्वयन से जुड़े आंकड़े एकत्र करने और विभिन्न योजनाओं का मूल्यांकन करने की शक्ति इस परिषद के पास होगी।

## नगर निगम के ईई इधर से उधर, जोन के सहायक अभियंताओं की नई पदस्थापना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर नगर निगम में प्रशासनिक व्यवस्था को अधिक सुचारू और प्रभावी बनाने निगम आयुक्त संबित मिश्रा ने मुख्यालय और जोन के अधिकारियों की नई पदस्थापना की है। नए प्रशासनिक आदेश के अनुसार, कार्यपालन अभियंताओं के कामकाज में फेरबदल किया गया है। निगम आयुक्त द्वारा जारी आदेश तत्काल प्रभाव लागू हो गया है। पद्माकर श्रीवास कार्यपालन अभियंता मुख्यालय से जोन 5, लाल महेंद्र प्रताप सिंह कार्यपालन अभियंता जोन 5 से जोन 6, दिनेश कुमार सिन्हा कार्यपालन अभियंता जोन 6 से जोन 10 और गजाराम कंवर को जोन 10 से नगर निगम मुख्यालय की उद्यान शाखा में नई पदस्थापना दी गई है।

### सहायक अभियंताओं की यहां पोस्टिंग

निगम के सहायक अभियंता स्तर के अधिकारियों को भी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। शत्रुहन देशलहरे एई जोन 7 से जोन 8 भेजे गए हैं। इसी तरह जोन क्रमांक 4 में पदस्थ दीपक देवांगन को स्थानांतरित कर प्रभारी कार्यपालन अभियंता के रूप में मुख्यालय लाया गया है। वे योजना शाखा, 15वें वित्त आयोग और लोककर्म विभाग का प्रभार देखेंगे। इसी तरह संदीप तिवारी एई को मुख्यालय से जोन 4 भेजा गया है। संस्कार शर्मा एई मुख्यालय से महापौर कार्यालय, 15वें वित्त आयोग और उद्यान शाखा में पदस्थ किए गए हैं।

### उप-अभियंताओं के दायित्वों में फेरबदल

क्षेत्रीय विकास और प्रशासनिक कार्यों को गति देने के लिए निगम प्रशासन ने उप अभियंताओं के दायित्वों में फेरबदल किया है। इसके तहत वसीम खान को जोन 10 से प्रभारी सहायक अभियंता स्वच्छ भारत मिशन बनाया गया है। अर्जिता दीवान को मुख्यालय से स्थानांतरित कर प्रभारी सहायक अभियंता जोन 7 की जिम्मेदारी दी गई है। जबकि योगेंद्र साहू जोन 8 से मुख्यालय की योजना शाखा, 15वें वित्त और लोककर्म विभाग में पदस्थ किया गया है।

# महंगाई-यूपीआई शुल्क के विरोध में शहर कांग्रेस ने किया जनसंपर्क

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

बढ़ती महंगाई और यूपीआई भुगतान पर प्रस्तावित एमडीआर शुल्क के विरोध में शहर जिला कांग्रेस कमेटी ने सोमवार को जनसंपर्क अभियान चलाया। शहर कांग्रेस अध्यक्ष श्रीकुमार शंकर मेनन के नेतृत्व में कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने महालक्ष्मी मार्केट, पुराना बाजार, पंडरी मार्ग, देवेंद्र नगर चौक और आसपास के व्यापारिक क्षेत्रों में पहुंचकर व्यापारियों और आम नागरिकों से उनकी समस्याएं जानीं। कांग्रेसी करीब तीन घंटे तक जनसंपर्क और प्रदर्शन करते रहे।

इस दौरान कांग्रेस नेताओं ने दाल, चावल, शक्कर, प्याज, खाद्य तेल और गैस सिलेंडर सहित रोजमर्रा की आवश्यक वस्तुओं की कीमतों को लेकर नागरिकों से चर्चा की। व्यापारियों से महंगाई का कारोबार पर पड़ रहे असर और डिजिटल भुगतान पर एमडीआर शुल्क के मुद्दे पर भी उनकी राय ली गई। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ता गैस सिलेंडर को बांस-बल्लियों में लटकाकर पदयात्रा करते नजर आए। इस दौरान केंद्र की मोदी सरकार और छत्तीसगढ़ की साय सरकार के खिलाफ नारेबाजी की गई। कांग्रेस ने महंगाई पर नियंत्रण के साथ यूपीआई भुगतान पर किसी भी प्रकार का अतिरिक्त शुल्क लगाने की नीति वापस लेने की मांग की।

### कांग्रेस करेगी व्यापक आंदोलन



शहर कांग्रेस अध्यक्ष श्रीकुमार शंकर मेनन ने आरोप लगाया कि सरकार महंगाई से राहत देने के लिए प्रभावी कदम नहीं उठा रही है। उन्होंने कहा कि त्योहारों के पहले आवश्यक वस्तुओं और गैस सिलेंडर के दाम बढ़ने से आम परिवारों का बजट प्रभावित हुआ है। मेनन ने कहा कि कांग्रेस जनता और व्यापारियों की समस्याओं को सरकार तक पहुंचाती रहेगी। उन्होंने चेतावनी दी कि महंगाई पर नियंत्रण के लिए प्रभावी कदम नहीं उठाए गए तो शहर कांग्रेस आंदोलन को और व्यापक करेगी।

### आवश्यक वस्तुओं की कीमतों पर नियंत्रण करने कदम उठाए

पूर्व विधायक कुलदीप जुनेजा ने आरोप लगाया कि चुनाव के दौरान भाजपा द्वारा सस्ती शक्कर, सस्ता राशन और कम कीमत पर गैस सिलेंडर उपलब्ध कराने के वादे किए गए थे, लेकिन अब आम जनता महंगाई से परेशान है। कांग्रेस नेताओं ने कहा, सरकार को आवश्यक वस्तुओं की कीमतों पर नियंत्रण के लिए तत्काल कदम उठाने चाहिए।

### प्रदर्शन में ये हुए शामिल

प्रदर्शन में राकेश धोत्रे, अविनय दुबे, दीपा बग्गा, सुनील भुवाल, दीपक चौबे, कमल घितलहरे, मिलिंद गौतम, सुजीत सिंह, ओम श्रीवास, सुरेश धीवर, विनोद सिंह ठाकुर, अर्जुमन ढेबर, हिरेंद्र देवांगन, विजय टंडन, सौरभ तिवारी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन मौजूद रहे।



### सहयोग केंद्र में कैबिनेट मंत्री गुरु खुशवंत ने किया संवाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यालय में संचालित 'सहयोग केंद्र' में सोमवार को प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री गुरु खुशवंत साहेब उपस्थित रहे। सहयोग केंद्र में प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों से आए 150 से अधिक कार्यकर्ताओं ने अपनी समस्याएं, शिकायतें और मांगपत्र कैबिनेट मंत्री के समक्ष रखे। मंत्री गुरु खुशवंत साहेब ने सभी आवेदकों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना। कई मामलों में उन्होंने संबंधित विभागीय अधिकारियों को फोन पर तत्काल आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए, वहीं नीतिगत एवं प्रक्रियाधीन मामलों के शीघ्र समाधान का भरोसा दिया। इस अवसर पर उन्होंने कहा, भाजपा सरकार जनता की सेवा और सुशासन के संकल्प के साथ कार्य कर रही है। सहयोग केंद्र का मुख्य उद्देश्य आम जनता और शासन के बीच सेतु का कार्य करना है, ताकि अंतिम पंक्ति के व्यक्ति की समस्याओं का पारदर्शी और समयबद्ध समाधान हो सके।

# एसआईआर के बाद फिर घर-घर पहुंचेंगे बीएलओ 19.13 लाख मतदाताओं के पते का होगा सत्यापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

देशभर में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण यानी एसआईआर को लेकर चुनाव आयोग की भूमिका पर राजनीतिक बहस तेज है। इसी बीच छत्तीसगढ़ में एसआईआर के दौरान छूटे या सत्यापन के समय अनुपस्थित मिले मतदाताओं को लेकर निर्वाचन तंत्र ने दोबारा मैदानी सत्यापन की तैयारी शुरू कर दी है। करीब 19.13 लाख मतदाताओं की जानकारी जुटाने के लिए बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) फिर घर-घर पहुंचेंगे। इस अभियान में खासतौर पर ऐसे मतदाता शामिल होंगे, जो एसआईआर के दौरान अपने पते पर नहीं मिले थे या जिनके बारे में दूसरे स्थान पर चले जाने की जानकारी सामने आई थी। बीएलओ दोबारा संबंधित पते पर पहुंचकर यह पता लगाएंगे कि मतदाता वास्तव में वहां रह रहा है, कहीं अन्य स्थान पर स्थानांतरित हो चुका है या उसकी स्थिति में कोई अन्य बदलाव हुआ है। हालांकि इस संबंध में निर्वाचन आयोग ने कोई तिथि तय नहीं की है, लेकिन यह कार्य जल्द शुरू होने की संभावना जताई है।



### पुरानी और नई सूची का होगा मिलान

इस प्रक्रिया का एक महत्वपूर्ण हिस्सा पुरानी और वर्तमान मतदाता सूची का मिलान भी होगा। जिन लोगों के नाम पहले की सूची में थे, लेकिन मौजूदा सूची में नहीं दिखाई दे रहे हैं, उनकी भी जानकारी जुटाई जाएगी। जिला स्तर पर एसआईआर के दौरान अनुपस्थित, स्थानांतरित, मृत, दोहरी प्रविष्टि या अन्य कारणों से सत्यापन नहीं हो पाने वाले मतदाताओं की सूचियां भी जारी की जा रही हैं।

### 24.99 लाख मतदाताओं के नाम कटे

*उल्लेखनीय है कि एसआईआर के दौरान छत्तीसगढ़ में बड़ी संख्या में मतदाताओं के नाम सूची से कट गए थे। एसआईआर के बाद करीब 24.99 लाख मतदाताओं के नाम काटे गए थे। इनमें 6 लाख से ज्यादा मतदाता मृत पाए गए थे। अब अनुपस्थित और स्थानांतरित पाए गए लोगों के घर बीएलओ के दोबारा पहुंचने से मतदाता सूची को लेकर स्थिति और साफ होने की उम्मीद है। इस प्रक्रिया के जरिए यह भी सुनिश्चित किया जाएगा कि पात्र मतदाताओं के नाम सूची में बने रहें और गलत या अपात्र नामों की पहचान हो सके।*

### -: आम सूचना :-

वाके मौजा मठपुरैना, प.ह.नं.-61, रा.नि.मं.- रायपुर-14 बोरियाखुर्द, तहसील व जिला-रायपुर (छ.ग.) स्थित भूमि जिसका खसरा नंबर-202/430, रकबा-2052 वर्गफुट भूमि के संबंध में।

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने विक्रेता भू-स्वामी अनवर अली पिता जलालुद्दीन, पता-कोदवा, जिला-बेमेतरा (छ.ग.) के आधिपत्य की भूमि जो कि वाके मौजा मठपुरैना, प.ह.नं.- 61, रा.नि.मं.- रायपुर-14 बोरियाखुर्द, तहसील जिला-रायपुर (छ.ग.) स्थित भूमि जिसका खसरा नंबर-202/430, रकबा-2052 वर्गफुट भूमि को क्रय करने का पक्का सौदा तय कर विक्रय इकरारनामा का निष्पादन कर चुका है जिसका मात्र बैनामा पंजीयन की कार्यवाही शेष है।

अतः उपरोक्त संव्यवहार के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, निकाय, शासकीय, अर्द्धशासकीय आदि को किसी भी प्रकार से कोई उजर, दावा, आपत्ति हो तो मेरे उपरोक्त पते पर 15 दिनों के भीतर अपना दावा, आपत्ति मय दस्तावेज प्रस्तुत करें। बाद म्याद किया गया दावा आपत्ति शून्य माना जावेगा तथा मेरा पक्षकार उक्त भूमि का बैनामा पंजीयन करा लेवेगा।

रायपुर छ.ग.
दिनांक-05.10.2026

**भवदीय**
**चन्द्रिका पटेल, एन.के. पटेल,**
**अधिवक्तागण**
**शिव नगर, न्यू चंगोराभाठा, रायपुर (छ.ग.)**
**मो.नं. : 7415686100, 8639776978**

### आम सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण संबंधित व्यक्तियों संभावित क्रेताओं एवं उक्त भूमि से किसी भी प्रकार का हित रखने वाले व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकारगण श्री केवलराम साहू पिता कपिलनाथ साहू वगैरह निवासी कागदेही, रायपुर तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) के प्रदत्त अधिकारों के तहत वाके मौजा कागदेही, प.ह.नं.-16, रा.नि.मं. समोदा तहसील आरंग जिला रायपुर छ.ग. में स्थित खसरा नंबर 282, 412, 413, 482, 639, 641, 645, 647, 6489, 715, 717, 726, 902, 983, 1005, 1454, 1532, 1533, 1541, 1585, 1711, रकबा क्रमशः 0.1700, 0.1300, 0.1300, 0.2400, 0.0900, 0.0800, 0.2400, 0.0700, 0.1600, 0.1000, 0.0300, 0.0600, 0.0400, 0.0400, 0.0400, 0.0800, 0.1100, 0.2300, 0.1900, 0.2300, 0.2000 हे. कुल खसरा 21 कुल रकबा 2.600 हे. धारित की जाती है उपरोक्त खसरा माननीय सत्र न्यायालय में लंबित है। उक्त भूमि / खसरो के संबंध में प्रकरण न्यायालय में निराकरण हेतु विचाराधीन / लंबित है। जिसके कारण उक्त भूमि के स्वत्व एवं अधिकार हित संबंधी विषय न्यायिक विचाराधीन है अतः सर्वसाधरण को विशेष रूप से सूचित किया जाता है कि उक्त विवादित भूमियों एवं खसरों के संबंध में कोई भी व्यक्ति किसी भी प्रकार का क्रय-विक्रय, अनुबंध, दान, बंधक, पत्ता, हकत्याग, हस्तांतरण, कब्जा हस्तांतरण, पॉवर ऑफ अटर्टानी अथवा किसी प्रकार का लेन-देन या तृतीय पक्ष का अधिकार / हित सृजित न करे और न ही किसी प्रकार का दस्तावेज निष्पादित / पंजीकृत कराएं।

यदि किसी व्यक्ति के द्वारा उक्त लंबित न्यायिक विवाद की जानकारी होने के बावजूद उपरोक्त भूमि के संबंध में किसी प्रकार का लेन-देन अथवा तृतीय पक्ष का हित सृजित किया जाता है तो ऐसा कार्य ऐसे व्यक्ति के स्वंय के जोखिम एवं उत्तरदायित्व पर होगा तथा मेरे पक्षकार ऐसे लेन-देन / दस्तावेज के विरूद्ध सक्षम न्यायालय के समक्ष उचित दीवानी एवं अन्य वैधनिक कार्यवाही करने के लिए स्वतंत्र होंगे। ऐसी कार्यवाही में होने वाले समस्त व्यय, क्षति एवं परिणाम के लिए संबंधित व्यक्ति स्वयं उत्तरदायी होंगे।

सो सूचना जाने।
रायपुर (छ.ग.)
दिनांक- 05.10.2026

**भवदीय**
**सरिता सिंग, अधिवक्ता**
**पता आफिस नंबर 41, प्रथम तल,**
**जवाहर मार्केट, रायपुर (छ.ग.)**
**मो.नं. -9009935988 / 8839813438**

### आम सूचना

**"मकान/ भूखंड क्र. एल आई जी -06, खसरा क्र. 27 और 28/1 का भाग, रकबा - 1787.24 वर्ग फुट अथवा 166.10 वर्ग मीटर है जो कि, हाउसिंग बोर्ड की कटोरा तालाब योजना, ग्राम टिकरापारा, प.ह.न. - 114, रा.नि.म. -रायपुर-2, तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) में स्थित है,"** के सम्बंध में आम सूचना -

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त वर्णित संपत्ति वर्तमान में मेरे पक्षकार श्रीमती सपना थावानी पति धरमवीर थावानी के स्वत्व व आधिपत्य की संपत्ति है, उक्त संपत्ति से संबन्धित पूर्व का एक अनुबंध (पट्टा विलेख) व एक विक्रय विलेख जिनका निष्पादन मध्य प्रदेश गृह निर्माण मण्डल भोपाल द्वारा पूर्व स्वामी तुलसी दास पिता राम दास के पक्ष में किया गया था, तथा जो निम्नानुसार पंजीकृत किए गए थे:-

1. अनुबंध जिसका पंजीयन दिनांक 04.08.1990 को पुस्तक क्र. - अति- 1, ग्रंथ क्र. - 14076 में दस्तावेज क्रमांक-7261 देकर उप पंजीयक कार्यालय, रायपुर में किया गया था।
2. विक्रय विलेख जिसका पंजीयन दिनांक 04.08.1990 को पुस्तक क्र. - अति- 1, ग्रंथ क्र. - 14076 में दस्तावेज क्रमांक-7260 देकर उप पंजीयक कार्यालय, रायपुर में किया गया था।

आज दिनांक को गुम हो जाने की पूर्ण संभावना है और इसके संबंध में पुलिस थाना सिविल लाइन, रायपुर के समक्ष दिनांक 01.10.2026 को सूचना दी गई है।

अतः यदि उपरोक्त गुम मूल विक्रय विलेख के द्वारा किसी भी प्रकार का कोई भी संव्यवहार अवैधानिक तरीके से कूट रचना कर अनुचित लाभ प्राप्त करने हेतु किसी भी व्यक्ति, व्यक्ति समूह, संस्था, समिति अथवा किसी संवैधानिक व्यक्ति इत्यादि द्वारा किया जाता है, अथवा किया गया है तो वह आपराधिक कृत्य की श्रेणी में आवेगा। यदि ऐसे किसी संव्यवहार से किसी भी व्यक्ति, व्यक्ति समूह, संस्था, समिति अथवा किसी संवैधानिक व्यक्ति इत्यादि को हानि पहुंची हो अथवा कोई दावा आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 15 (पंद्रह) दिवस के भीतर मेरे निम्नलिखित पते पर मय दस्तावेज आपत्ति प्रस्तुत करें। उक्त समयावधि के पश्चात प्रस्तुत आपत्ति अवैध तथा शून्य मानी जावेगी तथा मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगी व वह जैसा चाहे उस रूप में अन्यथा अंतरण करने हेतु स्वतंत्र होवेगा । सो सूचना जाने ।

स्थान- रायपुर
दिनांक – 05.10.2026

**मनीष मल्होत्रा, अधिवक्ता**
**जी - 7, सेक्टर-1, अवन्ती विहार, रायपुर छ.ग.**
**9826628916**

### न्यायालय नायब तहसीलदार रायपुर व जिला रायपुर (छ.ग.)

**// ईश्तहार //**

रा.प्र.क्र./ ..... / अ-6(अ)/ 2025-26
रायपुर, दिनांक 30/09/2026
ग्राम- टिकरापारा, प.ह.नं.- 70

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक **श्रीमती पुष्पा चन्द्रा पति हरि प्रसाद चन्द्रा पता कमल विहार रायपुर (छ:ग)** के द्वारा आवेदन-पत्र वास्ते अभिलेख दुरुस्ती/बी-1 ऑनलाईन किए जाने बाबत प्रस्तुत किया गया है। जिसके अनुसार ग्राम टिकरापारा प.ह.नं. 70 रा.नि.मं. रायपुर तहसील व जिला रायपुर स्थित भूमि खसरा नंबर 532/20 रकबा 0.0180 हे. 1995 वर्गफुट हे./ वर्गफुट भूमि आवेदक के नाम पर मैनुअल रिकॉर्ड में दर्ज है। जिसे आवेदक के द्वारा ऑनलाईन भुईया रिकॉर्ड में अपने नाम पर दर्ज किए जाने का निवेदन किया गया है।

अतः आवेदक द्वारा प्रस्तुत आवेदन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति/ संस्था को दावा/ आपत्ति प्रस्तुत करना हो वे नियत सुनवाई दिनांक 16/10/2026 को स्वतः अथवा वैध प्रतिनिधि के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर दावा/ आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर न्यायालय द्वारा विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 30/09/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर

**नायब तहसीलदार**
**रायपुर (छ.ग.)**













विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### जुनून मेलोडी म्यूजिकल ग्रुप ने संजय का किया सम्मान

**रायपुर।** जुनून मेलोडी म्यूजिकल ग्रुप द्वारा एक कार्यक्रम के दौरान संजय सिंह को उनकी विशिष्ट उपलब्धियों, समाजसेवा या कला के क्षेत्र में योगदान के लिए सम्मानित किया गया है। उन्होंने "सुरमई अंखियों में नन्हा-मुन्ना इक सपना दे जा रे" जैसी भावपूर्ण लोरी गाकर सभागार में बैठे दर्शकों का मन मोह लिया। श्री सिंह को अब तक किशोर कुमार की आवाज़ में गाते हुए दर्शकों ने खूब सुना है, लेकिन इस बार जुनून की टीम ने उन्हें एक नए और अलग अंदाज़ में प्रस्तुत किया। उन्होंने उदित नारायण, येसुदास, हरिहरन और बप्पी लाहिड़ी जैसे दिग्गज गायकों की शैली को भी खूबसूरती से निभाया। श्रीदेवी, माधुरी दीक्षित के गीतों पे अधारित कार्यक्रम किया गया था। पंचमी सेंद्रे, सुमन, जानकी कश्यप, शालिनी मिश्रा, पल्लवी राव ने भी अपनी प्रस्तुति दी।

### कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन का जिला स्तर पर संगठन विस्तार

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन ने संगठन को जिला और ब्लॉक स्तर तक मजबूत एवं सक्रिय बनाने की कवायद शुरू कर दी है। फेडरेशन की प्रांतीय बैठक में जिला संयोजकों के चयन और इसके बाद ब्लॉक स्तर पर संगठनात्मक टीम के गठन का निर्णय लिया गया था। इसी कड़ी में प्रदेश के सभी जिलों के लिए वरिष्ठ पदाधिकारियों को पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया है। फेडरेशन के प्रांतीय संयोजक कमल वर्मा ने बताया कि नियुक्त पर्यवेक्षकों की मौजूदगी में संबंधित जिलों में फेडरेशन से संबद्ध सभी संगठनों के जिला अध्यक्षों की बैठक आयोजित की जाएगी। इसमें जिला संयोजकों के चयन की प्रक्रिया पूरी होगी। इसके बाद जिला संयोजक अपनी टीम का गठन करेंगे और इसी प्रक्रिया के तहत ब्लॉक संयोजकों की नियुक्ति की जाएगी। फेडरेशन ने सभी जिला पर्यवेक्षकों को अपने-अपने प्रभार वाले जिलों में बैठक आयोजित कर 30 अक्टूबर तक जिला संयोजक के चयन की प्रक्रिया अनिवार्य रूप से पूरी करने के निर्देश दिए हैं।

### अंबे बने युवा धोबी समाज के प्रदेशाध्यक्ष

**रायपुर।** रायपुरा महादेवघाट, चंगोराभाठा निवासी अंबे बाघमार को धोबी समाज का युवा प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया गया है।



यह जानकारी समाज के मुख्य प्रादेशिक प्रवक्ता गंगा निर्मलकर ने देते हुए बताया कि यह नियुक्ति राष्ट्रीय अध्यक्ष कृष्ण कुमार कनौजिया एवं राष्ट्रीय सलाहकार राजेंद्र आहेर के निर्देशानुसार युवाओं की मांग पर प्रदेश अध्यक्ष सूरज निर्मलकर ने की है। उन्हें पूरे प्रदेश में समाज के युवाओं का टीम तैयार करने के लिए निर्देशित किया गया है।

## निधन

### संतोष कुमार उपाध्याय

**रायपुर।** शैलेंद्र नगर निवासी संतोष कुमार उपाध्याय का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 5 अक्टूबर को मारवाड़ी श्मशानघाट में किया गया। वे धीरज और निखिल उपाध्याय के पिता थे।



### जगदीश प्रसाद साहू

**रायपुर।** सतनाम भवन तेलीबांधा निवासी जगदीश प्रसाद साहू का 4 अक्टूबर को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 5 अक्टूबर को तेलीबांधा मुक्तिधाम में किया गया। वे सुनील कुमार साहू के पिता थे।



# नए मेडिकल कालेजों को मिलेंगे 50-50 एफएमजी डॉक्टर, इंटर्नशिप के लिए 14 तक अर्जी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

दूसरे देशों से एमबीबीएस की पढ़ाई कर लौटे डाक्टरों को राज्य के सरकारी और निजी मेडिकल कालेजों में इंटर्नशिप का मौका दिया जाएगा। राज्य में इसके लिए 1500 सीटें हैं, जिसमें इस साल खुले पांचों मेडिकल कालेज में 50-50 सीटें हैं। एक वर्षीय पाठ्यक्रम के दौरान इन डाक्टरों स्थानीय स्तर उपचार की सीख मिलेगी।

खास खबर

चिकित्सा शिक्षा विभाग ने इंटर्नशिप एवं क्लर्कशिप के लिए काउंसिलिंग में शामिल होने वाले फॉरेन मेडिकल ग्रेजुएट (एफएमजी) के लिए पात्र अभ्यर्थियों के पंजीयन की तारीख तय की है। 6 से 14 अक्टूबर तक इसकी प्रक्रिया पूरी की जाएगी और शेड्यूल के आधार पर आगे की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। राज्य के 15 शासकीय और 6 निजी चिकित्सा महाविद्यालयों में इसके लिए कुल डेढ़ हजार सीटें तय की गई हैं।

### शासकीय और निजी मेडिकल कालेजों में 15 सौ सीटें, एक वर्ष का होगा कोर्स



#### दूसरे राज्यों के छात्रों को 26 हजार रुपए शुल्क देना होगा

इनमें इसी साल शुरू हुए जशपुर, दंतेवाड़ा, कबीरधाम, जांजगीर-चांपा एवं मनेंद्रगढ़ के चिकित्सा महाविद्यालयों में 50-50 तथा निजी मेडिकल कालेज पचेड़ा में 150 सीटें तय की गई हैं। रायपुर, बिलासपुर, जगदलपुर, राजनांदगांव, कांकेर एवं अंबिकापुर में इनके लिए एक से दस सीटें तय हैं, जबकि शेष में 50 से 186 सीटें तय की जाएंगी। काउंसिलिंग में शामिल होने वाले राज्य के एफएमजी डाक्टरों को इसके लिए 11 और दूसरे राज्यों के छात्रों को 26 हजार रुपए शुल्क देना होगा।

### निगम के बाजार विभाग ने लीज की शर्तों और प्रक्रियाओं की फाइलें खंगालनी शुरू कीं

# लीज खत्म, 500 दुकान-संस्थानों को नोटिस, नगर निगम ने मांगे दस्तावेज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर नगर निगम क्षेत्र में लीज अवधि समाप्त हो चुकी संपत्तियों का नवीनीकरण कराने नगर निगम के बाजार विभाग ने शहर के अलग-अलग लोकेशन पर स्थित करीब 500 दुकानों और व्यावसायिक परिसर के दुकान संचालकों को नोटिस भेजकर दस्तावेज की कॉपी उपलब्ध कराने 7 दिन की समयसीमा दी है। इसमें 10 साल से लेकर 30 साल तक की अवधि के लिए दी गई लीज संबंधी प्रॉपर्टी शामिल है।

हरिभूमि सरोकार

शहर में अलग-अलग योजनाओं के अंतर्गत निर्मित 91 खाली पड़ी दुकानों को 30 साल की लीज पर दिए जाने अंतिम बार टेंडर कर दिया है। इसके बाद भी यदि संबंधित दुकानें लीज पर नहीं उठतीं तो इसे शासन के गाइडलाइन अनुसार किराए पर देने की प्रक्रिया अपनाई जाएगी, ताकि शहर में जर्जर हो रही खाली पड़ी दुकानों के मेंटेनेंस और बिजली तथा सफाई संबंधी खर्च निकाला जा सके।

### 10 साल से लेकर 30 साल की समयसीमा के लिए दी थी लीज समय पूरा होने के बाद कलेक्टर गाइडलाइन से गणना




#### भेज रहे नोटिस

शहरभर में नगर निगम की जिन संपत्तियों के लीज की अवधि समाप्त हो चुकी है, उनके लिए लीज नवीनीकरण का आदेश जारी किया गया है, यह प्रक्रिया निगम के राजस्व विभाग में चल रही है। संबंधित लीज होल्डर्स से इस संबंध में दस्तावेजों की कॉपी मांगी गई है, एमआईसी की बैठक में भी यह प्रस्ताव लाया जाएगा। इसके अलावा शहर में 91 दुकानें ऐसी है, जो टेंडर के बाद भी वर्षों से खाली पड़ी है, उन्हें 30 साल की लीज पर देने शासन की गाइडलाइन के हिसाब से टेंडर किया जाएगा।

*- डॉ. अंजलि शर्मा, उपायुक्त राजस्व, ननि रायपुर*

#### लीज की अवधि खत्म, दुकानदारों को नोटिस, दस्तावेज मांग रहे

रायपुर नगर निगम की शहर में ऐसी प्रापर्टी जो 30 साल के लिए लीज पर दी गई थी और जिनकी लीज अवधि समाप्त हो रही है, उन प्रॉपर्टी का आवंटितियों को लीज नवीनीकरण कराना होगा। इनमें नगर निगम की दुकानें और व्यावसायिक परिसर शामिल हैं। नगर निगम अपने व्यवसायिक परिसरों की दुकानों की रजिस्ट्री लीज आधार पर करता है। जिन लीज होल्डर संपत्तियों की अवधि समाप्त हो चुकी है, उनके लिए नवीनीकरण का आदेश जारी हुआ है। यह प्रक्रिया नगर निगम के राजस्व विभाग में इन दिनों चल रही है। इनमें राजधानी के जीई रोड स्थित शहीद स्मारक परिसर की 150 दुकानों में से 45 दुकानें ऐसी हैं, जिनकी 30 साल की लीज अवधि समाप्त हो चुकी है। इसी तरह गांधी मैदान के सामने कांजी हाउस परिसर की 10 दुकानें, जयस्तंभ चौक के पास 4 दुकानें, निवेदिता कन्या विद्यालय गंजपारा परिसर स्थित नगर निगम की 25 दुकानें और नगर निगम के नजूल एरिया की दुकानें शामिल हैं, जिनकी लीज अवधि समाप्त हो चुकी है।

#### 10 साल की लीज अवधि पर ये दुकानें

बाजार विभाग के अधिकारियों के मुताबिक, नगर निगम द्वारा 10 साल की लीज पर जिन दुकानों को वर्षों पहले आवंटित किया गया, उनकी लीज की अवधि पूरी होने के बाद संबंधित दुकानदारों को लीज नवीनीकरण कराने नोटिस जारी किया जा रहा है। सप्ताह भर के अंदर संबंधित दुकानदारों को दुकानों के दस्तावेज मांगे गए हैं। जिनके आधार पर यह यह जानकारी सामने आएगी कि संबंधित प्रॉपर्टी का वर्तमान में आवंटी कौन है, कहीं उसने दूसरे को दुकान बेच तो नहीं दी, या संबंधित की मृत्यु के बाद वर्तमान मे दुकान किसके काबिज में है, इन सब बातों की पड़ताल करने करीब 500 दुकानों के लीज संबंधी दस्तावेज मंगाए गए हैं। 10 साल की लीज अवधि पूरी होने वाली दुकानों पर कालीबाड़ी चौक स्थित नगर निगम की 60 दुकानें, मोतीबाग चौक की 35 दुकानें, कटोरा तालाब क्षेत्र स्थित 35 दुकानें, पंडरी के पुराने बस स्टैंड क्षेत्र 60 दुकानें शामिल हैं। इसके अलावा फाफाडीह इलाके की 50 दुकानें, खमतराई क्षेत्र स्थित 15 दुकानें और डगनिया बाजार चौक की 15 दुकानें इनमें शामिल हैं।

#### किराया बढ़ेगा प्रीमियम की राशि पर असर

अचल संपत्ति व्यय अधिनियम 2026 के नए नियम लागू होने के बाद नगर निगम के शहर में अलग-अलग लोकेशन पर स्थित लीज पर दी गई प्रापर्टी के नवीनीकरण कराने पर संबंधित दुकान व व्यवसायिक परिसर का किराया बढ़ेगा, यही नहीं प्रीमियम पर इसका असर आने वाले दिनों में देखने को मिल सकता है। यानी लीज नवीनीकरण की प्रक्रिया में कलेक्टर गाइड लाइन हिसाब से संबंधित दुकान या व्यवसायिक परिसर की क्षेत्रफल हिसाब से नए सिरे गणना की जाएगी। गणना उपरांत जो भी वेल्यू आएगी उसका 0.50 फीसदी वार्षिक किराया होगा।

# प्रिंस ढाबा तोड़ने पहुंचा राजस्व अमला बैरंग लौटा

दो युवकों ने खुद पर पेट्रोल उड़ेलकर आग लगाने का किया प्रयास



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

विधानसभा रोड पर संचालित प्रिंस ढाबा तोड़ने सोमवार को पुलिस के दल-बल के साथ पहुंचे राजस्व विभाग के अमले को बैरंग लौटना पड़ा। ढाबा के संचालक और उसके रिश्तेदारों ने इस कार्रवाई के विरोध में जमकर हंगामा किया। ढाबा संचालक के दो रिश्तेदारों ने तो अपने ऊपर पेट्रोल उड़ेलकर खुद को आग लगाने का भी प्रयास किया। मौके पर मौजूद पुलिस बल ने दोनों को आग लगाने से पहले पकड़ लिया और पानी डालकर उन्हें समझाइश दी। इस हंगामे के बीच राजस्व विभाग की टीम को कार्रवाई किए बिना वापस लौटना पड़ा। हालांकि इस मामले में तहसीलदार राममूर्ति दीवान ने बताया कि हाईकोर्ट के आदेश के तहत इस मामले में एसडीएम कोर्ट ने आदेश जारी किया है, जिसके आधार पर कार्रवाई करने टीम पहुंची थी। इधर दूसरी ओर यह भी पता चला है कि ढाबा संचालक ने सीमांकन पर आपत्ति जताते हुए एसडीएम के आदेश के खिलाफ संभागायुक्त कोर्ट में आवेदन लगाया है, जिस पर सुनवाई होनी बाकी है। प्रिंस ढाबा जिस जमीन पर बना है, उसे लेकर एक पक्ष ने तहसीलदार रायपुर के समक्ष शिकायत की है। शिकायत के बाद इस मामले में जांच करते हुए वर्ष 2018 में जमीन का सीमांकन कराया गया था।

#### संभागायुक्त ने मांगे हैं दस्तावेज

आदेश के तहत कार्रवाई करने पहुंचे थे। संभागायुक्त ने इस मामले में सारे दस्तावेज मांगे हैं। मंगलवार को दस्तावेज उपलब्ध कराए जाएंगे। इसके बाद जो निर्देश मिलेंगे, उसी के तहत आगे कार्रवाई की जाएगी।

*- राममूर्ति दीवान, तहसीलदार, रायपुर*

#### आग लगाने से पहले ही पानी डालकर बचाया

कार्रवाई को रोकने ढाबा संचालक के दो रिश्तेदारों ने अपने ऊपर पेट्रोल उड़ेल कर आग लगाने का भी प्रयास किया। मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों ने दोनों को तत्काल पकड़कर उन पर पानी उड़ेलकर उन्हें समझाइश दी। इधर इस हंगामे के दौरान छग सिख समाज के अध्यक्ष सुखबीर सिंह सिंघोत्रा समेत अन्य पदाधिकारी भी पहुंचे थे, जिनके द्वारा राजस्व अधिकारियों को जानकारी दी कि संभागायुक्त के समक्ष सीमांकन को लेकर ढाबा संचालक ने आवेदन किया है, जिस पर 12 तारीख को सुनवाई होनी है। ऐसे में सुनवाई से पहले कार्रवाई करना गलत है। उन्होंने यह भी बताया कि सीमांकन कराने का नियम है कि जमीन का सीमांकन किया जाता है, उस दौरान उससे लगी जमीन के मालिकों को भी बुलाया जाता है, लेकिन इस मामले में ऐसा नहीं हुआ है। इसकी शिकायत ढाबा संचालक ने की है। उन्होंने तहसीलदार से मांग है कि दोबारा इस जमीन का सीमांकन पारदर्शिता के साथ किया जाए। इसके बाद ही नियम के तहत कार्रवाई की जाए।

पेज 11 के शेष ...

### फिरौती मामले में...

हो गया। पतासाजी के बाद भी आरोपी की गिरफ्तारी नहीं होने पर पुलिस ने उसे पकड़वाने पर ईनाम की घोषणा की है।

### छात्रों की ऐसी ...

और ऑनलाइन मोड के इयरली बेस्ड (वार्षिक) कोर्सेज (जैसे - बीए, बीकॉम, एमए, एमकॉम आदि) पर लागू है। सेमेस्टर आधारित और सर्टिफिकेट कोर्सेज के एडमिशन पहले ही बंद हो चुके हैं। छात्र बिना किसी लेट फीस के इग्नू के समर्थ पोर्टल पर जाकर 13 अक्टूबर तक नया रजिस्ट्रेशन पूरा कर सकते हैं।

***जानिए... कब-कब बढ़ाई गई तिथि:*** ■ शुरुआती तारीखः जुलाई सत्र के लिए नए एडमिशन 25 मई से शुरू हुए थे, जिसकी प्रारंभिक अंतिम तिथि 15 जुलाई 2026 तय की गई थी। ■ पहली बारः इसे 15 जुलाई से बढ़ाकर 31 जुलाई किया गया। ■ दूसरी बारः 31 जुलाई से बढ़ाकर 16 अगस्त किया गया। ■ तीसरी बारः 16 अगस्त से बढ़ाकर 31 अगस्त किया गया। ■ चौथी बारः 31 अगस्त से बढ़ाकर 30 सितंबर किया गया। ■ पांचवीं बारः नवीन आदेश के जरिए इसे एक बार फिर बढ़ाकर 13 अक्टूबर 2026 कर दिया गया है।

***प्राध्यापक बनने आवेदन 10 तक :*** इंदिरा गांधी नेशनल ओपन यूनिवर्सिटी (इग्नू) ने सीधी भर्ती अभियान के तहत अपने अलग-अलग स्कूल ऑफ स्टडीज में प्रोफेसर, एसोसिएट प्रोफेसर और असिस्टेंट प्रोफेसर के 43 टीचिंग पदों के लिए बीते दिनों विज्ञापन जारी किया था। इग्नू की ओर से जारी 43 रिक्तियों में प्रोफेसर के 21, एसोसिएट प्रोफेसर के 16 और असिस्टेंट प्रोफेसर के 6 पद शामिल हैं। इन सभी पोस्ट के लिए ऑनलाइन माध्यम से आवेदन प्रक्रिया 20 सितंबर से जारी है और अप्लाई करने की अंतिम तिथि 10 अक्टूबर तक तय की गई है। एप्लीकेशन फॉर्म भरने के इच्छुक उम्मीदवार इग्नू की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर तय अंतिम तिथि तक या उससे पहले अपनी रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया पूरी कर सकते हैं।

### एयरपोर्ट पर अब ...

प्रबंधन ने करीब सालभर पहले इस सुविधा को लेने से इंकार कर दिया था। इसके बाद एयरपोर्ट पर सुयश हास्पिटल की चिकित्सकीय टीम को जिम्मेदारी दी गई। चिकित्सकीय टीम ने कई यात्रियों को इमरजेंसी चिकित्सकीय सेवा उपलब्ध कराकर अप्रिय घटनाओं को टाला।

अब विमानतल पर यात्रियों के सेहत की जिम्मेदारी इट्सा हास्पिटल को दी गई है। यात्री सेवा के अंतर्गत हास्पिटल का चिकित्सकीय स्टाफ वहां प्राथमिक चिकित्सा सुविधा प्रदान करेगा। इस सुविधा की शुरुआत एयरपोर्ट के प्रभारी डायरेक्टर केके लहरे एवं हास्पिटल के सीईओ सूरज प्रकाश त्रिपाठी ने की। इस व्यवस्था के अंतर्गत यात्रियों को बुनियादी चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराई जाएगी, इसके लिए चिकित्सा सहायता कक्ष एराइवल हॉल में स्थापित किया गया है।

### मो. आरिफ होंगे...

कर चुके हैं। इससे पूर्व वे बागडोगरा एयरपोर्ट तथा कोयम्बटूर इंटरनेशनल एयरपोर्ट के डायरेक्टर के रूप में अपनी सेवाएं दे चुके हैं। माना जा रहा है कि यात्री सुविधाओं और सेवाओं को और बेहतर बनाने तथा यात्रियों के समग्र अनुभव को और उत्कृष्ट बनाने में उनके अनुभव का लाभ मिलेगा।

### सर्वपितृ अमावस्या..

किया जाता है। इस पितर वापस पितृलोक के लिए चले जाते हैं। इस दिन उन सभी का श्राद्ध किया जाता है, जिनकी तिथि याद नहीं रहती है अथवा अज्ञात होती है।

# गणेश विसर्जन के दौरान पुलिस ड्यूटी में बाधा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

गणेश विसर्जन शोभायात्रा के दौरान पुलिस के साथ विवाद कर झूमाझटकी करने वाले चार बदमाशों को सिविल लाइंस पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस टीम द्वारा निर्धारित समय के पश्चात तेज आवाज में बज रहे डीजे को बंद कराने हेतु समझाइश दी जा रही थी। इसी दौरान उन लोगों ने पुलिस टीम से विवाद करते हुए डीजे बंद कराने को लेकर बहस की। बार-बार समझाइश देने के बावजूद आरोपियों द्वारा पुलिसकर्मियों के साथ अश्लील गाली-गलौज करते हुए धमकी दी गई तथा धक्का-मुक्की एवं झूमाझटकी कर शासकीय कार्य में बाधा उत्पन्न की गई। पुलिसकर्मियों के साथ बदसलूकी तथा विवाद करने के आरोप में

- झूमाझटकी करने वाले 4 गिरफ्तार




विजय तांडी, विशाल तांडी, दीपक तांडी एवं भीम महानंद को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों की पहचान सीसीटीवी कैमरों के साथ वीडियो फूटेज के आधार पर की गई। पुलिस ने जिन लोगों को गिरफ्तार किया है, वे आदतन बदमाश प्रवृत्ति के हैं और पूर्व में भी जेल जा चुके हैं। आरोपियों को कोर्ट में पेश कर न्यायिक रिमांड पर जेल दाखिल किया गया है।

# नेताम ने कहा- मोदी के 25 साल के कार्यकाल में छत्तीसगढ़ को मिलीं अभूतपूर्व सौगातें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जनसेवा के 25 वर्ष पूरे होने पर कृषि मंत्री रामविचार नेताम ने केंद्र सरकार की उपलब्धियां गिनाईं। सोमवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में संवाददाताओं से चर्चा में उन्होंने कहा, पीएम मोदीजी के नेतृत्व में गरीब कल्याण, किसान, जनजातीय विकास, स्वास्थ्य, आवास और बुनियादी ढांचे के क्षेत्र में छत्तीसगढ़ को कई बड़ी सौगातें मिली हैं।

- छत्तीसगढ़ सहित देश को नक्सलवाद से मुक्त करने का लक्ष्य हासिल किया

श्री नेताम ने बताया कि प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना से प्रदेश के लाखों परिवारों को खाद्य सुरक्षा मिली है। उज्ज्वला योजना के तहत छत्तीसगढ़ की 39.54 लाख महिलाओं को लाभ मिला, जबकि जल जीवन मिशन के तहत 41.50 लाख ग्रामीण परिवारों तक नल से पानी पहुंचाया गया है। आयुष्मान भारत के तहत पांच लाख रुपए तक के उपचार की सुविधा का भी उन्होंने उल्लेख किया।



#### पीएम आवास के तहत मकानों का निर्माण

कृषि मंत्री के अनुसार प्रदेश के 25.51 लाख किसानों को 11,277 करोड़ रुपए से अधिक की किसान सम्मान निधि सीधे खातों में दी जा चुकी है। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत बड़े पैमाने पर पक्के मकानों का निर्माण कराया जा रहा है। जनजातीय क्षेत्रों के विकास का उल्लेख करते हुए नेताम ने कहा, 6,691 जनजातीय गांवों में सड़क, बिजली, पानी, शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है। उन्होंने दावा किया कि छत्तीसगढ़ सहित देश को नक्सलवाद से मुक्त करने का लक्ष्य हासिल किया गया है।

#### छत्तीसगढ़ विकसित राज्य की दिशा में आगे बढ़ रहा

कृषि मंत्री श्री नेताम ने कहा कि मुद्रा योजना, कौशल विकास, स्टार्टअप इंडिया और पीएम विश्वकर्मा योजना से युवाओं व पारम्परिक कारीगरों को आत्मनिर्भर बनने का अवसर मिला है। उन्होंने राज्य में रेल, सड़क, एयर कनेक्टिविटी और औद्योगिक परियोजनाओं का भी जिक्र किया। श्री नेताम ने कहा, केंद्र और राज्य सरकार के प्रयासों से छत्तीसगढ़ विकसित राज्य की दिशा में आगे बढ़ रहा है। इस दौरान विधायक राजेश मूणत, भाजपा प्रदेश महामंत्री अखिलेश सोनी सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

### इधर... डिलीवरी में लेटलतीफी, बुकिंग के बाद 3 से 7 दिन तक करना पड़ रहा इंतजार

# ग्रामीण क्षेत्रों में भी अब 25 दिन में बुकिंग पर मिलने लगे घरेलू सिलेंडर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में साढ़े तीन लाख से अधिक एलपीजी के घरेलू उपभोक्ता हैं। इन उपभोक्ताओं को भी अब शहरी एलपीजी उपभोक्ताओं की तरह 25 दिनों के बाद बुकिंग कराने पर गैस सिलेंडर मिलने लगे हैं। इससे पूर्व ग्रामीण क्षेत्रों में 45 दिनों के बाद ही गैस सिलेंडर रिफिलिंग के लिए ऑनलाइन बुकिंग हो रही थी। इससे उपभोक्ताओं को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था, क्योंकि बुकिंग कराने के बाद भी सिलेंडर की डिलीवरी होने में 3 से 5 दिन का समय लग रहा था। इस तरह 50 या उससे अधिक दिनों के बाद ही उपभोक्ता को सिलेंडर मिल पा रहा था, जिसके कारण कई घरों में गैस सिलेंडर की जगह इलेक्ट्रॉनिक चूल्हे से लेकर सिगड़ी आदि का इस्तेमाल किया जा रहा था।



पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने पेट्रोलियम विपणन कंपनियों को ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में घरेलू रसोई गैस सिलेंडर की बुकिंग को 45 दिनों से घटाकर 25 दिन करने को कहा है। इस आदेश के बाद से प्रदेशभर के ग्रामीण क्षेत्रों में अब घरेलू सिलेंडर 25 दिनों के बाद बुकिंग होने लगे हैं, जिससे उपभोक्ताओं को राहत मिली है। उपभोक्ताओं को अब बुकिंग के लिए 45 दिनों तक इंतजार करना नहीं पड़ता। 20 दिन पहले ही वे बुकिंग करा रहे हैं।

#### शिकायत आने पर कार्रवाई

ग्रामीण क्षेत्रों में 25 दिनों के बाद गैस सिलेंडर के लिए ऑनलाइन बुकिंग हो रही है, जिससे उपभोक्ताओं को राहत मिल रही है। डिलीवरी कराने में लेटलतीफी की अभी तक किसी एजेंसी के खिलाफ शिकायत नहीं आई है। शिकायत आने पर जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

*- भूपेंद्र मिश्रा, जिला अधिकारी खाद्य विभाग, रायपुर*

#### डिलीवरी में अभी भी 3 से 7 दिन तक लग रहे

नई व्यवस्था के तहत जरूर उपभोक्ताओं को 20 दिन पहले बुकिंग कराने की सुविधा मिलने लगी है, लेकिन बुकिंग के बाद गैस सिलेंडर की डिलीवरी में अभी भी गैस एजेंसियों द्वारा लेटलतीफी की जा रही है। बुकिंग बाद किसी उपभोक्ता को 2 दिन के बाद तो किसी को 3, 4, 5 से लेकर 7 दिनों के बाद डिलीवरी दी जा रही है। इस तरह उपभोक्ता को 30 से 32 दिनों के बाद सिलेंडर मिल रहा है। यह स्थिति शहरी क्षेत्रों में भी है। कई एजेंसियां डिलीवरी में लेटलतीफी कर रही हैं, जिससे उपभोक्ता परेशान हैं।

## खबर संक्षेप

### संदीप ने भाजपा प्रदेश महामंत्री कर्मवीर सिंह से की भेंट



आरंग। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नवनियुक्त प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह के छत्तीसगढ़ की पावन धरा पर प्रथम आगमन पर पार्टी कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों में उत्साह देखने को मिल रहा है। इसी कड़ी में आरंग नगर पालिका के अध्यक्ष डॉ. संदीप जैन ने संगठन महामंत्री से आत्मीय सौजन्य भेंट की और उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। इस विशेष मुलाकात के दौरान नगर पालिका अध्यक्ष डॉ. संदीप जैन ने कर्मवीर सिंह को पुष्पगुच्छ भेंटकर उनका अभिनंदन किया। साथ ही उनके उज्ज्वल कार्यकाल और छत्तीसगढ़ में संगठन को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए शुभकामनाएं देते हुए उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। इस सौजन्य मुलाकात के दौरान नगर पालिका अध्यक्ष डॉ. संदीप जैन के साथ आरंग क्षेत्र के भाजपा पदाधिकारी दिनेश चंद्राकर (मंडल उपाध्यक्ष, आरंग मंडल), खूबचंद साहू (जिला सह प्रभारी, गरियाबंद ओबीसी मोर्चा) विशेष रूप से उपस्थित थे।

### नवदुर्गोत्सव पर 11 से 19 तक होंगे विविध धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम

आरंग। पं. दीनदयाल नवदुर्गोत्सव समिति एवं समस्त कॉलोनीवासियों के सहयोग से नवरात्र पर्व पर नौ दिवसीय धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। समिति अध्यक्ष अशोक साहू ने बताया कि दुर्गामाता की प्रतिमा में सहयोग सूर्य प्रकाश चंद्राकर, परमेश्वर चंद्राकर, विक्की देवांगन, नरेश चंद्राकर, नारायण साकार, लोकेश्वर साहू, डॉ. मन्नू तारक, मधुबाला एवं संतोष गुप्ता द्वारा किया गया है। 11 अक्टूबर को शुभ कलश यात्रा, दीप प्रज्वलन एवं मां दुर्गा की स्थापना के साथ नवदुर्गोत्सव का शुभारंभ होगा। आचार्य पं. नरेंद्र प्रसाद द्विवेदी के सानिध्य में मां दुर्गा की प्राण-प्रतिष्ठा की जाएगी। 12 अक्टूबर को भजन एवं माता सेवा, 13 अक्टूबर को कॉलोनी के बच्चों द्वारा डांस कार्यक्रम तथा 14 अक्टूबर को मां रतमाई जस झांकी परिवार भानसोज द्वारा जस झांकी प्रस्तुत की जाएगी। 15 अक्टूबर को 56 भोग के साथ महाआरती होगी।

# स्वच्छ और सुंदर भारत का निर्माण हम सभी की जिम्मेदारी : मंत्री खुशवंत गुरु

हरिभूमि न्यूज ⏭ आरंग

देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सेवा, समर्पण एवं गरीब कल्याण के 25 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाए जा रहे सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत कौशल विकास, तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार तथा अनुसूचित जाति विकास मंत्री गुरु खुशवंत साहेब ने विभिन्न सेवा गतिविधियों में सहभागिता की। अभियान के तहत उन्होंने 'सेवा मेरा योगदान' की भावना के साथ मंदिर हसौद में स्वच्छता अभियान में सहभागिता की तथा आरंग नगर में आयोजित विधानसभा स्तरीय 'सेवा सेतु—सरकार आपके द्वार' कार्यक्रम में शामिल होकर हितग्राहियों को शासन की योजनाओं का लाभ प्रदान किया। नगर पालिका परिषद मंदिर हसौद में आयोजित स्वच्छता अभियान में मंत्री गुरु खुशवंत साहेब ने स्वयं सहभागिता करते हुए स्वच्छता का संदेश दिया।

**किसानों को कृषि उपकरण, निःशुल्क उपचार के लिए आयुष्मान कार्ड सहित विभिन्न शासकीय योजनाओं का लाभ प्रदान किया गया**

#### अभियान बनाएं जनआंदोलन

*उन्होंने कहा कि स्वच्छता अब केवल अभियान नहीं, बल्कि जनआंदोलन का स्वरूप ले चुकी है। स्वच्छ और सुंदर भारत का निर्माण हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। प्रत्येक नागरिक को स्वच्छता को अपने जीवन का संस्कार बनाते हुए अपने आसपास स्वच्छता बनाए रखने में सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 'स्वच्छ भारत से स्वस्थ भारत' के संकल्प को जनभागीदारी के माध्यम से आगे बढ़ाया जा रहा है। सेवा संकल्प अभियान इसी जनभागीदारी और राष्ट्रसेवा की भावना को मजबूत करने का माध्यम है। इस अवसर पर भाजपा पदाधिकारी, जनप्रतिनिधिगण, भाजपा कार्यकर्ता एवं गणमान्य नागरिक प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।*



#### सेवा सेतु—सरकार आपके द्वार कार्यक्रम भी हुआ

*इसके पश्चात आरंग नगर में भाजपा के सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत विधानसभा स्तरीय 'सेवा सेतु—सरकार आपके द्वार' कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मंत्री गुरु खुशवंत साहेब ने विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के हितग्राहियों को हितलाभ एवं सहायक उपकरण प्रदान किए तथा उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में किसानों को कृषि उपकरण, निःशुल्क उपचार के लिए आयुष्मान कार्ड सहित विभिन्न शासकीय योजनाओं का लाभ प्रदान किया गया। मंत्री गुरु साहेब ने विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का अवलोकन कर योजनाओं के क्रियान्वयन की जानकारी ली और अधिकारियों को निर्देशित किया कि शासन की योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक समयबद्ध, पारदर्शी एवं सहज रूप से पहुंचे। स्वास्थ्य शिविर में नागरिकों की स्वास्थ्य जांच कर आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई गईं।*

## धरसींवा में राजनीतिक संरक्षण में अवैध उत्खनन: बिना लीज-एनओसी हजारों ट्रिप मुरुम गायब

# खनन माफिया ने खोदी जल संवर्धन की जमीन, एचटी टावरों पर मंडराया खतरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ धरसींवा

कानून की धज्जियां उड़ाती भारी मशीनें, रात के अंधेरे में गूंजते डंपर और सरकारी खजाने को चूना लगाता खनन माफिया—यह भयानक मंजर किसी बीहड़ का नहीं, बल्कि जनपद पंचायत धरसींवा की ग्राम पंचायत मनोहरा-मेहरशखा का है। जल संवर्धन अभियान के तहत जिस जमीन को सुरक्षित कर निजी उद्योग के सीएसआर मद से पानी सहेजने के लिए संवारा गया था, उसे भू-माफियाओं ने रातों-रात खोदकर मुरुम और पत्थरों का अखाड़ा बना दिया। ताज्जुब की बात यह है कि इस सराहनीय पहल को आकार देने वाले जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी आशीष केसरवानी खुद इस खुलेआम जारी अवैध उत्खनन से पूरी तरह बेखबर रहे। बेखौफ माफिया के इस दुस्साहस और जिम्मेदार अफसरों की नींद ने न केवल केंद्र सरकार की जल संरक्षण योजना को पलीता लगाया है, बल्कि पूरे प्रशासनिक तंत्र की लचर कार्यशैली और लाचारी की भी पोल खोलकर रख दी है।



#### खनन माफिया बेखौफ, प्रशासन मौन

*बिना किसी वैध लीज, एनओसी या रॉयल्टी पर्ची के हजारों ट्रिप मुरुम और पत्थर जमीन का सीना चीरकर निकाले जा चुके हैं। दिन-रात गरजती पोकलेन मशीनें गवाही दे रही हैं कि क्षेत्र में प्रशासन का खौफ खत्म हो चुका है। खनन करने वाले बेखौफ होकर दावा कर रहे हैं कि उनकी 'ऊपर तक सेटिंग' है। अवैध उत्खनन का यह कारोबार सिर्फ पर्यावरण को ही नुकसान नहीं पहुँचा रहा, बल्कि पास स्थित विद्युत मंडल के हाईटेंशन टावरों की नींव भी खोखली कर चुका है। टावरों के नीचे हुई गहरी खुदाई से कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। ग्राम पंचायत मनोहरा-मेहरशखा के सरपंच प्रतिनिधि गोविंद पूर्णिमा साहू का कहना है कि यह खुदाई पंचायत स्तर पर अपनी मर्जी से नहीं दी गई है, बल्कि ग्राम सभा की सहमति से दी गई है।*

#### दोषी अफसरों पर गिरेगी गाज : अनुज शर्मा

*क्षेत्र में नियमों को ताक पर रखकर किए जा रहे अवैध उत्खनन का मामला अब तूल पकड़ता जा रहा है। मामले की गंभीरता को देखते हुए स्थानीय विधायक अनुज शर्मा ने कड़ा रुख अख्तियार करते हुए तत्काल प्रभाव से निष्पक्ष जांच के कड़े आदेश जारी कर दिए हैं। विधायक ने साफ शब्दों में कहा है कि नियमों के विरुद्ध की जा रही खुदाई पूरी तरह से गैरकानूनी है और इसे किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कड़े लहजे में चेतावनी देते हुए कहा कि यदि इस अवैध उत्खनन के खेल में खनिज विभाग के अधिकारियों की मिलीभगत पाई गई, तो संबंधित अफसरों पर गाज गिरना तय है और दोषी पाए जाने पर किसी को भी बख्शा नहीं जाएगा।*




# बच्चों को न्योता भोज में विधायक शर्मा ने हाथों से परोसा भोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ धरसींवा

धरसीवा राष्ट्रीय 'सेवा संकल्प अभियान' के अंतर्गत धरसीवाँ विधानसभा क्षेत्र के ग्राम टेकारी स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में 'आँगन उत्सव' का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक अनुज शर्मा ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की।

इस दौरान प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना के तहत आयोजित 'न्यौता भोज' में विधायक शर्मा ने सहृदयता का परिचय देते हुए स्वयं अपने हाथों से नन्हे-मुन्ने बच्चों को भोजन परोसा और उनके साथ बैठकर खुशियाँ बांटी। उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए विधायक अनुज शर्मा ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं के समर्पण की जमकर सराहना की।

उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी बहनें केवल कर्मचारी नहीं, बल्कि समाज की असली 'राष्ट्र निर्माता' हैं। बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की नींव इन्हीं केंद्रों पर रखी जाती है। हर कठिन परिस्थिति में घर-घर जाकर कुपोषण दूर करने और गर्भवती माताओं की देखभाल करने का इनका योगदान किसी तपस्या से कम नहीं है।

विधायक ने प्रतिबद्धता दोहराते हुए कहा कि धरसीवाँ को पूरी तरह से कुपोषण मुक्त बनाना और हर बच्चे तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना सरकार की शीर्ष प्राथमिकता है। उत्सव के दौरान बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए खेलकूद स्पर्धाओं का आयोजन हुआ।

साथ ही, बच्चों को खिलौने, खेल सामग्री और पौष्टिक शिक्षण सामग्री का वितरण किया गया। उत्कृष्ट कार्य करने वाली आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं को शॉल और प्रशस्ति पत्र भेंटकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कई वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता व जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति रही।

## साहू संघ ने परिचय सम्मेलन व आदर्श विवाह पर की चर्चा

आरंग। जिला साहू संघ रायपुर ग्रामीण की महत्वपूर्ण बैठक रविवार को सामाजिक भवन ग्राम रीवां में गरिमामय माहौल में संपन्न हुई। बैठक में समाज के युवाओं के लिए युवक-युवती परिचय सम्मेलन तथा आदर्श सामूहिक विवाह के भव्य आयोजन को लेकर विस्तृत चर्चा की गई और समाज संगठन को और अधिक मजबूत बनाने पर बल दिया गया। बैठक के दौरान जिला साहू संघ रायपुर ग्रामीण के अध्यक्ष हीरामन साहू द्वारा समाज के समक्ष विगत 3 माह का आय-व्यय प्रस्तुत किया गया, जिसे सर्वसम्मति से सराहा गया। संगठन का विस्तार करते हुए अध्यक्ष हीरामन साहू द्वारा नई नियुक्तियों की घोषणा की गई, जिसमें रीवां परिक्षेत्र साहू संघ से हेमनारायण साहू को संयुक्त सचिव



(जिला रायपुर ग्रामीण) तथा ओंकार साहू को प्रचार मंत्री मनोनीत किया गया। बैठक में उपस्थित विधायक इंद्र कुमार साहू द्वारा सभी नए पदाधिकारियों को मनोनयन पत्र सौंपकर समाज हित और निष्ठा की शपथ दिलाई गई। इस बैठक में मुख्य रूप से विधायक इंद्र कुमार साहू, संरक्षक पंचराम साहू व देवनाथ साहू, जिला अध्यक्ष हीरामन साहू, उपाध्यक्ष पोषण साहू, महिला उपाध्यक्ष धनवती साहू एवं महामंत्री विशेष रूप से उपस्थित रहे। साथ ही रीवां परिक्षेत्र से अध्यक्ष थानसिंग साहू, उपाध्यक्ष नंद साहू, सचिव अशोक साहू, दीनबंधु साहू, अंगद साहू सहित जिला रायपुर ग्रामीण के अंतर्गत आने वाले सभी तहसील एवं 29 परिक्षेत्रों के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं अन्य पदाधिकारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। सभी ने नए दायित्वधारियों को बधाई देकर समाज हित में कार्य करने का संकल्प लिया।

## पत्रकार पंकज शर्मा की जयंती पर आज होगा प्रतिमा अनावरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिलयारी

आज पत्रकारिता के क्षेत्र में अपनी विशिष्ट पहचान बनाने वाले स्वर्गीय पत्रकार पंकज शर्मा की जयंती के अवसर पर आज उनकी स्मृति को चिरस्थायी बनाने के लिए प्रतिमा अनावरण समारोह का आयोजन किया जाएगा। समारोह को लेकर पत्रकार जगत, सामाजिक संगठनों एवं नागरिकों में उत्साह है। कार्यक्रम में प्रदेश के कई वरिष्ठ जनप्रतिनिधि एवं सामाजिक क्षेत्र से जुड़े लोग शामिल होंगे।

प्रतिमा अनावरण समारोह आज शाम 5 बजे पंकज गार्डन, खोखोपारा, पुरानी बस्ती, रायपुर में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ शासन के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा होंगे, जबकि समारोह की अध्यक्षता रायपुर लोकसभा सांसद बृजमोहन अग्रवाल करेंगे। कार्यक्रम में रायपुर पश्चिम विधायक राजेश मूणत, रायपुर दक्षिण विधायक सुनील सोनी, रायपुर ग्रामीण विधायक मोतीलाल साहू, रायपुर उत्तर विधायक पुरंदर मिश्रा, धरसींवा विधायक एवं पद्मश्री अनुज शर्मा तथा रायपुर नगर निगम की महापौर मीनल चौबे अति विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल होंगी। वहीं नगर निगम रायपुर के सभापति सूर्यकांत राठौर, रायपुर भाजपा जिलाध्यक्ष रमेश ठाकुर तथा जोन क्रमांक-5 के अध्यक्ष एवं वार्ड क्रमांक 42 के पार्षद अंबर अग्रवाल विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे।

#### पत्रकारिता के योगदान को किया जाएगा स्मरण

*स्व. पंकज शर्मा ने पत्रकारिता के क्षेत्र में अपने कार्यों एवं योगदान से विशिष्ट पहचान बनाई थी। उनकी जयंती के अवसर पर आयोजित यह समारोह उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व को स्मरण करने तथा आने वाली पीढ़ियों तक उनके योगदान को पहुंचाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है। प्रतिमा अनावरण के माध्यम से उनकी स्मृति को स्थायी स्वरूप प्रदान किया जाएगा। यह आयोजन प्रांतीय अखण्ड ब्राह्मण समाज, छत्तीसगढ़, प्रेस क्लब रायपुर, विप्र सांस्कृतिक भवन प्रबंध समिति एवं शुभचिंतकों के संयुक्त तत्वावधान में किया जा रहा है। आयोजन समिति ने पत्रकार साथियों, सामाजिक बंधुओं एवं रायपुरवासियों से समारोह में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर स्व. पंकज शर्मा को श्रद्धासुमन अर्पित करने की अपील की है।*

## हाईवा की टक्कर से 14 वर्षीय किशोर की मौत, दो साथी घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ अभनपुर

अभनपुर मुख्य मार्ग पर शुभम के मार्ट के पास सोमवार को तेज रफ्तार हाइवा की चपेट में आने से एक्टिवा सवार 14 वर्षीय किशोर की दर्दनाक मौत हो गई। हादसे में उसके साथ एक्टिवा पर सवार दो अन्य नाबालिग भी घायल हो गए। बताया जा रहा है कि दुर्घटना के दौरान मृतक किशोर हाइवा के चक्के के नीचे आ गया, जिससे वह बुरी तरह कुचल गया और मौके पर ही उसकी मौत हो गई। पुलिस के अनुसार घटना 5 अक्टूबर को दोपहर करीब 1:30 बजे शुभम के मार्ट के पास मुख्य मार्ग अभनपुर में हुई। एक्टिवा क्रमांक सीजी 04 क्यूजेड 6998 में तीन नाबालिग सवार थे। इनमें केशव साहू एक्टिवा चला रहा था, जबकि उसके साथ कृष्णा कुमार साहू उम्र 14 और ओमप्रकाश साहू



सवार थे। इसी दौरान हाईवा ट्रक क्रमांक सीजी 04 जे डी 5720 के चालक ने वाहन को तेज गति एवं लापरवाहीपूर्वक चलाते हुए एक्टिवा को टक्कर मार दी। टक्कर के बाद एक्टिवा अनियंत्रित हो गई और कृष्णा कुमार साहू हाइवा के चक्के की चपेट में आ गया। चक्का उसके ऊपर से गुजर जाने के कारण वह गंभीर रूप से कुचल गया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे में एक्टिवा चला रहे केशव साहू और ओमप्रकाश साहू को भी चोटें आईं। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया और आसपास मौजूद लोगों की भीड़ जुट गई। सूचना मिलने पर अभनपुर पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को उपचार के लिए भेजने के साथ घटना की जांच शुरू की।

मिली जानकारी अनुसार मृतक कृष्णा कुमार साहू पिता प्रकाश साहू, उम्र 14 वर्ष, निवासी सिंचाई कॉलोनी बकतरा का रहने वाला था।

अभनपुर पुलिस ने मामले में मर्ग कायम करने के साथ हाईवा वाहन चालक के विरुद्ध धारा 281, 125(ए) एवं 106(1) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया है।

## सुनीता पांडेय को मिला शिक्षा ज्योति से सम्मान

आरंग। विश्व शिक्षक दिवस के अवसर पर शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार एवं उत्कृष्ट योगदान के लिए देशभर के 128 चयनित शिक्षकों को 'शिक्षा ज्योति सम्मान' से सम्मानित किया गया।



राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित ऑनलाइन समारोह में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गोढ़ी की व्याख्याता सुनीता पांडेय को भी उनके अभिनव शिक्षण प्रयोगों, नवाचारी विधियों एवं उत्कृष्ट शैक्षणिक योगदान के लिए सम्मानित किया गया।

यह सम्मान 'शिक्षा ज्योति' की संस्थापक अर्चना शर्मा एवं अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार छत्तीसगढ़ के जनरल सेक्रेटरी डॉ. राघवेंद्र सिंह राठौर ने ऑनलाइन मंच के माध्यम से प्रदान किया। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के अलावा मध्यप्रदेश, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, हरियाणा, बिहार और राजस्थान सहित विभिन्न राज्यों के उत्कृष्ट शिक्षकों को सम्मानित किया गया। सुनीता पांडेय को राष्ट्रीय सम्मान मिलने पर विद्यालय परिवार, सहकर्मियों, शिक्षाविदों, जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी।

## कुटेला पंचायत में अविश्वास प्रस्ताव पास, सरपंच पद से हटीं

आरंग। जनपद पंचायत आरंग की ग्राम पंचायत कुटेला में सोमवार को सरपंच कमलेश्वरी संतोष जलक्षत्री के खिलाफ लाया गया। अविश्वास प्रस्ताव भारी बहुमत से पारित हो गया। शाम 4 बजे तहसीलदार बाबूलाल की उपस्थिति में हुई मतदान प्रक्रिया में अविश्वास प्रस्ताव के पक्ष में 18 मत, जबकि विरोध में महज 2 मत पड़े। इस तरह 20 सदस्यों के मतदान में 18-2 के निर्णायक अंतर से प्रस्ताव पारित होते ही सरपंच को पद से हाथ धोना पड़ा। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार तहसीलदार की मौजूदगी में अविश्वास प्रस्ताव पर मतदान कराया गया। प्रस्ताव पारित होने के बाद सरपंच का पद रिक्त हो गया है। कुटेला पंचायत में पाइपलाइन विस्तार, बिजली बिल भुगतान, मानदेय सहित पंचायत के कामकाज में सरपंच पति के कथित हस्तक्षेप जैसे विभिन्न मुद्दों को लेकर पंचों में असंतोष सामने आया था। इन्हीं मुद्दों के आधार पर सरपंच के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाया गया। अविश्वास प्रस्ताव की कार्यवाही पर रोक लगाने के लिए पूर्व सरपंच कमलेश्वरी संतोष जलक्षत्री ने बिलासपुर हाईकोर्ट में आवेदन प्रस्तुत किया था। इसकी सुनवाई भी सोमवार को होनी थी, लेकिन मतदान की प्रक्रिया नहीं रुकी और हाईकोर्ट से राहत मिलने से पहले ही 18-2 के फैसले ने सरपंच की कुर्सी छीन ली।

# ब्लॉक कांग्रेस की बैठक बूथ स्तर को मजबूत करने पर जोर : धनेंद्र साहू

हरिभूमि न्यूज ⏭ अभनपुर

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अभनपुर के तत्वावधान में बूथ लेवल पदाधिकारियों एवं सोशल मीडिया प्रभारियों की बैठक सद्भावना कुटी अभनपुर में आयोजित की गई। बैठक में प्रमुख रूप से पूर्व मंत्री एवं पूर्व विधायक धनेंद्र साहू उपस्थित रहे। बैठक में संगठन को बूथ स्तर पर मजबूत करने तथा जमीनी गतिविधियों और सोशल मीडिया के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने पर चर्चा हुई।

पूर्व मंत्री एवं पूर्व विधायक धनेंद्र साहू ने कहा कि



संगठनात्मक गतिविधियों को गति देने, बूथ कमेटियों को सक्रिय करने तथा आगामी चुनावों के लिए कार्यकर्ताओं को तैयार रखने की जरूरत है। उन्होंने बूथ स्तर पर कार्यकर्ताओं के बीच समन्वय और सक्रियता बढ़ाने पर जोर दिया।

जिला प्रशिक्षक सौरभ शर्मा एवं प्रदेश सोशल मीडिया प्रभारी जयवर्धन बिस्सा ने कहा कि पार्टी संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक सक्रिय करने की आवश्यकता है। पार्टी की नीतियों, विचारधारा एवं स्थानीय जनमुद्दों को डिजिटल प्लेटफॉर्म पर प्रभावी ढंग से उठाने की रणनीति पर चर्चा की।

बैठक में पीसीसी सचिव प्रवीण साहू, ब्लॉक अध्यक्ष विद्याभूषण सोनवानी, बलविंदर गांधी, चंद्रहास साहू, नीमा निम्बेकर ,डोमेंद्र साहू, नीलकमल गिलहरे, दिनेश अंबिलकर, राजेश साहू, इंदरमन पण्डेल, बीरबल टंडन, हिम्मत सिंह, किरण साहू, सोनजीत ध्रुव तथा बूथ पदाधिकारी एवं सोशल मीडिया समन्वयक उपस्थित रहे।

पेज 11 के शेष...

### फिरौती मामले में...

हो गया। पतासाजी के बाद भी आरोपी की गिरफ्तारी नहीं होने पर पुलिस ने उसे पकड़वाने पर ईनाम की घोषणा की है।

### छात्रों की ऐसी ...

और ऑनलाइन मोड के इयरली बेस्ड (वार्षिक) कोर्सेज (जैसे - बीए, बीकॉम, एमए, एमकॉम आदि) पर लागू है। सेमेस्टर आधारित और सर्टिफिकेट कोर्सेज के एडमिशन पहले ही बंद हो चुके हैं। छात्र बिना किसी लेट फीस के इग्नू के समर्थ पोर्टल पर जाकर 13 अक्टूबर तक नया रजिस्ट्रेशन पूरा कर सकते हैं।

***जानिए... कब-कब बढ़ाई गई तिथिः*** ■ शुरुआती तारीखः जुलाई सत्र के लिए नए एडमिशन 25 मई से शुरू हुए थे, जिसकी प्रारंभिक अंतिम तिथि 15 जुलाई 2026 तय की गई थी। ■ पहली बारः इसे 15 जुलाई से बढ़ाकर 31 जुलाई किया गया। ■ दूसरी बारः 31 जुलाई से बढ़ाकर 16 अगस्त किया गया। ■ तीसरी बारः 16 अगस्त से बढ़ाकर 31 अगस्त किया गया। ■ चौथी बारः 31 अगस्त से बढ़ाकर 30 सितंबर किया गया। ■ पांचवीं बार : नवीन आदेश के जरिए इसे एक बार फिर बढ़ाकर 13 अक्टूबर 2026 कर दिया गया है।

***प्राध्यापक बनने आवेदन 10 तक :*** इंदिरा गांधी नेशनल ओपन यूनिवर्सिटी (इग्नू) ने सीधी भर्ती अभियान के तहत अपने अलग-अलग स्कूल ऑफ स्टडीज में प्रोफेसर, एसोसिएट प्रोफेसर और असिस्टेंट प्रोफेसर के 43 टीचिंग पदों के लिए बीते दिनों विज्ञापन जारी किया था। इग्नू की ओर से जारी 43 रिक्तियों में प्रोफेसर के 21, एसोसिएट प्रोफेसर के 16 और असिस्टेंट प्रोफेसर के 6 पद शामिल हैं। इन सभी पोस्ट के लिए ऑनलाइन माध्यम से आवेदन प्रक्रिया 20 सितंबर से जारी है और अप्लाई करने की अंतिम तिथि 10 अक्टूबर तक तय की गई है। एप्लीकेशन फॉर्म भरने के इच्छुक उम्मीदवार इग्नू की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर तय अंतिम तिथि तक या उससे पहले अपनी रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया पूरी कर सकते हैं।

### एयरपोर्ट पर अब ...

प्रबंधन ने करीब सालभर पहले इस सुविधा को लेने से इंकार कर दिया था। इसके बाद एयरपोर्ट पर सुयश हास्पिटल की चिकित्सकीय टीम को जिम्मेदारी दी गई। चिकित्सकीय टीम ने कई यात्रियों को इमरजेंसी चिकित्सकीय सेवा उपलब्ध कराकर अप्रिय घटनाओं को टाला। अब विमानतल पर यात्रियों के सेहत की जिम्मेदारी इट्सा हास्पिटल को दी गई है। यात्री सेवा के अंतर्गत हास्पिटल का चिकित्सकीय स्टाफ वहां प्राथमिक चिकित्सा सुविधा प्रदान करेगा। इस सुविधा की शुरुआत एयरपोर्ट के प्रभारी डायरेक्टर केके लहरे एवं हास्पिटल के सीईओ सूरज प्रकाश त्रिपाठी ने की। इस व्यवस्था के अंतर्गत यात्रियों को बुनियादी चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराई जाएगी, इसके लिए चिकित्सा सहायता कक्ष एराइवल हॉल में स्थापित किया गया है।

### मो. आरिफ होंगे...

कर चुके हैं। इससे पूर्व वे बागडोगरा एयरपोर्ट तथा कोयम्बटूर इंटरनेशनल एयरपोर्ट के डायरेक्टर के रूप में अपनी सेवाएं दे चुके हैं। माना जा रहा है कि यात्री सुविधाओं और सेवाओं को और बेहतर बनाने तथा यात्रियों के समग्र अनुभव को और उत्कृष्ट बनाने में उनके अनुभव का लाभ मिलेगा।

### सर्वपितृ अमावस्या..

किया जाता है। इस पितर वापस पितृलोक के लिए चले जाते हैं। इस दिन उन सभी का श्राद्ध किया जाता है, जिनकी तिथि याद नहीं रहती है अथवा अज्ञात होती है।

# बोर्ड परीक्षा व आंतरिक मूल्यांकन में पृथक रूप से 33 प्रतिशत अनिवार्य नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

सीबीएसई बोर्ड परीक्षा 2027 में शामिल होने वाले छात्रों के लिए राहत भरी खबर है। सीबीएसई बोर्ड ने साफ कर दिया है कि 2026-27 सत्र में कक्षा 10वीं के पासिंग क्राइटेरिया में कोई बदलाव नहीं किया गया है। छात्रों को किसी विषय में पास होने के लिए बोर्ड परीक्षा और इंटरनल असेसमेंट के अंकों को मिलाकर कम से कम 33 प्रतिशत हासिल करने होंगे। यानी 80 अंकों की बोर्ड परीक्षा और 20 अंकों के इंटरनल असेसमेंट में अलग-अलग 33 प्रतिशत अंक लाना जरूरी नहीं है।

खास खबर

दरअसल सीबीएसई की ओर से 2026-27 के लिए जारी सेकेंडरी स्कूल करिकुलम में पासिंग क्राइटेरिया से जुड़ी भाषा को लेकर छात्रों, शिक्षकों और स्कूलों में भ्रम की स्थिति बन गई थी। इसमें बाहरी परीक्षा और इंटरनल असेसमेंट में न्यूनतम 33 प्रतिशत अंक हासिल करने का जिक्र था, इसके बाद टीचर्स और स्कूलों की ओर से सीबीएसई से स्थिति स्पष्ट करने की मांग की। इस मुद्दे पर सीबीएसई से कई शिक्षकों ने सवाल पूछे थे।

## प्रश्नों की रूपरेखा और असेसमेंट पैटर्न में भी इस वर्ष कोई बदलाव नहीं

- 10वीं में 80-20 का ही पैटर्न
- 12वीं कक्षा में लागू है प्रैक्टिकल और थ्योरी के लिए अलग-अलग पासिंग नियम




### बदलाव की थी तैयारी

सीबीएसई ने यह भी साफ किया है कि 2026-27 में कक्षा 10 के लिए वही पासिंग क्राइटेरिया लागू रहेगा, जो 2025-26 में था। यानी छात्रों को अलग-अलग दोनों हिस्सों में 33 प्रतिशत अंक हासिल करने की जरूरत नहीं होगी। वहीं कक्षा 12वीं के मामले में प्रैक्टिकल और थ्योरी के लिए अलग-अलग पासिंग नियम लागू होते हैं। सीबीएसई के अनुसार दसवीं के लिए अलग से 33 प्रतिशत की व्यवस्था लागू करने की योजना पर पहले चर्चा हुई थी, लेकिन इसे वापस ले लिया गया है। फिलहाल पुराना नियम ही जारी रहेगा। पासिंग क्राइटेरिया के साथ सीबीएसई ने यह भी बताया कि 2026-27 में पेपर के डिजाइन और असेसमेंट पैटर्न में कोई बदलाव नहीं किया गया है। बोर्ड ने कक्षा 10वीं और 12वीं के लिए सैंपल क्वेश्चन पेपर और मार्किंग स्कीम भी बीते दिनों वेबसाइट पर अपलोड कर दी है। स्कूलों से कहा गया है कि वे इन सैंपल पेपर और मार्किंग स्कीम का इस्तेमाल छात्रों को पेपर के पैटर्न, अंकों के वितरण और पाठ्यक्रम की कवरेज समझाने में करें।

### सभी अंक मिलाकर तैयार होंगे अंतिम परिणाम

सीबीएसई ने स्पष्ट किया है कि कक्षा दसवीं में बोर्ड परीक्षा 80 अंकों की और इंटरनल 20 अंकों का रहेगा। दोनों के अंकों को जोड़कर विषय का अंतिम परिणाम तय किया जाएगा। इसका मतलब है कि अगर किसी छात्र के बोर्ड परीक्षा में 33 प्रतिशत से कम अंक है, तो केवल इस आधार पर उसे फेल नहीं माना जाएगा। इंटरनल असेसमेंट के अंक भी कुल स्कोर में शामिल होंगे। हालांकि छात्र को बोर्ड परीक्षा और इंटरनल असेसमेंट दोनों में शामिल होना होगा और दोनों को पूरा करना होगा।

## खबर संक्षेप

### विवाद के बाद किशोर को छत से धकेला हालत नाजुक

**रायपुर ।** हंसी-मजाक के विवाद पर एक किशोर को छत से धक्का देकर नीचे गिरा दिया गया। छत से गिरने पर किशोर के सिर पर गंभीर चोटें आई हैं। घायल किशोर का अस्पताल में उपचार चल रहा है, जहां उसकी हालत नाजुक बताई जा रही है। घटना तेलीबांधा थाना क्षेत्र के सतनामीपारा में शनिवार देर रात की है। घटना के बाद से आरोपी युवक मौके से फरार हो गए हैं। पुलिस के अनुसार घटना दिनांक को टीकू जांगड़े (16) शाम करीब 8.15 बजे काम से घर लौटा था। कुछ देर बाद उसने मां से मोहल्ले में घूमकर आने की बात कही और घर से निकल गया। रात 9 बजे टीकू बालक कुर्रे के दोमंजिला मकान की छत पर पहुंचा था। वहां भूपेंद्र घृतलहरे भी मौजूद था। दोनों के बीच किसी बात को लेकर विवाद शुरू हुआ। इस दौरान उनके बीच कहासुनी और झगड़ा हो गया। विवाद के बाद भूपेंद्र ने टीकू को जान से मारने की नीयत से छत से धक्का दे दिया। धक्का लगने से टीकू नीचे एक मंजिला मकान की छत पर जा गिरा। घटना के बाद मौके पर अफरातफरी मच गई। टीकू अचेत अवस्था में पड़ा था। उसके सिर में गंभीर चोट थी और नाक तथा मुंह से खून निकल रहा था। पड़ोसियों की मदद से किशोर को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया।

## गलत इलाज, ज्यादा पैसे लेने की जांच, कई को वापस मिली राशि

# आयुष्मान का खेल, रायपुर जिले में ही विभाग को मिलीं 14 माह में 29 शिकायतें

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

मरीजों को निशुल्क उपचार की सुविधा देने वाले आयुष्मान स्वास्थ्य योजना के नाम पर निजी अस्पतालों की मनमानी काफी समय से जारी है। स्वास्थ्य विभाग के पास पिछले 14 महीने में रायपुर जिले अस्पतालों के खिलाफ 29 शिकायतें पहुंचीं। जांच टीम ने इनका निराकरण करने के बाद कई पीड़ित मरीजों को अतिरिक्त राशि वापस कराई है। पैसे की डिमांड के अलावा गलत पैकेज के जरिए इलाज करने के साथ मरीजों को बिना उपचार वापस लौटाने के मामले में भी सामने आए हैं।

हरिभूमि सरोकार

आयुष्मान स्वास्थ्य योजना में गड़बड़ी के मामले में राज्य स्तर की टीम करीब 100 अस्पतालों की जांच के बाद 17 को संदेह के दायरे में रखते हुए उनके खिलाफ कार्रवाई के लिए सबूत जुटा रही है। स्वास्थ्य योजना की निगरानी करने वाली रायपुर जिले की कमेटी के पास लगभग रोज निजी अस्पतालों की शिकायतें आती रहती हैं, जिनका निराकरण फोन के माध्यम से किया जाता है। इसके अलावा विभाग के पास लिखित तौर पर भी शिकायत आती है, जिसका समाधान जांच के बाद किया जाता है। आंकड़ों के मुताबिक, पिछले डेढ़ साल में गलत उपचार से संबंधित 29 शिकायतें विभाग के पास पहुंचीं। जांच के दौरान लगाए गए आरोपों के आधार पर अस्पतालों को नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया। साथ ही शिकायतकर्ता के दस्तावेजों से मिलान के बाद उसका समाधान करते हुए करीब आधा दर्जन मामलों में राशि वापस कराई गई और कई प्रकरणों में मरीजों को योजना के माध्यम से इलाज का लाभ दिलाया गया।

## गलत पैकेज से उपचार और मरीजों को निराश कर वापस लौटाने वाले भी कम नहीं

### वर्तमान में 17 पर कार्रवाई का इंतजार

राज्य की नोडल एजेंसी के पास अभी रायपुर समेत प्रदेश के 17 अस्पतालों द्वारा योजना के नाम पर इलाज में गड़बड़ी की व्यापक शिकायतें हैं। इन शिकायतों का परीक्षण किया जा रहा है जिसके बाद उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। माना जा रहा है कि इस मामले में अस्पतालों को योजना से बाहर किए जाने के साथ तगड़ा जुर्माना भी लगाया जा सकता है। करीब दो साल पहले स्टेट नोडल एजेंसी ने 48 अस्पतालों के खिलाफ कार्रवाई की थी।




### देवेंद्र प्रधान स्टेट नोडल एजेंसी के प्रोजेक्ट डायरेक्टर

आयुष्मान भारत स्वास्थ्य सहायता योजना की निगरानी करने वाले स्टेट नोडल एजेंसी के प्रोजेक्ट डायरेक्टर के रूप में स्वास्थ्य संचालनालय में पदस्थ उपसंचालक देवेंद्र प्रधान को जिम्मेदारी दी गई है। श्री प्रधान बलरामपुर-रामानुजगंज के संयुक्त कलेक्टर थे और सप्ताहभर पहले उनका तबादला स्वास्थ्य संचालनालय में किया गया था। स्टेट नोडल एजेंसी में उन्हें एबीडीएम, सीआईडीएमएस एवं स्थापना शाखा से संबंधित काम दिया गया है।

### ऐसी भी शिकायतें

*कमेटी के पास पहुंचीं शिकायतों के बाद जब उसकी जांच हुई तो करीब पांच प्रकरणों में शिकायतों को निराधार पाया गया। वहीं कुछ मामलों में तो सबूत जुटाने के दौरान अस्पताल और शिकायतकर्ता के बीच आपसी सहमति के बाद निराकरण किया गया। कुछ प्रकरणों में अस्पताल द्वारा मरीज से ली गई राशि वापस किए जाने अथवा शिकायतकर्ता को समाधान दिया गया। एक-दो प्रकरणों में यह बात सामने आई कि संबंधित उपचार आयुष्मान योजना के पैकेज में शामिल नहीं था, इसलिए मरीज को इलाज से इंकार किया गया।*

### गंभीरता से जांच जरूरी कार्रवाई भी

आयुष्मान योजना का मरीजों को वास्तविक लाभ मिले, इसके लिए निजी अस्पतालों की निगरानी की जा रही है। योजना से संबंधित मिलने वाली शिकायतों का गंभीरता से निराकृत भी किया जा रहा है।

- डॉ. अविनाश चतुर्वेदी, जिला नोडल अफसर, नर्सिंग होम एक्ट

# कचना-सड्डु नगर विकास योजना में सभी भूमि स्वामियों के लिए समान नीति

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश मीडिया सहप्रभारी गोविंद गुप्ता ने कचना-लभांडी-सड्डु नगर विकास योजना में भूखंड आवंटन को लेकर विपक्ष द्वारा लगाए जा रहे आरोपों को खारिज किया है। उन्होंने कहा, योजना में किसी व्यक्ति विशेष को लाभ पहुंचाने के बजाय सभी प्रभावित भूमि स्वामियों के लिए समान नीति और टाउन प्लानिंग के निर्धारित मानकों का पालन किया गया है। कचना की मूल भूमि के बदले सड्डु में भूखंड देने का दावा सही नहीं है। उनके अनुसार, योजना का प्रारंभिक नोटिफिकेशन 5 दिसंबर 2025 को जारी हुआ था और 11 सितंबर को प्रारूप नक्शा प्रकाशित किया गया।

प्रारूप नक्शे में ग्राम कचना की मूल जमीन के बदले प्रस्तावित भूखंड कचना में ही रखा गया है। किसी भूमि स्वामी का ग्राम परिवर्तन नहीं किया गया है।

**केवल एक भूखंड को अलग करके भ्रम की स्थिति पैदा की जा रही : गुप्ता**



### सभी के लिए समान मापदंड

भाजपा नेता ने यह भी कहा कि नगर विकास योजना में सार्वजनिक सुविधाओं के लिए मूल जमीनों का पुनर्गठन किया गया है। उनके अनुसार, प्लॉट नंबर 26 की मूल भूमि पर एसटीपी तथा प्लॉट नंबर 30 की मूल भूमि पर सड़क और अन्य सार्वजनिक सुविधाएं प्रस्तावित हैं। श्री गुप्ता ने विपक्ष पर आरोप लगाया कि पूरे टाउन प्लान और समान प्रकृति के मामलों का अध्ययन किए बिना केवल एक भूखंड को अलग करके भ्रम की स्थिति पैदा की जा रही है। उन्होंने कहा कि योजना में सभी किसानों और भूमि स्वामियों के लिए समान मापदंड लागू किए गए हैं।

### टाउन प्लानिंग के निर्धारित मानकों का पालन

उन्होंने 45 मीटर चौड़ी सड़क से जुड़े आरोपों पर कहा कि इस मार्ग पर केवल प्लॉट नंबर 25 ही नहीं, बल्कि कुल 37 भूखंड प्रस्तावित और आवंटित हैं। उनके अनुसार, टाउन प्लानिंग के निर्धारित मानकों के तहत बड़े भूखंडों को चौड़े मार्ग से जोड़ा जाता है। मूल भूमि और आवंटित भूखंड की दूरी को लेकर उठाए जा रहे सवालों पर गुप्ता ने कहा, खसरा नंबर 658/2 जैसी स्थिति अकेले एक मामले में नहीं है। उन्होंने दावा किया कि खसरा नंबर 684/1, 684/5 और 681/1 की मूल जमीनों के बदले प्रस्तावित प्लॉट नंबर 26 और 37 की दूरी भी मूल स्थल से अधिक है।

# रायपुर पश्चिम के सेवा सेतु शिविर में 4265 हितग्राहियों को मिली राहत

**1 हजार से ज्यादा आवेदकों को आयुष्मान कार्ड, 300 से ज्यादा लोगों को पीएम सूर्य घर योजना के सोलर प्रमाणपत्र**

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

रायपुर पश्चिम विधानसभा के वार्डों के लिए राजधानी के जीई रोड स्थित पं. दीनदयाल उपाध्याय आडिटोरियम में सेवा सेतु शिविर लगाया गया। शिविर में बड़ी संख्या में विभिन्न वार्डों के आवेदक आयुष्मान कार्ड बनवाने, राशनकार्ड, सफाई, पेयजल और स्ट्रीट लाइट की समस्या लेकर आवेदन करने पहुंचे। वहीं बाढ़ प्रभावित 150 से ज्यादा हितग्राहियों को 5-5 हजार की सहायता राशि देकर राहत पहुंचाई गई। 300 से ज्यादा आवेदकों को पीएम सूर्यघर योजना के तहत सोलर प्रमाणपत्र वितरित किए गए। राज्यसभा सांसद लक्ष्मी वर्मा और रायपुर पश्चिम विधायक राजेश मूणत ने शिविर में आए लोगों से बातचीत की। इसके साथ विभिन्न विभागों के विभागीय स्टॉलों का निरीक्षण कर वहां व्यवस्था का जायजा लिया।

शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं और सेवाओं का लाभ



### 210 हितग्राहियों के भवन अनुज्ञा स्वीकृति पत्र

प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत 210 पात्र हितग्राहियों को मकान निर्माण के लिए भवन अनुज्ञा स्वीकृति पत्र प्रदान किए गए।

आम नागरिकों तक सहजता से पहुंचाने तथा उनकी समस्याओं का त्वरित निराकरण सुनिश्चित करने के उद्देश्य से रायपुर पश्चिम विधानसभा क्षेत्र में विधानसभा स्तरीय सेवा सेतु-सरकार आपके द्वार शिविर का आयोजन किया गया।

# दिसंबर तक बिरगांव-टाटीबंध में भी खुल जाएंगे नए रजिस्ट्री दफ्तर, जमीन व मकानों की खरीदी-बिक्री बढ़ी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

मास्टर प्लान-2031 के अनुसार रायपुर राजधानी रायपुर का दायरा पहले से काफी बढ़ गया है। निवेश क्षेत्र में 65 नए ग्रामों को शामिल किया गया है, जबकि इससे पूर्व 41 गांव ही शामिल थे। इस तरह नए मास्टर प्लान में निवेश ग्रामों की संख्या बढ़कर 106 हो गई है। इन ग्रामों की संख्या बढ़ने से अब ये सभी ग्राम भी विकसित होने लगे हैं। इस कारण इन ग्रामों में भी जमीन से लेकर प्रॉपर्टी की खरीदी-बिक्री बढ़ी है। इधर रजिस्ट्री कराने में लोगों को किसी तरह की दिक्कतों का सामना न करना पड़े, इसके लिए जिले के ग्रामीण क्षेत्र से लेकर शहरी क्षेत्र तक उपपंजीयक दफ्तरों की संख्या भी लगातार बढ़ाई जा रही है। इसी कड़ी में अब टाटीबंध, बिरगांव नगर निगम क्षेत्र में भी जल्द ही उपपंजीयक दफ्तर खोलने की तैयारी पंजीयन विभाग द्वारा की जा रही है। संभावना जताई जा रही है कि आगामी दो माह के भीतर इन क्षेत्रों में उपपंजीयक दफ्तर खुल जाएंगे, जिससे इन क्षेत्रों तथा उससे लगे ग्रामों में रहने वालों को काफी राहत मिलेगी। रजिस्ट्री कराने के लिए उन्हें कलेक्टोरेट आने की जरूरत नहीं पड़ेगी।

- नए मास्टर प्लान में निवेश ग्रामों की संख्या बढ़कर 106 हो गई

### बेबीलॉन टॉवर और बिजनेस पार्क में खुल चुके हैं उपपंजीयक दफ्तर

राजधानी रायपुर के कलेक्टोरेट परिसर स्थित मुख्य पंजीयन दफ्तर में त्योहारों तथा क्लोजिंग मार्च महीने में रजिस्ट्री कराने वालों की भीड़ लगती है, जिससे लोगों को रजिस्ट्री कराने के लिए ऑनलाइन आवेदन कर अपॉइंटमेंट लेने से लेकर रजिस्ट्री कराने में अन्य कई तरह की दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। इसे देखते हुए विभाग ने शहर के सड्डु मोवा तथा विधानसभा रोड स्थित बेबीलॉन टॉवर और श्रीराम बिजनेस पार्क में उपपंजीयक दफ्तर खोले हैं। इन दोनों जगह रजिस्ट्री होने से अब इस क्षेत्र के लोगों को कई किलोमीटर का लंबा सफर तय कर कलेक्टोरेट आने की जरूरत नहीं पड़ती। इससे समय, श्रम और आने-जाने में खर्च होने वाली राशि तीनों की बचत हो रही है।

### चारों क्षेत्रों में खुलेंगे उपपंजीयक दफ्तर

चारों क्षेत्रों में उपपंजीयक दफ्तर खोलने की योजना है। शासन के निर्देश पर लगातार उपपंजीयक दफ्तर खोले जा रहे है। दिसंबर तक बिरगांव, टाटीबंध में भी खोले जाने की संभावना है। कुछ क्षेत्रों के लिए कलेक्टोरेट स्थित मुख्य बिल्डिंग में उपपंजीयक बैठेंगे।

- विनोज कोचे, पंजीयक, पंजीयन विभाग, रायपुर

डिंपल्स

कॉस्मेटिक सर्जरी द्वारा गालों में स्थायी डिंपल्स
कालड़ा प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी एवं बर्न सेंटर
आर.के.सी. के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स माल के पास, रायपुर (छ.ग.)
9827143060/8871003060
छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त
Ajay Advt.

घर के सामने नशा करने से रोका तो की मारपीट : रायपुर। अपने घर के सामने नशा करने से मना करने पर नशेड़ी ने एक युवक के साथ मारपीट की। घटना गुढ़ियारी थाना क्षेत्र के रामनगर चौकी की है। पुलिस के मुताबिक, लक्ष्मण नगर निवासी आशीष कुमार पाण्डेय ने भोला बघेल को अपने घर के सामने नशा करने से मना किया। इस बात से नाराज होकर नशेड़ी ने आशीष के साथ गाली-गलौज कर उसे जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट की।

# तय स्पेशलाइजेशन के साथ दी जाएगी फिजियोथेरेपी सहित स्वास्थ्य संबंधित उपाधियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

यूजीसी ने एलाइड और हेल्थ केयर से जुड़े कई डिग्री प्रोग्राम के ढांचे में बदलाव किया है। यह नया नियम शैक्षणिक सत्र 2026-27 से लागू होगा। इसके तहत मास्टर्स ऑफ फिजियोथेरेपी और मास्टर्स ऑफ ऑक्यूपेशनल थेरेपी की डिग्री अब सामान्य नाम से नहीं, बल्कि तय स्पेशलाइजेशन के साथ दी जाएगी। यूजीसी ने यह बदलाव 27 अगस्त 2026 को भारत के राजपत्र में जारी 5वें संशोधन के तहत किया है। यह संशोधन यूजीसी की 2014 में जारी डिग्रियों से संबंधित अधिसूचना में किया गया है। इसके तहत एलाइड और हेल्थ केयर एजुकेशन से जुड़े कई नए और संशोधित डिग्री प्रोग्राम को भी लिस्ट में शामिल किया गया है।

2026-27 से एमपीटी करने वाले छात्रों की डिग्री में उनके स्पेशलाइजेशन का उल्लेख किया जाएगा। यूजीसी ने इसके लिए 8 क्षेत्र निर्धारित किए हैं। इनमें मस्कुलोस्केलेटल साइंसेज, न्यूरोसाइंसेज, कार्डियोवैस्कुलर और पल्मोनरी साइंसेज, स्पोर्ट्स साइंसेज, पीडियाट्रिक्स और नियोनेटल साइंसेज, ऑब्सटेट्रिक्स और गायनेकोलॉजी साइंसेज, ऑन्कोलॉजी साइंसेज और कम्युनिटी रिहैबिलिटेशन साइंसेज शामिल है। वहीं एमपीटी प्रोग्राम की न्यूनतम अवधि 2 साल होगी और इसमें प्रवेश के लिए बैचलर डिग्री जरूरी होगी।



- शैक्षणिक सत्र 2026-27 से लागू होगा नया नियम, यूजीसी की नई व्यवस्था

### एमओटी डिग्री भी स्पेशलाइजेशन संग

मास्टर्स का ऑक्यूपेशनल थेरेपी के लिए भी इस तरह का बदलाव किया गया है। इसके तहत छात्रों को अलग-अलग विशेषज्ञता वाले क्षेत्रों में डिग्री प्रदान की जाएगी। एमओटी के लिए मस्कुलोस्केलेटल विज्ञान, बाल चिकित्सा और नवजात विज्ञान, तंत्रिका विज्ञान, मानसिक स्वास्थ्य, हृदय और फुफ्फुसीय विज्ञान, पुनर्वास, जराचिकित्सा, हाथ और ऑन्कोलॉजीकल विज्ञान जैसी स्पेशलाइजेशन निर्धारित की गई है। एमओटी की अवधि में भी कम से कम 2 साल रखी गई है और इसमें एडमिशन के लिए बैचलर डिग्री होगी।

### संशोधित उपाधि भी शामिल

यूजीसी के पांचवें संशोधन में सिर्फ एमपीटी और एमओटी में बदलाव नहीं किया गया है। एलाइड और हेल्थ केयर एजुकेशन से जुड़े कई नए और संशोधित यूजी तथा पीजी डिग्री प्रोग्राम भी जोड़े गए हैं। इनमें बैचलर ऑफ मेडिकल लेबोरेटरी साइंस, मास्टर्स ऑफ मेडिकल लेबोरेटरी साइंस, मेडिकल माइक्रोबायोलॉजी, हेमेटोलॉजी एंड ट्रांसफ्यूजन मेडिसिन और हिस्टोलॉजी और साइकोपैथोलॉजी में मास्टर्स प्रोग्राम शामिल हैं। इसके अलावा बैचलर ऑफ इमरजेंसी मेडिकल टेक्नोलॉजिस्ट, मास्टर्स ऑफ एडवांस्ड केयर पिरामिडिक्स, बैचलर और मास्टर्स ऑफ एनेस्थीसिया एंड ऑपरेशन थिएटर टेक्नोलॉजी को भी लिस्ट में जगह दी गई है।

### पुराने छात्रों पर लागू नहीं

यूजीसी के नए नियम का असर पहले से पढ़ाई कर रहे छात्रों पर नहीं पड़ेगा। 2026-27 से पहले एमपीटी या एमओटी में एडमिशन ले चुके छात्रों को पहले नियमों के अनुसार ही डिग्री दी जा सकेगी। यूजीसी के डॉक्यूमेंट भी शामिल नेशनल कमीशन फॉर एलाइड एंड हेल्थ केयर प्रोफेशन के संचार में भी इस बात का उल्लेख किया गया है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, एनसीएचपी के नियामक ढांचे के तहत 33 नए और 21 एलाइड तथा हेल्थ केयर यूजी-पीजी डिग्री प्रोग्राम को अपडेट किया गया है। इसका उद्देश्य इन प्रोग्राम की डिग्री के नाम, अवधि और प्रवेश योग्यता में एकरूपता लाना है। यूजीसी ने यह बदलाव यूजीसी एक्ट 1956 की सेक्शन (22) 3 के तहत किया है।

online Booking:-www.tripuryatra.com

स्लीपर मात्र 9,500/-
सुनहरा अवसर
रायपुर, अम्लीपुर, तहसील से होकर
स्पेशल ट्रेन
22 से 28 अक्टूबर 2026 (7 दिन)
40 सीट शेष
द्वारकाधीश धाम यात्रा
श्री द्वारकापीठ, श्री द्वारकामेट, श्री सोमनाथ, श्री नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, उज्जैन (श्री महाकालेश्वर)
ऑफर राशि - स्लीपर 9,500/-, 3 एसी-16,500/-, 2 एसी 22,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36 Sector-4, Kamal Vihar, KOREA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza Power House Road
संपर्क करें:- 9165 411411

हरिभूमि
छत्तीसगढ़ का नंबर 1 अखबार
आवश्यकता है
हरिभूमि समाचार पत्र को मात्र 4 घंटे (पार्ट टाईम) सर्वे कार्य हेतु 20 युवक एवं युवतियों की आवश्यकता है, जिसके पास स्वयं का वाहन हो, इच्छुक व्यक्ति संपूर्ण बायोडाटा के साथ तुरंत संपर्क करें।

योग्यता : 10वीं, 12वीं, स्नातक
वेतन 10,000 + इंसेन्टिव
Resume Whatsapp करें 9827555678
हरिभूमि कार्यालय, धमतरी रोड, टिकरापारा, रायपुर

हरिभूमि

रायपुर, मंगलवार 6 अक्टूबर 2026

लाइव

Email id- zindgi.live.hb@gmail.com

0771- 4242222, Message at - 9630172937





लाखों के दुर्गा पंडाल, काशी विश्वनाथ...

## लाइव इवेंट

# राष्ट्रीय स्तर पर विद्यार्थियों को मिला करियर मार्गदर्शन



**रायपुर।** विद्यार्थियों को रोजगार एवं करियर से जुड़ी जानकारी देने के उद्देश्य से **राष्ट्रीय मार्गदर्शन मिशन** के तहत ऑनलाइन करियर मार्गदर्शन सत्र का आयोजन किया गया। माइक्रोसॉफ्ट टीम्स के माध्यम से आयोजित इस सत्र का संचालन राष्ट्रीय मार्गदर्शन मिशन की मार्गदर्शक एवं राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त शिक्षिका के. शारदा ने किया। सत्र में के. शारदा ने विद्यार्थियों को करियर निर्माण, रोजगार के अवसरों और भविष्य की बेहतर तैयारी के संबंध में मार्गदर्शन दिया। उन्होंने विद्यार्थियों को अपनी रुचि, योग्यता और क्षमता के अनुरूप करियर विकल्प चुनने तथा उपलब्ध अवसरों का सही दिशा में उपयोग करने के लिए प्रेरित किया।

### कृषि और वाणिज्य में करियर की संभावनाएं बताईं

विद्यार्थियों को कृषि एवं वाणिज्य क्षेत्र में रोजगार और करियर की संभावनाओं से परिचित कराने के लिए विषय विशेषज्ञों को भी आमंत्रित किया गया। छत्तीसगढ़ कृषि विभाग की सहायक सांख्यिकी अधिकारी अर्चना बघेल ने कृषि क्षेत्र में रोजगार एवं करियर की संभावनाओं की जानकारी दी। वहीं बालोद जिले के व्याख्याता विवेक धुर्वे ने वाणिज्य विषय में उच्च शिक्षा, प्रतियोगी परीक्षाओं और रोजगार के विभिन्न अवसरों के बारे में बताया। ऑनलाइन सत्र में छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों के शिक्षक और विद्यार्थी शामिल हुए। देश के अन्य राज्यों के शिक्षक भी ऑनलाइन माध्यम से जुड़े। विद्यार्थियों और शिक्षकों को विशेषज्ञों से सीधे संवाद करने तथा कृषि, वाणिज्य, रोजगार, प्रतियोगी परीक्षाओं और करियर से जुड़े सवाल पूछने का अवसर मिला। राष्ट्रीय मार्गदर्शन मिशन के तहत आयोजित इस सत्र के माध्यम से विद्यार्थियों को विशेषज्ञों से जुड़ने और अपनी रुचि व क्षमता के अनुसार करियर की दिशा चुनने में मदद मिली।

## दूधाधारी मठ में जीवंत होगी रामलीला, दशहरे के दिन होता है अंतिम मंचन

# नवरात्रि से पहले रामलीला मंडली ने शुरू की 'सीता' और 'रावण' की तलाश, कलाकारों की कमी, एक ही शख्स निभाएगा दो किरदार

राजधानी में नवरात्रि पर्व को लेकर तैयारियां शुरू हो चुकी हैं। इस बार भी दूधाधारी मठ में रामलीला का मंचन किया जाएगा। साथ ही शांति सरोवर में चैतन्य झांकी का भी आकर्षण रहेगा। रामलीला मंडली को समितियों ने बुलावा भेज दिया है। पहले दिन से ही मंचन शुरू होगा। दूधाधारी मठ में 153 साल से रामलीला की परंपरा चली आ रही है। नवरात्रि में रामलीला की रौनक फिर देखने को मिलेगी। बच्चे और युवा रामलीला देखने बेहद उत्सुक हैं।

**रायपुर।** रामायण के पात्रों के अनुसार युवाओं को तैयार किया जा रहा है। दूधाधारी मंदिर में 22 साल से लक्ष्मीनारायण मंदिर रामकुंड की रामलीला पार्टी रामायण का मंचन कर रही है। नौ दिन रामलीला के बाद दशहरे के दिन रावणभाठा में अंतिम मंचन होता है।



### पुराने मंझे हुए कलाकारों का रिप्लेसमेंट ढूंढना चुनौती

इस बार भी मंडली को आमंत्रित किया गया है। नवरात्रि शुरू होने के पहले दिन से मंडली पहुंच जाएगी। रोज रात 9 बजे से रामलीला का मंचन होगा। लोगों में इसे लेकर काफी उत्साह है और वे इसमें शामिल होने पहुंचते भी हैं। इसमें हिस्सा लेने वाले कलाकार रोजी-रोटी के लिए दूसरे व्यवसाय भी करते हैं। इस कारण भी कलाकार ढूंढने में दिक्कत रामलीला मंडली को आती है। कई ऐसे भी हैं, जो पहले रामलीला करते थे, लेकिन अब मंडली का हिस्सा नहीं हैं। पुराने मंझे हुए कलाकारों का रिप्लेसमेंट ढूंढना भी एक चुनौती है।



### रामायण के महत्वपूर्ण हिस्सों का मंचन

नवा रायपुर में भी 10 साल से रामलीला का मंचन किया जा रहा है, जिसकी तैयारियां शुरू हो चुकी हैं। समिति के सदस्य ने बताया कि रामलीला को लेकर अभ्यास शुरू हो चुका है। इस बार भी परंपरा के अनुसार नवरात्रि के शुरुआत से ही रामलीला का मंचन देखने को मिलेगा। कुछ नए कलाकार भी जुड़ेंगे। रामायण के महत्वपूर्ण हिस्सों का मंचन होगा।



### कलाकारों की कमी इसलिए एक कलाकार दो भूमिकाओं में

रामलीला मंडली को रावण और माता सीता का किरदार निभाने कलाकार ही नहीं मिल रहे हैं। मंडली का कहना है कि मंडली में कलाकारों की संख्या अब हर साल कम होती जा रही है। ऐसे में माता सीता के लिए कोई कलाकार नहीं मिल रहा है। हर साल मां सीता का अभिनय करने कोई लड़की नहीं मिलती। इस वजह से एक कलाकार को दो किरदार निभाने पड़ेंगे। मंडली का कहना है कि नवरात्रि में लगभग 9 दिनों तक रायपुर में रहते हैं। ऐसे में कोई अकेली महिला या युवती इतने दिनों के लिए मंडली के साथ जुड़ नहीं पाती। रावण के लिए मोटे और बड़े कद वाले व्यक्ति की तलाश है। रामलीला में अब सभी युवा और पुरुष हैं। अब कोई भी वरिष्ठ कलाकार नहीं है।

## सिटी इवेंट

# मोबाइल से दूरी, खिलौनों से दोस्ती... स्टेम सेट से बच्चे बना रहे कार- हवाई जहाज

**रायपुर।** डिजिटल दौर में बच्चे फोन, लैपटॉप, टैब और टीवी पर अधिकांश समय बिताते हैं, जिससे उनकी मानसिक और शारीरिक गतिविधियों पर असर पड़ता है। इस समस्या से निपटने के लिए माता-पिता अब बच्चों को शारीरिक और मानसिक बुद्धि क्षमता बेहतर बनाने के लिए खिलौने दे रहे हैं। शहर के देवेंद्र नगर, शंकर नगर और मॉल्स की टॉय शॉप्स में कई ऐसे खिलौने हैं, जो बच्चों का स्क्रीन टाइम कम करने में मददगार साबित होंगे। दुकान संचालक ने बताया कि ये खिलौने बच्चों का ध्यान डिजिटल स्क्रीन से हटाकर खेल और सीखने की ओर मोड़ते हैं, जिससे उनके मानसिक और शारीरिक विकास में मदद मिलती है।



### स्टेम बिल्डिंग सेट्स खिलौना

बच्चों का स्क्रीन टाइम कम करने परिजन बच्चों को क्रिएटिव तोहफा देना पसंद कर रहे हैं। देवेंद्र नगर स्थित दुकान के संचालक अशोक नागवानी ने बताया कि पहले जहां माता-पिता बजट फ्रेंडली खिलौने खरीदना पसंद करते थे, अब वे क्रिएटिव और स्क्रीन टाइम कम करने में उपयोगी खिलौने खरीद रहे हैं। 8-15 साल के बच्चों के लिए 'स्टेम बिल्डिंग सेट्स' दुकान पर उपलब्ध है, जो बच्चों की बौद्धिक क्षमता बढ़ाने में मददगार है। लकड़ी से तैयार छोटे-छोटे ब्लॉक इसमें होते हैं, जिसे आपस में जोड़कर एरोप्लेन, कार के मॉडल जैसे वर्किंग खिलौने तैयार किए जा सकते हैं। इसे रिमोट की मदद से कंट्रोल किया जा सकता है। यह खिलौना मानसिक स्वास्थ्य के लिए सबसे बेहतर विकल्प है, जहां बच्चा स्क्रीन टाइम कम समय में ही छोड़ सकता है। इसकी कीमत हजार रुपए से अधिक है।

### क्वालिटी टाइम बढ़ाने जियोमैग, ब्लॉक, क्यूब की मदद

वर्किंग लाइफस्टाइल के चलते बच्चे माता-पिता के साथ ज्यादा समय बिताना चाहते हैं। इसी जरूरत को ध्यान में रखते हुए परिजन अब जियोमैग, ब्लॉक, रुबिक क्यूब जैसे खिलौने देना पसंद कर रहे हैं। शंकर नगर की दुकान संचालक निकिता अग्रवाल ने बताया कि ये खिलौने बच्चों और माता-पिता के बीच खेलने तथा सीखने की गतिविधियों को बढ़ावा देते हैं, जिससे क्वालिटी टाइम बढ़ता है। साथ ही पारंपरिक खेल जैसे बैडमिंटन, क्रिकेट किट, फुटबॉल, स्केट्स और लकड़ी के खिलौने भी खूब पसंद किए जा रहे हैं। ये सभी विकल्प बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास में मददगार साबित हो रहे हैं।

### ऑनलाइन खिलौने भी मंगा रहे परिजन

इन दिनों ऑनलाइन खरीदारी के जरिए परिजन बच्चों के लिए भी खिलौने मंगा रहे हैं। माता-पिता अब सिर्फ सामान्य खिलौनों तक सीमित नहीं रह गए हैं, बल्कि ऐसे क्रिएटिव और शैक्षिक खिलौने चुन रहे हैं, जो बच्चों के मानसिक और शारीरिक विकास में मददगार हों। इसमें पजल्स और ब्लॉक कंस्ट्रक्शन सेट्स, रिमोट कंट्रोल कार और ड्रोन,क्यूब और मैजिक क्यूब्स, साइंस एक्सपेरिमेंट किट्स, आर्ट और क्राफ्ट किट्स, लॉजिक गेम्स, ब्रेन टीजर, प्लैश टॉयज, एजुकेशनल डॉल्स, स्टोरी बुक्स, इंटरैक्टिव किताबें, बैडमिंटन, क्रिकेट किट, स्केटबोर्ड, रोलर स्केट्स, लकड़ी के पारंपरिक खिलौने और म्यूजिकल टॉयज शामिल हैं, जिसकी खरीदी ऑनलाइन प्लेटफार्म से की जा रही है।

# संस्कार शाला में बच्चों ने कलरफुल क्ले से बनाईं आकर्षक कलाकृतियां

रायपुर। महाराष्ट्र मंडल के संत ज्ञानेश्वर विद्यालय में शनिवार को आयोजित साप्ताहिक संस्कार शाला में बच्चों ने कलरफुल क्ले से आकर्षक कलाकृतियां बनाईं। निचली बस्ती से आने वाले बच्चों ने रंगबिरंगे क्ले से भगवान श्रीगणेश, भोलेनाथ और फूलों की सुंदर आकृतियां तैयार कीं। रचनात्मक गतिविधि के दौरान बच्चों ने उत्साह के साथ अपनी कल्पनाओं को आकार दिया। महाराष्ट्र मंडल के वल्लभनगर केंद्र की सभासद शोभा मोहता करीब एक माह से इस संस्कार शाला का संचालन कर रही हैं। कक्षा की शुरुआत उन्होंने बच्चों से मां सरस्वती की वंदना कराकर की। इसके बाद बच्चों को क्ले से अलग-अलग आकृतियां बनाने के लिए प्रेरित किया गया।



संत ज्ञानेश्वर विद्यालय में एक माह से संचालित हो रही संस्कार शाला, बच्चों में बढ़ रहा उत्साह

### हर सप्ताह उत्साह बढ़ता दिखाई दे रहा

शोभा मोहता ने बताया कि संस्कार शाला में बच्चों को पढ़ाने और विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से सिखाने की प्रक्रिया लगातार जारी है। प्रत्येक शनिवार को लगने वाली इस बाल संस्कार शाला को लेकर बच्चों में हर सप्ताह उत्साह बढ़ता दिखाई दे रहा है। इस सप्ताह बच्चों ने कलरफुल क्ले से भगवान श्रीगणेश की मनमोहक प्रतिमा बनाई। इसके अलावा भोलेनाथ और विभिन्न प्रकार के फूलों की डिजाइन भी तैयार की। गतिविधि के माध्यम से बच्चों को रचनात्मकता के साथ अपनी कल्पनाशक्ति को अभिव्यक्त करने का अवसर मिला।

# शोधार्थियों ने प्रॉम्प्ट इंजेक्शन को रोकने और हाइब्रिड एनोमली-डिटेक्शन सिस्टम किया प्रजेंट

रायपुर। एनआईटी में राष्ट्रीय कोडिंग हैकाथॉन कोडउत्सव एक्स.0 का यादगार समापन हुआ। संस्थान के ट्यूरिंग क्लब ऑफ प्रोग्रामर्स द्वारा रविवार को अपने 28 घंटे लंबे राष्ट्रीय कोडिंग हैकाथॉन "कोडउत्सव एक्स.0" के समापन समारोह का सफलतापूर्वक आयोजन किया। यह आयोजन जिला प्रशासन रायपुर के सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत सेवा फर्स्ट इनोवेशन चैलेंज के तहत आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम को एनआईटी ने जिला प्रशासन रायपुर के साथ मिलकर आयोजित किया। समारोह में रायपुर नगर निगम के आयुक्त संबित मिश्रा मुख्य अतिथि तथा रायपुर जिला पंचायत के सीईओ कुमार बिस्वरंजन विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में डॉ. मनोज चोपकर डीन, कुमार संभव नामदेव हेड निको ग्रुप, डॉ. सुधाकर पांडे विभागाध्यक्ष आईटी एनआईटी सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। कार्यक्रम का आयोजन डॉ. पवन कुमार मिश्रा फैकल्टी-इन-चार्ज टीसीपी के मार्गदर्शन में किया गया। अपने संबोधन में कुमार बिस्वरंजन ने प्रतिभागियों को बधाई दी और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के कारण हो रहे तीव्र परिवर्तन पर प्रकाश डाला।

### उभरती चुनौतियों की पहचाने युवा पीढ़ी

संबित मिश्रा ने युवा पीढ़ी से उभरती चुनौतियों की पहचान कर उनके समाधान के लिए नवाचारपूर्ण प्रयास करने की उम्मीद व्यक्त की। उन्होंने छात्रों को अपने विचारों और प्रतिभा को एक साथ लाने तथा वास्तविक जीवन की समस्याओं के समाधान के लिए नगर निगम के साथ सहयोग के अवसर तलाशने के लिए प्रेरित किया। प्रथम पुरस्कार 50,000 एनआईटी रायपुर की टीम लिमिटलेस कोडर, जिसने प्रॉम्प्ट इंजेक्शन को रोकने के लिए दो-स्तरीय आरएजी -आधारित समाधान विकसित किया।

## कार्नर न्यूज

## जेसीआई रायपुर कैपिटल की ओर से द फैमिली कार्निवल-द जॉय जंक्शन का आयोजन

# फैमिली कार्निवल में गेम्स, ग्रैंड तंबोला और शॉपिंग स्टॉल बने आकर्षण, बच्चों से लेकर बड़ों तक ने लिया मनोरंजन का आनंद

**रायपुर।** जेसीआई रायपुर कैपिटल की ओर से जोरा द मॉल के सेकंड फ्लोर स्थित प्रदर्शनी हॉल में **'द फैमिली कार्निवल- द जॉय जंक्शन'** का आयोजन किया गया। पारिवारिक मनोरंजन और मेलजोल को समर्पित इस आयोजन में 2000 से अधिक लोगों ने हिस्सा लिया। पूरे आयोजन के दौरान बच्चों, युवाओं और बड़ों में खासा उत्साह देखने को मिला। कार्निवल में अलग-अलग तरह के गेम्स और मनोरंजन की गतिविधियां आयोजित की गईं। रॉलेट, सेवन अप सेवन डाउन, गन शूटिंग और डार्ट जैसे खेलों में प्रतिभागियों ने उत्साह के साथ हिस्सा लिया। बच्चों के साथ उनके अभिभावक भी विभिन्न गेम्स का आनंद लेते नजर आए। आयोजन में परिवार के सदस्यों को एक साथ मनोरंजन का अवसर मिला।



### 32 से अधिक बिजनेस और शॉपिंग स्टॉल

कार्निवल में 32 से अधिक बिजनेस एवं शॉपिंग स्टॉल लगाए गए। इन स्टॉल्स के जरिए विभिन्न व्यवसायों से जुड़े लोगों को अपने उत्पादों और सेवाओं के प्रदर्शन, प्रचार और बिक्री का अवसर मिला। आयोजन के दौरान लोगों ने गेम्स के साथ खरीदारी का भी आनंद लिया। जेसीआई रायपुर कैपिटल की टीम ने आयोजन की व्यवस्थाओं से लेकर विभिन्न गतिविधियों के संचालन तक जिम्मेदारी संभाली। टीम के सदस्यों की मेहनत और समन्वय से कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। आयोजन में शामिल लोगों ने फैमिली कार्निवल की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के कार्यक्रम परिवार के सदस्यों को साथ समय बिताने और मनोरंजन का अच्छा अवसर देते हैं।

### ग्रैंड तंबोला रहा खास आकर्षण

कार्निवल का प्रमुख आकर्षण ग्रैंड तंबोला रहा। इसमें बड़ी संख्या में लोगों ने हिस्सा लिया। विजेताओं को डायमंड और गोल्ड रिंग, सिल्वर कॉइन्स, गोल्ड कॉइन्स सहित विभिन्न पुरस्कार दिए गए। पुरस्कार जीतने के दौरान प्रतिभागियों में खासा उत्साह देखने को मिला।





● माना कैंप में शारदीय नवरात्रि पर लाखों रुपए के भव्य थीम बेस्ड दुर्गा पंडाल होंगे आकर्षण का केंद्र

# लाखों के दुर्गा पंडाल, काशी विश्वनाथ और जगन्नाथ पुरी धाम के होंगे दिव्य दर्शन

*राजधानी के माना कैंप में शारदीय नवरात्रि पर्व पर लाखों रुपए की भव्य थीम बेस्ड दुर्गा पंडाल आकर्षण का केंद्र रहेगा। श्रीश्री मां काली मंदिर दुर्गोत्सव समिति द्वारा माना बाजार के दुर्गा पंडाल को सुप्रसिद्ध काशी विश्वनाथ मंदिर की ऐतिहासिक वास्तुकला, दिव्यता और उसके भव्य स्वरूप को साकार किया जा रहा है। वहीं दूसरी तरफ माना कैंप मैदान के दुर्गा पंडाल को ओडिशा के विश्वविख्यात जगन्नाथ पुरी मंदिर का भव्य स्वरूप दिया जा रहा है। इस प्रकार श्रद्धालुओं को माना कैंप में ही बनारस के काशी विश्वनाथ मंदिर और ओडिशा के जगन्नाथ पुरी धाम, एक साथ दो धामों की झलक में अलौकिक भक्ति-आस्था का अहसास होगा।*



### कोलकाता के 55 से अधिक कारीगर ढाई महीने से सजा रहे पंडाल

पंडाल निर्माण में जुटे कोलकाता के कारीगरों ने बताया कि कांशी विश्वनाथ मंदिर थीम के दुर्गा पंडाल में 30 कारीगर और जगन्नाथ पूरी मंदिर थीम वाली दुर्गा पंडाल के निर्माण में 25 कारीगर पिछले लगभग ढाई तीन महीने से ढांचा तैयार करने का कार्य चल रहा है। आगामी 5 से 6 दिनों में पंडाल अपने मूल स्वरूप में दिखने लगेगा। इस पंडाल के लिए कोलकाता से ढांचे की विशेष लकड़ियां व सामग्रिया मंगाई गई है।

**रायपुर।** समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि माना कैंप शारदीय नवरात्रि पर अपनी अनोखी और भव्य दुर्गा पूजा के लिए जाना जाता है। उसी के अनुरूप इस वर्ष भी समितियों के पदाधिकारियों ने थीम बेस्ड भव्य दुर्गा पंडलों की पूरी तरह तैयारी की है। इस बार यहां काशी विश्वनाथ मंदिर और जगन्नाथ पुरी मंदिर की भव्य प्रतिकृति पर आधारित दुर्गा पंडाल का निर्माण किया जा रहा है। माना कैंप की यह विशेष परंपरा के अनुरूप यहां माता रानी की प्रतिमा पंचमी तिथि को विराजमान होंगी, जिसके बाद से ही दर्शन के लिए हजारों-लाखों की संख्या में दूर-दूर से भक्त यहां जुटना शुरू हो जाते हैं। इस साल दुर्गा पूजा के अवसर पर थीम बेस्ड भव्य दुर्गा पंडाल श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहेगा।



### 52वें वर्ष खास थीम पर तैयारी

श्रीश्री मां काली मंदिर दुर्गोत्सव समिति माना बाजार के अध्यक्ष अनितोष विश्वास ने बताया कि समिति अपने 52वें वर्ष में दुर्गोत्सव पर काशी विश्वनाथ मंदिर की प्रतिकृति करीब 70 फीट ऊंची बना रही है। वहीं इसका लागत बजट 35 लाख रुपए तक पहुंच गया है। सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति के संरक्षक एन. विश्वास ने बताया कि जगन्नाथ पुरी का भव्य पंडाल भी लगभग 70 फीट ऊंचा बनाया जा रहा है। इसकी लागत बजट 40 लाख रुपए के आसपास पहुंच गई है।

### गंगाघाट जैसी जगमग आरती का दिखेगा अलौकिक नजारा

कारीगरों ने बताया कि हजारों लाइटिंग और विशेष साज-सज्जा से काशी विश्वनाथ मंदिर थीम के इस दुर्गा पंडाल में ऐसा वातावरण निर्मित किया जा रहा है, जहां रात में बनारस के गंगाघाट की अलौकिक जगमग आरती के जैसा नजारा दिखेगा। कारीगरों ने बताया कि पंडाल काशी विश्वनाथ मंदिर की जीवंत प्राकृतिक दृश्य की आभा को प्रदर्शित करेगा। इस आभा में दर्शनार्थियों को काशी के घाट और गलियों का अहसास कराने के लिए पंडाल और उसके आसपास विशेष थीम-बेस्ड लाइटिंग की व्यवस्था की गई है। ये लाइटें रात के समय जगमग होंगी, जिससे बेहद मनमोहक दृश्य नजर आएंगे।



### 15 अक्टूबर से श्रद्धालु कर सकेंगे दर्शन

श्रीश्री मां काली मंदिर दुर्गोत्सव समिति माना बाजार के अध्यक्ष अनितोष विश्वास ने बताया कि पंडाल को इस तरह से डिजाइन किया गया है, जो वाराणसी के मूल काशी विश्वनाथ मंदिर की ऐतिहासिक वास्तुकला, उसके भव्य द्वारों और शिखर के स्वरूप को जीवंत करता है। पंडाल के बाहरी और आंतरिक हिस्सों की बनावट में काशी नगरी की तर्ज पर नक्काशी और प्राचीन कलाकृतियों की झलक देखने को मिलेगी। मां दुर्गा का अलौकिक स्वरूप और बंगाली परंपरा, पंडाल के भीतर गर्भगृह में स्थापित मां दुर्गा की दिव्य और रौद्र रूप वाली प्रतिमा के दर्शन श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर देंगे। इस भव्यता का 15 अक्टूबर से श्रद्धालु दर्शन कर सकेंगे।

## सिटी लाइव

# मेडिकल हेल्थ कैंप में 200 नागरिकों ने उठाया स्वास्थ्य जांच का लाभ



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ पंजाबी सनातन सभा द्वारा मेडिकल हेल्थ कैंप का आयोजन किया गया। इस हेल्थ कैंप में समाज के लगभग 200 लोगों ने स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सकीय परामर्श का लाभ उठाया। कैंप में एमएमआई की मेडिकल टीम के विशेषज्ञ चिकित्सकों ने अपनी सेवाएं प्रदान कीं। इस हेल्थ कैंप में कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. सुनील गुनियाल ने चिकित्सकीय परामर्श में कहा कि व्यक्ति की सेहत सीधे तौर पर उसकी लाइफस्टाइल से जुड़ी होती है। उन्होंने नियमित व्यायाम, संतुलित आहार और पर्याप्त नींद को स्वस्थ जीवन के प्रमुख आधार बताते हुए सप्ताह में कम से कम पांच दिन 30-40 मिनट ब्रिस्क वॉक अथवा कार्डियो एक्सरसाइज करने की सलाह दी। हेल्थ कैंप में अस्थि रोग, स्त्री रोग, हृदय रोग, डायबटिज, पेट रोग जैसे समस्याओं से संबंधित जांच व उपचार किया गया। कैंप में डॉ. सोनल व्यास, डॉ. आकांक्षा चिखलीकर, डॉ. अयाधेश कुमार, डॉ. अभिषेक जैन एवं डॉ. पंकज पटेल ने उपस्थित होकर मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण एवं चिकित्सकीय परामर्श किया।

### कार्यक्रम में ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम में अध्यक्ष सतिंदर कोहली, यूथ विंग अध्यक्ष विवेक साहनी, संरक्षक सुनील डोगर, जवाहर खन्ना, कोषाध्यक्ष विकास मोदी, उपाध्यक्ष नीरज सेठी, विकास विग, यूथ विंग संरक्षक रोहित अरोड़ा, महिला मंडल अध्यक्ष अलका मोदी, महिला यूथ अध्यक्ष प्रिया टावरे, विभूति अरोड़ा, मिताली गुप्ता, ज्योति अरोड़ा, पूजा चोपड़ा, संध्या चंग, वर्षा वोहरा, रीना सखूजा, अर्चना डोगर, सनी डोडेजा, राजीव गेरा, सुशील सखूजा, मित्तेश कक्कड़ एवं अमित वर्मा उपस्थित रहे।

### स्वास्थ्य ही सबसे बड़ी संपत्ति

छत्तीसगढ़ पंजाबी सनातन सभा के पदाधिकारियों ने कहा कि स्वास्थ्य ही सबसे बड़ी संपत्ति है और समाज के लोगों को स्वास्थ्य सुविधाओं एवं स्वास्थ्य जागरूकता से जोड़ना संस्था की प्राथमिकताओं में शामिल है। इसी उद्देश्य से आयोजित इस मेडिकल कैंप में लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और विशेषज्ञ चिकित्सकों से स्वास्थ्य परीक्षण एवं परामर्श का लाभ उठाया।

# शिव-शक्ति, नवदुर्गा, राधाकृष्ण के भक्ति गीत-नृत्य से प्रतिभागियों ने बांधा समां

**अशोका रतन वीआईपी मोहल्ला समिति द्वारा अग्रसेन जयंती महोत्सव का भव्य आयोजन**





**रायपुर।** अशोका रतन वीआईपी मोहल्ला समिति द्वारा आयोजित अग्रसेन जयंती महोत्सव का भव्य समापन हुआ। सोमवार को वाहे रिसोर्ट में आयोजित कार्यक्रम में विभिन्न सांस्कृतिक व मनोरंजक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इन प्रतियोगिताओं में महिला प्रतिभागियों ने थीम बेस्ड शिव-शक्ति, नवदुर्गा, राधाकृष्ण भक्ति नृत्य-संगीत से समां बांधा। अग्रसेन जयंती महोत्सव में मोहल्ले के सभी प्रतिभागियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम में बच्चों से लेकर बड़ों तक में उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मोतीलाल साहू और अग्रवाल सभा के अध्यक्ष विजय अग्रवाल विशेष रूप से शामिल हुए। कार्यक्रम के संयोजक अजय अग्रवाल ने बताया कि इस तरह के आयोजन से समाज में आपसी भाईचारा और संस्कृति को बढ़ावा मिलता है। अंत में समिति के सदस्यों ने सभी अतिथियों और प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया। समारोह में अग्रसेन महाराज के जीवन और सिद्धांतों को याद किया गया। अतिथियों ने समाज में एकता और सहयोग की भावना को बनाए रखने का संदेश दिया।

### विजेताओं को मिले आकर्षक ईनाम

समारोह में आयोजित प्रतियोगिताओं के विजेताओं को अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया। विजेता पुरस्कार में आकर्षक ईनाम पाकर चेहरे खुशी से खिल उठे। आयोजन से समाज में सद्भवना, संस्कृति और परंपरा का अनूठा संगम देखने को मिला। आयोजन समिति के सदस्यों ने सभी प्रतिभागियों, समाजजनों और अतिथियों का कार्यक्रम में भागीदार बनने के लिए आभार जताया।

# विद्यार्थियों ने रंगोली में उकेरी गांधीजी के सेवा संकल्प की भावना

**रायपुर।** डॉ. राधाबाई नवीन कन्या महाविद्यालय में गांधी सेवा सप्ताह के अंतर्गत रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय और शहर के सामाजिक समितियों के साथ एमओयू भी किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. विनोद जोशी ने बताया कि महाविद्यालय में सामाजिक जागरूकता, कार्यशालाओं, प्रशिक्षण, कार्यक्रमों, व्याख्यानों, कला प्रदर्शनी, सांस्कृतिक कार्यक्रम, प्रतियोगिताओं तथा अन्य रचनात्मक गतिविधियों के आयोजन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से प्रमुख सामाजिक संगठनों के साथ समझौता ज्ञापन किया गया है। इसमें छत्तीसगढ़ की सबसे बड़ी और पुरानी अंधश्रद्धा निवारण समिति और महाकौशल कला परिषद के साथ महाविद्यालय ने समझौता ज्ञापन किया है। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. विनोद जोशी ने अंधश्रद्धा निवारण समिति के डॉ. दिनेश मिश्रा और महाकौशल कला परिषद के डॉ. प्रवीण शर्मा की उपस्थिति में एमओयू साइन किया गया। इस एमओयू के साथ ही महाविद्यालय में विद्यार्थियों के ज्ञानवर्धन के लिए अंधविश्वास की रोकथाम एवं जनजागृति फैलाने, वैज्ञानिक दृष्टिकोण, तर्कशीलता एवं विवेकपूर्ण सोच विकसित करने तथा समाज में व्याप्त अंधविश्वास एवं रुढ़िवादी मान्यताओं के प्रति जागरूकता, कला प्रदर्शनी, सांस्कृतिक कार्यक्रम, प्रतियोगिताओं तथा अन्य रचनात्मक गतिविधियों का आयोजन होंगे।



### छात्राओं को समृद्ध बनाने रचनात्मक गतिविधियां जरूरी

साथ ही महाकौशल कला परिषद के तत्वावधान में गांधी सेवा सप्ताह के अंतर्गत रंगोली प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसका विषय राष्ट्रपिता महात्मा गांधी था। दोनों एमओयू का उद्देश्य बताते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य ने कहा कि कहा कि शिक्षा केवल पुस्तकीय ज्ञान तक सीमित नहीं है, बल्कि कला, संस्कृति और रचनात्मक गतिविधियां छात्राओं के व्यक्तित्व को समृद्ध बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। इस अवसर पर महाविद्यालय आईक्यूएसी समन्वयक डॉ. प्रीति श्रीवास्तव, डॉ. रूपा मल्होत्रा विभागाध्यक्ष गणित विभाग, डॉ. सीमा रानी प्रधान विभागाध्यक्ष हिंदी विभाग, डॉ. निधि गुप्ता संयोजक साहित्यिक एवं सांस्कृतिक परिषद, डॉ. श्वेता अग्निवंशी संयोजक रेड क्रॉस सोसायटी उपस्थित रहीं।

# स्वच्छता अभियान चलाकर दिया मानव सेवा उत्थान का संदेश

**रायपुर।** परम पूज्य श्री सतपालजी महाराज की प्रेरणा से मानव उत्थान सेवा समिति द्वारा 1 से 10 अक्टूबर तक संपूर्ण भारत में वृहद रूप से स्वच्छ भारत अभियान का कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी गांधी जयंती के अवसर पर श्री विभु सत्संग आश्रम आम्रपाली सोसायटी रायपुर की प्रभारी पूजनीय महात्मा दीप्ति जी के मार्गदर्शन में मानव उत्थान सेवा समिति जिला-रायपुर छत्तीसगढ़ द्वारा गांधी मैदान रायपुर में स्वच्छता अभियान चलाया गया। जिसमें नगर के गणमान्य जन, मानव उत्थान सेवा समिति के वरिष्ठ कार्यकर्ता डॉ. पीएल तारक, यशवंत विनायक, अनीश दीवान, अनिल रेगे, बती यादव, राम बाई राधिका, एवं मानव सेवा दल के स्वयंसेवक विजयलक्ष्मी, सीमा, येमलाल, अहिल्या, इंद्राणी, संजू, कृष्णा,यूथ विंग के सदस्य सुजाता, कुमुद, तनुष्का, योगेश तथा प्रेमी भाई बहनों का सहयोग सराहनीय रहा।

## कार्नर न्यूज

## लाइवलीवुड कॉलेज में युवाओं को डिजिटल मीडिया और होम डिलीवरी का प्रशिक्षण

# युवा बेरोजगारों को सोशल मीडिया क्रिएटर की मिलेगी ट्रेनिंग, डिजिटल मार्केटिंग की दुनिया में संवारेंगे कॅरियर




**रायपुर।** जोरा धरमपुरा स्थित जिले के लाइवलीवुड कॉलेज में प्रशिक्षु युवाओं को सोशल मीडिया क्रिएटर की ट्रेनिंग दी जाएगी। इसके लिए जल्द ही कॉलेज में मीडिया एंड इंटरटेनमेंट का नया कोर्स शुरू किया जाएगा। इस नए कोर्स के माध्यम से शिक्षित बेरोजगार युवाओं को आज की जरूरत के हिसाब से डिजिटल मीडिया मार्केटिंग की दुनिया में कैरियर संवारने का सुनहरा अवसर मिल सकेगा। प्रशिक्षित युवा सोशल मीडिया क्रिएटर बनकर इंस्टाग्राम, यूट्यूब और फेसबुक जैसे प्लेटफॉर्म पर वीडियो, फोटो या रील बनाकर लोगों का मनोरंजन, मार्गदर्शन करेंगे। वीडियो पर आने वाले विज्ञापनों, कंपनियों के उत्पादों का प्रचार, प्रोडक्ट्स के लिंक शेयर करके आर्थिक आय अर्जित कर सकेंगे। लाइवलीवुड कॉलेज के आयुक्त शरदचंद्र शुक्ला ने बताया कि सोशल मीडिया प्लेटफार्म आज के समय आर्थिक आय अर्जित करने का सबसे बड़ा माध्यम बनकर उभरा है। ऐसे में इस प्लेटफार्म के लिए लाइवलीवुड कॉलेज में प्रशिक्षु युवाओं को सिक्ल्ड बनाने की दिशा में जिला प्रशासन के सुझाव में योजना बनाई गई है। इसके तहत शिक्षित बेरोजगार युवाओं के लिए कॉलेज में सोशल मीडिया क्रिएटर की ट्रेनिंग क्लासेस शुरू किया जाना प्रस्तावित है। इस कोर्स की जल्द क्लासेस शुरू करने ट्रेनर और जरूरी संसाधन जुटाए जा रहे हैं।

### युवाओं की रुचि और बाजार की मांग पर नया प्रयोग

प्रभारी आयुक्त ने बताया कि कॉलेज में युवाओं की रुचि और बाजार की मांग के तहत विभिन्न सेक्टर्स में ट्रेनिंग देकर आत्मनिर्भर बनाया जा रहा है। इसी दिशा में सोशल मीडिया क्रिएटर ट्रेंड की शुरुआत एक नया प्रयोग होगी। अब तक सैकड़ों युवाओं को प्रशिक्षण, प्रमाण पत्र और प्लेसमेंट कराया जा चुका है। इनमें कंप्यूटर और आईटी में ऑफिस ऑटोमेशन, डेटा एंट्री, तकनीकी ट्रेड में मोटर वाहन मरम्मत, इलेक्ट्रिकल, सोलर पैनल इंस्टॉलेशन, रिटेल में रिटेल सेल्स कोर्सेस शामिल हैं।

### होम डिलीवरी ब्वॉयज की भी देंगे ट्रेनिंग

सोशल मीडिया क्रिएटर के साथ ही कॉलेज में युवाओं को होम डिलीवरी ब्वॉयज की भी ट्रेनिंग दी जाएगी। फूड्स, डेलीनीड्स, फैशन की हर सेक्टर्स में तेजी से ग्रोथ कर रहे डिजिटल मार्केटिंग में युवाओं के लिए लगातार रोजगार के अवसर बढ़ रहे हैं। ऐसे में इन ट्रेंड में प्रशिक्षित युवाओं को आसानी से रोजगार उपलब्ध हो सकेंगे। वर्तमान में कॉलेज में 11 कोर्स संचालित हो रहे हैं। इनमें दो कोर्स बढ़ने पर यह 13 कोर्सेस की संख्या हो जाएगी। प्रत्येक कोर्स की प्रशिक्षण अवधि दो महीने निर्धारित है। हर वर्ष सैकड़ों युवा इन कोर्सेस में प्रशिक्षित होकर प्लेसमेंट और स्वयं का व्यवसाय शुरू कर पा रहे हैं।

## ज्योतिष

### सर्वपितृ अमावस्या पर बनेंगे कई शुभ संयोग, इन राशियों का खुलेगा भाग्य



10 अक्टूबर को सर्वपितृ अमावस्या मनाई जाएगी। इसे साल की बड़ी अमावस्या भी कहा जाता है। यह तिथि धार्मिक महत्व के साथ-साथ ज्योतिषीय दृष्टि से भी बेहद खास मानी जाती है। मान्यता है कि इस दिन ग्रहों की स्थिति का शुभ प्रभाव कुछ राशियों के जीवन पर देखने को मिल सकता है। इस साल शनि मीन, सूर्य कन्या और शुक्र तुला राशि में विराजमान रहकर अपनी कृपा बरसाएंगे। इसके अलावा देवगुरु बृहस्पति कर्क राशि में स्थित होकर जातकों को शुभ परिणाम प्रदान कर सकते हैं। वहीं, हस्त नक्षत्र और ऐन्द्र योग का संयोग भी रहेगा। ऐसे में इन शुभ ग्रह स्थिति और संयोगों का प्रभाव 12 में से 3 राशि वालों के लिए बेहद खास रह सकता है। इस दौरान नए लोगों से संपर्क बनेंगे और उनके साथ मिलकर शुरू किए गए काम सफल हो सकते हैं। साथ ही, लंबे समय से अटकी इच्छाओं के पूरा होने के योग भी बन सकते हैं।

**कर्क :** कर्क राशि वालों को इस दौरान मनचाही सफलता मिलने के योग बन रहे हैं। नए लोगों से मुलाकात होगी और उनके साथ मिलकर किए गए कामों में तरक्की मिल सकती है। संतान से जुड़ी कोई अच्छी खबर मिल सकती है और संतान सुख की प्राप्ति के योग बनेंगे। इस समय नौकरी के बड़े अवसर आपको प्राप्त होंगे। कोई सरकारी क्षेत्र से बड़ा अपडेट मिलेगा। कार्यक्षेत्र में आपके प्रयासों को पहचान मिलेगी और कई नए अवसर प्राप्त हो सकते हैं। पारिवारिक जीवन में सुख-सुविधाओं की प्राप्ति होगी और घर का माहौल खुशहाल रहेगा।

**कन्याः** कन्या राशि वालों का भाग्योदय हो सकता है। आपकी मेहनत रंग लाएगी और लंबे समय से किए जा रहे प्रयासों का सकारात्मक परिणाम मिलेगा। इस दौरान अचानक आपकी आय में वृद्धि होने के योग बन रहे हैं। इस दौरान कोई गाड़ी खरीदने का सपना आपका पूरा होगा। आर्थिक मामलों में आपको लाभ मिलने के साथ पुराने निवेश या प्रयासों का भी अच्छा परिणाम प्राप्त हो सकता है। विवाह के लिए घर स मंजूरी मिलेगी।

**मकर :** मकर राशि वालों को बड़ी सफलता मिलने के योग बन रहे हैं। पुराने परिचित या प्रभावशाली लोगों की मदद से किसी महत्वपूर्ण काम में सफलता मिल सकती है। इस दौरान लेन-देन से जुड़े मामलों में आपको अच्छे संपर्कों का लाभ मिल सकता है। करीबियों के साथ अच्छा समय बिताने के अवसर मिलेंगे, जिससे मन प्रसन्न रहेगा। कारोबार से जुड़े लोगों को भी नए अवसर प्राप्त होंगे। कॅरियर को लेकर सही समय पर लिए गए फैसले आपके लिए फायदेमंद साबित हो सकते हैं।

### घर की खिड़कियां हमेशा बंद रखने से बढ़ सकती हैं परेशानियां



घर की बनावट और सजावट से जुड़ी कई छोटी चीजों को वास्तु शास्त्र में महत्वपूर्ण माना गया है। इनमें खिड़कियों की स्थिति और उनका इस्तेमाल भी शामिल है। वास्तु की मान्यताओं के अनुसार, खिड़कियां घर में हवा, रोशनी और ऊर्जा के आवागमन का माध्यम होती हैं। इसलिए इन्हें लंबे समय तक बंद रखना शुभ नहीं माना जाता। खासतौर पर दिन के समय घर में प्राकृतिक रोशनी और ताजी हवा का प्रवेश होना जरूरी माना जाता है।

**नकारात्मक ऊर्जा का प्रभाव :** वास्तु के अनुसार, घर में ऊर्जा का संतुलित प्रवाह सकारात्मक वातावरण के लिए जरूरी है। लंबे समय तक दरवाजे और खिड़कियां बंद रखने से हवा और रोशनी का आवागमन प्रभावित हो सकता है। वास्तु मान्यताओं में इसे घर के माहौल में नकारात्मकता बढ़ने से जोड़कर देखा जाता है। इसका असर पारिवारिक सौहार्द, मानसिक शांति और आर्थिक स्थिति पर पड़ने की बात भी कही जाती है।

**ऊर्जा का प्रवाह रुकना :** जानें वास्तु के जरूरी नियमवास्तु शास्त्र में घर के अलग-अलग हिस्सों में ऊर्जा के संचरण को विशेष महत्व दिया गया है। बंद खिड़कियों के कारण कमरे में प्राकृतिक हवा और प्रकाश का प्रवेश कम हो सकता है। इसलिए दिन में कुछ समय के लिए खिड़कियां खोलने की सलाह दी जाती है।

**खिड़कियों की सफाई :** सिर्फ खिड़कियां खोलना ही पर्याप्त नहीं माना जाता। उनके शीशे, फ्रेम और आसपास की जगह को साफ रखना भी जरूरी है। धूल और गंदगी जमा होने पर प्राकृतिक रोशनी कमरे के अंदर कम पहुंच सकती है। साफ खिड़कियां घर को अधिक व्यवस्थित और खुला हुआ एहसास देती हैं।

**सही पर्दे:** खिड़कियों पर जरूरत से ज्यादा मोटे या भारी पर्दे लगाने से कमरे में सूरज की रोशनी और हवा का प्रवेश कम हो सकता है। वास्तु के अनुसार, ऐसे पर्दे बेहतर माने जाते हैं जिनसे प्राकृतिक प्रकाश आसानी से अंदर आ सके।

**तकलीफ होने पर नतीजे में पहुंचने से पहले परीक्षण कराएं**

# छाती में दर्द होना हर बार दिल का मामला नहीं होता गैस्ट्रो से लेकर मांसपेशियों तक की हो सकती हैं दिक्कतें

छाती में दर्द होने की समस्या काफी सामान्य है, इसके कई कारण हो सकते हैं। सांस के विकारों से लेकर, छाती में किसी प्रकार की चोट-संक्रमण या फिर हृदय स्वास्थ्य की समस्याएं इस तरह की दिक्कतों का कारण हो सकती हैं। आमतौर पर इस प्रकार के दर्द को हृदय रोगों की समस्या मान लिया जाता है, पर हर बार ये हृदय रोगों के कारण ही हो रही हो ये जरूरी नहीं है। इसकी कई और वजहें हो सकती हैं जिनपर भी ध्यान देना आवश्यक हो जाता है। क्या आपको भी अक्सर छाती में दर्द होने की समस्या रहती है? अगर हां तो इस बारे में किसी स्वास्थ्य विशेषज्ञ से मिलकर स्थिति का सही निदान जरूर करा लें। कुछ मामलों में ये गंभीर स्थिति हो सकती है जिसका समय रहते उपचार किया जाना जरूरी होता है।



गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल और हृदय रोग, दोनों स्थितियों में होने वाले छाती के दर्द में लक्षण बहुत हद तक एक जैसे ही होते हैं, इसलिए लोगों में इसको लेकर कंफ्यूजन हो सकता है।

### गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल समस्याएं

कई प्रकार की गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल स्थितियां सीने में दर्द का कारण बन सकती हैं। गैस्ट्रोएसोफेगल रिफ्लक्स डिजीज (जीईआरडी) वाले रोगियों में ये समस्या होना काफी सामान्य है। यह पेप्टिक अल्सर, गैसट्रिटिस या ऐंठन का भी कारण बन सकती है। चूंकि

### पैनिक अटैक की स्थिति

पैनिक अटैक, मानसिक स्वास्थ्य के विकारों जैसे स्ट्रेस और एंग्जाइटी के कारण बढ़ सकती है, इसमें ब्लड प्रेशर बढ़ने के साथ आपको छाती में दर्द महसूस हो सकता है। तनाव के प्रति शरीर की इस प्रतिक्रिया से मांसपेशियों में तनाव, श्वास और सीने में जकड़न होने लगती है। चिंता या घबराहट का अनुभव करने वाले लोगों में ये दिक्कत अधिक देखी जाती रही है, इसका समय पर निदान और उपचार आवश्यक है।

### मस्कुलोस्केलेटल समस्याएं

छाती में होने वाला दर्द हर बार हृदय रोगों के कारण हो ये जरूरी नहीं है, कुछ स्थितियों में ये मस्कुलोस्केलेटल समस्याओं का भी संकेत हो सकती है। इस स्थिति में



मांसपेशियों, हड्डियों, टेंडन, लिगामेंट्स और अन्य संरचनाओं में दिक्कत होने लगती है। इन स्थितियों में सीने में दर्द मुख्य रूप से छाती और ऊपरी पीठ हिस्से में अधिक होता है। भारी सामान उठाने या ज्यादा मेहनत वाले काम करने की स्थिति में ये दर्द बढ़ने लगता है।



### हृदय रोगों में छाती का दर्द होना

सीने में दर्द होने को सामान्यतौर पर हृदय रोग की समस्या मान लिया जाता है। हार्ट की समस्याओं में छाती में होने वाला दर्द हल्के से लेकर गंभीर तक हो सकता है। हार्ट अटैक की स्थिति में भी इस तरह का दर्द होना काफी सामान्य लक्षण हो सकता है। हार्ट अटैक गंभीर और जानलेवा स्थिति है, जिसमें तुरंत डॉक्टरी सहायता और उपचार प्राप्त करना जरूरी हो जाता है।



## दिमाग रहता है अशांत तो शुरू करें इन योगासनों का अभ्यास

कई बार काम के तनाव, कमजोरी या अन्य कारणों से लोगों का मन व मस्तिष्क थकावट महसूस करता है। अक्सर ऐसा होता है कि आपका काम में मन नहीं लगता और दिमाग में कई तरह के विचार आते हैं, जिससे आपका दिमाग अशांत हो सकता है। तनाव के कारण भी इस तरह की समस्या होती है। अनिद्रा की शिकायत होने पर भी मन अशांत हो जाता है। अगर इस तरह की समस्या से आप भी ग्रसित हैं तो मन और दिमाग को शांत करने के लिए आपको योगासन का अभ्यास करना चाहिए। योग से दिमाग शांत रहता है। तनाव कम होता और अनिद्रा की समस्या से राहत मिलती है, जिससे एकाग्रता आती है। ऐसे में तनाव और अनिद्रा की शिकायत से राहत पाने के लिए और दिमाग को शांत रखने व एकाग्रता के लिए नियमित इन योगासनों का अभ्यास करें।

### वृक्षासन का अभ्यास

इस आसन को करने के लिए सीधे खड़े होकर दाहिने



घुटने को मोड़ते हुए दाहिने पंजे को बाएं जांघ पर रखें। अब पैर के तलवे को जांघ के ऊपर सीधा रखें। इसके बाद बाएं पैर को सीधा रखते हुए संतुलन बनाएं। गहरी सांस लें और नमस्कार की मुद्रा मे रहें। इस दौरान रीढ़ की हड्डी को सीधा रखते हुए सांस छोड़ते समय शरीर को ढीला छोड़ते जाएं। अब हाथों को नीचे लाएं। फिर दाएं पैर को भी सीधा करें। पहले वाली मुद्रा में खड़े हो जाएं। अब बाएं तलवे को दाहिनी जांघ पर रखकर आसन को दोहराएं।

### पश्चिमोत्तानासन

दिमाग की शक्ति बढ़ाने के लिए इस योगासन को फायदेमंद माना जाता है। एकाग्रता को सुधारने, तनाव दूर करने और दिमाग शांत रखने के लिए नियमित इस योगासन का अभ्यास करें। पश्चिमोत्तानासन के अभ्यास से शरीर ऊर्जावान बनता है और सक्रियता बढ़ती है। इस आसन को करने के लिए जमीन पर दोनों पैरों को फैलाकर बैठ जाएं। अब सांस लेते हुए हाथों को ऊपर उठाएं और सांस छोड़ते हुए हाथों को आगे की ओर ले जाएं। फिर हाथों की उंगलियों से पैरों की उंगलियों को पकड़ें। कोशिश करें कि इस पोज में आपकी नाक घुटने को छुए। कुछ देर इसी अवस्था में रहने के बाद पुनः सामान्य अवस्था में आ जाएं।

### बालासन

कमजोरी और थकान की शिकायत भी मन भ्रमित और दिमाग को असक्रिय बना देती है। ऐसे में बालानस का अभ्यास तनाव को कम करता है और शरीर की ऊर्जा को बढ़ाता है। बालासन का अभ्यास करने के लिए घुटनों के बल बैठकर दोनों टखने और एड़ियों को आपस में एक दूसरे से टच करें। गहरी सांस लेते हुए हाथों को ऊपर ले जाएं। फिर आगे की ओर झुकते हुए पेट को दोनों जांघों के बीच लाते हुए सांस छोड़ें। इस स्थिति में कुछ देर रहने के बा घुटनों को सीध में कर लें और वापस सामान्य स्थिति में आ जाएं।



## बासी रोटी से बनाइए जायकेदार नाश्ता



रात को बनाई गई रोटियां अगर बच जाए, तो अमूमन लोग उन्हें अगली सुबह गाय या किसी और जानवर को खिलाते हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि बासी रोटी खाने में बच्चे हो या फिर बड़े सभी मुंह बनाते हैं। अब ऐसे में इन्हें फेंकने के अलावा कोई और ऑप्शन समझ नहीं आता है, लेकिन अगर आप चाहे, तो बची हुई रोटी से अलग-अलग तरह की रेसिपी या डिशेज बनाकर इन्हें फेंकने से बचा सकती हैं। अगर आपके रसोई की कैसरोल में भी रोटियां बच गई हैं, तो आप इससे कुरकुरी रोटी चाट बनाकर तैयार कर सकती हैं। इसका स्वाद ऐसा कि बच्चे पलक झपकते ही पूरी प्लेट खाली कर देंगे। इतना ही नहीं बल्कि आप इसे बच्चों के टिफिन में भी पैक करके भी दे सकती हैं। बासी रोटी को फेंकने के बजाय आप इससे कुरकुरी रोटी चाट बना सकती हैं। कुरकुरी रोटी चाट बनाने आपको बची हुई रोटियां (2-3),दही (फेंटा हुआ),मीठी चटनी (इमली की) हरी चटनी (धनिया-पुदीना की), बारीक कटा प्याज,टमाटर,धनिया पत्ती,सेव,भुनी हुई मूंगफली चाट मसाला और नमक चाहिए। इसे बनाने के लिए सबसे पहले रोटी को कड़ाही में तेल डालकरडीप फ्राई कर लें। इसके अलावा आप चाहे तो रोटी को तोड़कर उसके बाद उन्हें तेल में डालकर फ्राई करें। अब इन्हें निकालकर दूसरी प्लेट में रख लें। इसके बाद रोटी को छोटे-छोटे टुकड़ों में तोड़ लें। फिर इन पर फेंटा हुआ दही डालें। इसके बाद इसके ऊपर हरी और मीठी चटनी डालें।फिर बारीक कटा प्याज, टमाटर, चाट मसाला और नमक छिड़कें। आखिर में सेव और भुनी हुई मूंगफली डालकर तुरंत मिक्स करें।

## नाश्ते में परोसें मसालेदार कॉर्न रवा बॉल्स, होगी तारीफ

सूजी.... नाम सुनते ही हमारा ध्यान सबसे पहले 'सूजी का हलवा' की तरफ ही जाता है। सूजी का हलवा दिमाग में इस कदर बैठा हुआ है कि कई लोग बस इसे ही बनाकर खाते हैं। मगर ऐसा नहीं है कि सूजी से सिर्फ हलवा ही बनाया जा सकता है। सूजी से कई रेसिपीज भी बनाई जा सकती हैं, जिसे एक बार चखने के बाद हलवा को हर कई भूल जाना चाहेगा।

जी हां, अगर आप भी सूजी से एक ही तरह की डिश बनाकर और



खाकर बोर हो गई हैं, तो फिर अब वक्त आ गया है कुछ नया ट्राई करने का। जी हां, इस लेख में हम आपको सूजी से तैयार कुछ शानदार और लाजवाब स्नैक्स की रेसिपी बताने जा रहे हैं, जिन्हें आप आसानी से घर पर बना सकती हैं। सूजी को एक बाउल में निकालें और हल्की आंच पर सूजी को भून लें। अब पैन में घी गर्म करें और राई, कॉर्न, अदरक, चिली फ्लेक्स, हल्दी पाउडर, नमक, सूजी और पानी डालकर पका लें। जब मिश्रण गाढ़ा हो जाए, तो गैस बंद कर दें और सूजी का मिश्रण ठंडा होने के लिए रख दें। छोटी-छोटी बॉल्स बनाएं और 10 मिनट तक हल्की आंच पर स्टीम होने दें। अब पैन में 2 चम्मच तेल डालें और लाल मिर्च पाउडर, हरा धनिया और बचा हुआ सभी सामान डालकर पकाएं। फिर ऊपर से कॉर्न डालकर हरी चटनी के साथ सर्व करें।

# अपने लक्ष्य को पाना है तो टीम वर्क को दें प्राथमिकता, सफलता चूमेगी आपके कदम

टीम वर्क एक तरह से किसी भी लक्ष्य को पाने का सबसे कारगर तरीका है इसके अलावा कुशल तरीके से किसी कार्य को पूरा करने के लिए एक समूह का सहयोगी प्रयास है। टीम वर्क किसी भी तरीके में मौजूद है जहां एक समूह के लोग एक समान लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए मिलकर काम कर रहे हैं उसे ही हम टीम वर्क कहते है।

**टीम का महत्व-** अगर आप अकेले कितना भी काम कर ले मगर उतनी सफलता आपको उस काम में नहीं मिलेगी जितना आप अपनी टीम के साथ काम कर के कर सकते हैं। अकेले आप ज्यादा दूर नहीं जा सकते है। अकेले आप कुछ दूर तक तो दौड़ सकते हो मगर ज्यादा दूर जाने के लिए टीम की जरूरत होती है।

**क्यों जरूरी है टीम-** टीम सिर्फ खेल में ही नहीं होती है बल्कि हरेक काम में टीम बनाकर सफलता को लिया जा सकता है। वहां पर एक बड़े सीनियर लीडर ने टीम वर्क के बारे में समझाया और उनका कहना था। टीम बनाने का मतलब है अपने वक्त को मल्टीप्लाई करना। हर एक इन्सान के पास एक दिन में काम करने के तय घंटे होते है।



यदि आपका अपना काम है और आपके पास कंपनी में 10 लोग है अगर एक इन्सान एक दिन 8 घंटे काम करता है। तो आपके लिए एक दिन में 80 घंटे हो गया। जाहिर है, आपकी इनकम बढ़ जाएगी। जबकि अकेले काम करके आप 8 घंटे हिसाब से ही पैसे कमा पाते।

**टीम स्किल-** हर इंसान अलग-अलग तरीके से किसी भी काम को करता है इसलिए उनके काम करने का तरीका भी अलग होगा। जैसे कि हमारा सहकर्मी जो कोई एक जल्दी काम खत्म कर लेगा और कोई होगा जो काम करने में ज्यादा समय लगाता हैं। किसी की प्रेजेंटेशन स्किल बहुत अच्छी होगी तो किसी की कम्युनिकेशन स्किल अच्छी होगी तो हर किसी की विशेषता को साथ में लेकर मिलाजुला कर हम कैसे काम कर सकते है कैसे टीम में एक साथ काम कर पाए वह बहुत जरूरी हैं। टीम स्किल में प्रत्येक सहकर्मी की योग्यता और विशेषता को साथ लेकर चलना होता है। टीम वर्क को सक्सेसफुल बनाने के लिए टीम संचालक की अच्छी कम्युनिकेशन स्किल और सबकी सुनने की क्षमता होनी चाहिए। टीम वर्क के लिए एक दूसरे को समझ पाना बेहद जरूरी है। टीम मैनेजमेंट में आवश्यक है कि प्रत्येक व्यक्ति दूसरे व्यक्ति के बातों को उनके विचारों को ध्यान से सुने और एक दूसरे के साथ समझदारी से बातचीत करके अच्छे-अच्छे आइडिया निकालें।









## फिल्म इवेंट

### हालीवुड

## 73 एपिसोड वाली वर्ल्ड फेमस वेब सीरीज पर बन रही फिल्म

मिर्जापुर वेब सीरीज पर फिल्म बनी। 4 सितंबर को ये फिल्म रिलीज हुई और इस फिल्म ने 300 करोड़ रुपए का कारोबार किया। प्राइम वीडियो ने अपनी इस



फेमस वेब सीरीज को फिल्म में तब्दील करने का फैसला लिया था। वेस्टरोस अब सिर्फ टीवी और ओटीटी तक सीमित नहीं रहेगा। वॉर्नर ब्रदर्स ने ऐलान किया है कि फ्रैंचाइजी की पहली फीचर फिल्म 'गेम ऑफ थ्रोन्सः एगान्स कॉन्क्वेस्ट 1 जून 2029 को दुनिया भर के सिनेमाघरों में रिलीज होगी। 2011 से 2019 तक एचबीओ पर चली गेम्स ऑफ थ्रोन सीरीज ने दुनिया भर में हड़कंप मचा दिया था। उसके बाद हाउस ऑफ द ड्रैगन और ए नाइट ऑफ द सेवन किंगडम्स जैसी स्पिन-ऑफ आईं। अब वही दुनिया पहली बार थिएटर में उतरेगी। 'गेम ऑफ थ्रोन्सः एगान्स कॉन्क्वेस्टट का निर्देशन ओवेन हैरिस कर रहे हैं। उन्होंने ए नाइट ऑफ द सेवन किंगडम्स के तीन एपिसोड बनाए, जिनमें ट्रायल ऑफ सेवन वाला एपिसोड शामिल है। ब्लैक मिरर के प्रसिद्ध एपिसोड सैन जुनिपेरो का निर्देशन भी उन्हीं का है। पटकथा बो विलिमन लिख रहे हैं। बता दें कि गेम्स ऑफ थ्रोन पर फिल्म बनाने की चर्चा 2013 में शुरू हुई थी। अब रिलीज डेट और निर्देशक दोनों ही फाइनल हो चुके हैं। 'गेम ऑफ थ्रोन्सः एगॉन्स कॉन्क्वेस्ट' की कहानी टारगेरियन वंश के संस्थापक एगॉन प्रथम पर केंद्रित है, जिन्होंने करीब तीन सौ साल पहले वेस्टरोस के छह राज्यों को एक किया और आयरन थ्रोन की नींव रखी. यह किरदार अब तक किसी लाइव-एक्शन प्रोडक्शन में नहीं दिखा है।

### टॉलीवुड

## रश्मिका को अपने ही डॉग ऑरा से हुई जलन, चल रही फुल ऐश

हाल ही में 'कॉकटेल 2' में नजर आईं अभिनेत्री रश्मिका मंदाना अपने प्यारे पालतू डॉग ऑरा से ईर्ष्या करती हैं, क्योंकि वह काम में व्यस्त रहती हैं, जबकि ऑरा



आराम से रविवार बिताता है। अभिनेत्री ने अपने इंस्टाग्राम स्टोरीज सेक्शन में चादर के नीचे गहरी नींद में सो रहे अपने पैट की एक तस्वीर साझा की। अभिनेत्री ने अपनी ईर्ष्या व्यक्त करते हुए ऑरा को बेहद भाग्यशाली बताया। रश्मिका मंदाना ने तस्वीर पर लिखा, 'ऑरा का हाल कुछ ऐसा हैः मम्मी बिल्कुल सोई नहीं हैं और उन्हें काम पर भी जाना है लेकिन इससे किसी को क्या फर्क पड़ता है? पूरा बिस्तर तो मुझे ही मिल रहा है और मैं बहुत खुश हूं किस्मत वाला।' अभिनेत्री का शेड्यूल काफी व्यस्त है, उनकी कुछ बड़ी फिल्में रिलीज होने वाली हैं. वह अगली बार 'मैसा'में नजर आएंगी. फिल्म का टीजर हाल ही में जारी किया गया था और यह एक दमदार मनोरंजन का वादा करता है। टीजर में पानी के अंदर के शानदार दृश्य दिखाए गए हैं, जिनमें रश्मिका का पानी की तलहटी में हंसिया पकड़े बैठे रहने का दृश्य रोंगटे खड़े कर देने वाला है। रश्मिका ने गोंड आदिवासी महिला का किरदार निभाया है, जो एक चुनौतीपूर्ण भूमिका है जिसके लिए गहन शारीरिक तैयारी और चुनौतीपूर्ण एक्शन दृश्यों की आवश्यकता थी। अनफॉर्मूला फिल्म्स द्वारा निर्मित 'मैसा' एक एक्शन-ड्रामा है जिसका निर्देशन नवोदित निर्देशक रवींद्र पुल्ले ने किया है। यह फिल्म बड़े पैमाने पर बनाई जा रही है जिसमें व्यापक एक्शन और तकनीकी रूप से महत्वाकांक्षी दृष्टिकोण पर जोर दिया गया है। निर्माताओं ने एक बार फिर पुष्टि की है कि मैसा 27 नवंबर, 2026 को तेलुगु, हिंदी, तमिल, कन्नड़ और मलयालम भाषाओं में सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

### भोजपुरी

## कल्लू का नया भक्ति गाना 'दीवानी देवी मईया के' रिलीज

नवरात्रि का पावन पर्व नजदीक हो, पंडालों की तैयारी चल रही हो और भोजपुरी का ध मा के दा र भक्ति ट्रैक ना गूंजे, ऐसा भला कैसे हो सकता है। त्योहार के इस




पावन मौके को और खास बनाने के लिए भोजपुरी के लोकप्रिय स्टार अरविंद अकेला कल्लू का नया देवी गीत 'दीवानी देवी मईया के' रिलीज हो चुका है। इस म्यूजिक वीडियो में अरविंद अकेला कल्लू के साथ खूबसूरत एक्ट्रेस नेहा गुप्ता स्क्रीन शेयर करती नजर आ रही हैं। दोनों का ट्रेडिशनल और देसी अवतार नवरात्रि के माहौल में पूरी तरह से रच-बस गया है। वीडियो में जहां एक तरफ मां की भक्ति और पूजा-अर्चना का भाव है, वहीं दूसरी तरफ पंडाल व मेले में घूमने को लेकर दोनों के बीच की हल्की-फुल्की नोक-झोंक देखने को मिलती है। कल्लू और नेहा की ऑनस्क्रीन केमिस्ट्री दर्शकों को खूब पसंद आ रही है। 'दीवानी देवी मईया के' सिर्फ एक सीधा-साधा भजन नहीं है, बल्कि इसे हाई-एनर्जी डांस बीट्स पर तैयार किया गया है। गाने का म्यूजिक इतना जोशीला है कि सुनते ही पैर अपने आप थिरकने लगते हैं। कोरियोग्राफर रोबोट और गोलू के निर्देशन में अरविंद अकेला कल्लू और नेहा गुप्ता ने जिस ऊर्जा के साथ देसी ठुमके लगाए हैं, उसने वीडियो में जान फूंक दी है। दोनों के डांस स्टेप्स बेहद कैची और एनर्जेटिक हैं, जो पूजा पंडालों और देवी जागरणों के मंच पर बजने के लिए एकदम मुफीद साबित हो रहे हैं।




लाइफ स्टाइल

**माधुरी ने इवेंट में लगाए चार चांद**

मुंबई के ताज लैंड्स एंड में आयोजित मशहूर फैशन डिजाइनर मनीष मल्होत्रा के 'मिजवान वेलफेयर फैशन शो' में धक-धक गर्ल माधुरी दीक्षित साड़ी में बेहद खूबसूरत लगीं।

# डांडिया-गरबा नाइट में छा जाएगा आपका लुक, ऐसे करें मेकअप

शारदीय नवरात्रि 11 अक्टूबर 2026 से आरंभ हो रही है। देशभर में इस पर्व को मनाने का तरीका अलग अलग है। कहीं दुर्गा पूजा का आयोजन होता है तो कहीं डांडिया-गरबा खेला जाता है। नवरात्रि के आखिरी दिनों में डांडिया और गरबा नाइट्स का आयोजन होता है।

नवरात्रि में गरबा और डांडिया नाइट का उत्साह अलग ही होता है। रंग-बिरंगे लहंगे, चनिया चोली, खूबसूरत ज्वेलरी और ट्रेडिशनल हेयरस्टाइल के साथ मेकअप भी पूरे लुक को खास बना देता है। अगर आप इस गरबा नाइट पर कुछ ऐसा मेकअप करना चाहती हैं जो ट्रेडिशनल आउटफिट के साथ मॉडर्न टच भी दे, तो कुछ आसान मेकअप आइडियाज ट्राई किए जा सकते हैं।

गरबा नाइट के लिए मेकअप चुनते समय सबसे जरूरी है कि वह आपकी ड्रेस, ज्वेलरी और स्किन टोन के साथ अच्छा लगे। रातभर डांस और मस्ती के दौरान



मेकअप ज्यादा फैलने से बचाने के लिए बेस को हल्का और अच्छी तरह सेट करना बेहतर होता है। आंखों के मेकअप में शिमर, कलरफुल आईलाइनर या बोल्ड काजल का इस्तेमाल फेस्टिव लुक को और आकर्षक बना सकता है।

होंठों के लिए आप क्लासिक रेड, डीप पिंक, बेरी या न्यूड शेड चुन सकती हैं। अगर आंखों का मेकअप बोल्ड है, तो लिप्स को थोड़ा सॉफ्ट रखना अच्छा संतुलन बना सकता है। सबसे जरूरी बात यह है कि मेकअप ऐसा हो जिसमें आप पूरी रात आरामदायक महसूस करें।

### ग्लोइंग बेस मेकअप



गरबा नाइट के लिए बहुत ज्यादा हैवी बेस लगाने के बजाय हल्का और नेचुरल दिखने वाला बेस चुनें। सबसे पहले चेहरे को साफ करके मॉइस्चराइजर लगाएं। इसके बाद अपनी त्वचा के अनुसार बेस प्रोडक्ट लगाकर अच्छी तरह ब्लेंड करें। हल्का हाइलाइटर गालों के ऊपरी हिस्से और नाक के ब्रिज पर लगाया जा सकता है। इससे चेहरे पर फेस्टिव ग्लो आएगा।

### शिमरी आई मेकअप

नवरात्रि के आउटफिट के साथ शिमरी आईशैडो काफी खूबसूरत लग सकता है। गोल्ड, कॉपर, सिल्वर या ब्रॉन्ज जैसे शेड्स चुनें। अगर आपका आउटफिट बहुत चमकदार है, तो आंखों का मेकअप थोड़ा सॉफ्ट रखें।

# पुरानी जींस को लेस से दें नया स्टाइलिश लुक, घर पर ऐसे करें तैयार



अगर आप जींस के एक जैसे स्टाइल पहन-पहनकर ऊब चुकी हैं, तो अब लेस-अप जींस ट्राई कर सकती हैं। वाई2के फैशन दौर की यह जींस इस समय ट्रेंड में है। इस ट्रेंड की सबसे खास बात है कि इसे बाजार से खरीदने के बजाय खुद घर पर आसानी से तैयार किया जा सकता है, जिसके लिए बस आपको चाहिए- एक आरामदायक जींस, कॉटन की सफेद लेस, एक कैंची और सिलाई मशीन।

### फ्लेयर कट जींस में दिखेगा बोल्ड अंदाज

फ्लेयर कट जींस में रेट्रो और वाई2के फैशन का खूबसूरत मेल देखने को मिलता है। अगर आप अपने डेनिम लुक में थोड़ा फेमिनिन और क्रिएटिव ट्विस्ट चाहती हैं, तो इसमें लेस का इस्तेमाल करें। घुटने से नीचे फ्लेयर वाले हिस्से के किनारों पर लेस लगाने से जींस को सॉफ्ट और नाजुक अंदाज मिलता है। वहीं, बड़े कट्स के साथ लेस का मेल इसे बोल्ड और स्टाइलिश लुक दे सकता है।

### रिप्ड जींस को दें लेस का नया ट्विस्ट

रिप्ड जींस एक समय में युवाओं की पंसद रही थी, वह अब अलमारी में एक कोने में बंद है। लेस-अप जींस ट्रेंड उसे फिर से पहनने का मौका बन सकता है। इसके लिए जींस के जिस हिस्से पर रिप है, उसके अंदर की तरफ लेस लगाएं। रिप के बीच से दिखाई देती सफेद या हल्के रंग की लेस डेनिम के साथ खूबसूरत कंट्रास्ट बनाती है। खास बात यह है कि इसके लिए ज्यादा मेहनत या बड़े बदलाव की जरूरत नहीं पड़ती।

### बूट कट जींस को दें कैजुअल और विंटेज लुक

बूट कट जींस में लेस का छोटा-सा ट्विस्ट पूरे लुक को विंटेज और स्टाइलिश बना सकता है। जींस के बॉटम के दोनों किनारों पर छोटे कट लगाकर वहां ट्रायंगल शेप में क्रोशिया लेस लगाएं। सफेद लेस नीली डेनिम के साथ खूबसूरत कंट्रास्ट बनाती है और साधारण जींस को खास अंदाज बनाती है। इसे केजुअल आउटिंग में टॉप के साथ या पार्टी के लिए स्टाइलिश टॉप और एक्सेसरीज के साथ पहन सकती हैं।

# बिटिया के लिए खरीदें चांदी के कंगन, नन्हें हाथों पर खिल उठेंगे ये खूबसूरत डिजाइन

नवरात्रि के खास दिनों में अगर आप बिटिया को कोई तोहफा देना चाहते हैं, तो इस बार चांदी के कंगन दीजिए। चांदी के कंगन नन्हें हाथों पर सुंदर लगते हैं और बच्चे पहने भी रखते हैं। बेटियों के हाथों में कंगन की छनछन आवाज आपके कानों को सुकून देगी और उनके छोटे हाथों पर सभी की नजर टिकेगी। इस नवरात्रि बिटिया के लिए चांदी के कंगन खरीदने का सोच रहे हैं, तो हम आपके लिए एक से बढ़कर एक सुंदर डिजाइन लेकर आए हैं, जो बिटिया आसानी से पहन लेगी और ये चुभेंगे भी नहीं।

**घुंघरू वर्क सिल्वर बैंगल्स :** इन चांदी की चूड़ियों में बारीक नक्काशीदार जाली का पारंपरिक काम किया गया है, जिसके किनारों पर छोटी-छोटी सिल्वर बॉल्स और घुंघरू की लटकनें लगी हुई हैं। यह कड़ा-स्टाइल किसी भी शादी-त्योहार या ट्रेडिशनल एथनिक आउटफिट के साथ बिटिया को पहना सकते हैं।

**स्ट्रॉबेरी एंड फिश चार्म कंगन :** बिटिया के लिए डिजाइन किए गए इस सिल्वर कड़े में



ब्राइट रेड कलर का क्यूट स्ट्रॉबेरी एनेमल वर्क और एक छोटी सी लटकती हुई फिश चार्म दी गई है। इसका एडजस्टेबल डिजाइन बच्चों की नाजुक कलाई के लिए सेफ और कंफर्टेबल रहेगा।

**एनेमल ओपन-कफ कड़ा** बिटिया के कैजुअल और डेली वियर के लिए बना यह मिनिमल सिल्वर कड़ा प्यारे हेलो किट्टी मोटिफ और पर्पल एनेमल डिटेलिंग वाली डिजाइन में होगा। इसके ओपन-एंडेड सिलेंड्रिकल फ्रेम में एक तरफ सिल्वर बॉल और दूसरी तरफ क्यूट किट्टी लगी है, जो बेटी को काफी पसंद आएगी।

# गरबा-डांडिया लुक के लिए ट्राई करें ये ट्रेंडी डाई हेयर एक्सेसरीज, कम खर्च में दिखेंगी खास

नवरात्रि आते ही एक्साइटमेंट काफी ज्यादा बढ़ जाती है। ऐसा इसलिए, क्योंकि शारदीय नवरात्रि में जगह-जगह पर गरबा और डांडिया नाइट होस्ट की जाती है। इन नाइट्स में शामिल होने के लिए महिलाएं बहुत सुंदर तरीके से तैयार होती हैं। वैसे तो ट्रेडिशनल तरीके से तैयार होने के लिए चनिया-चोली पहनी जाती है। लेकिन अगर आप फ्यूजन लुक क्रिएट कर रही हैं तो किसी भी फैंसी आउटफिट के साथ लुक क्रिएट कर सकती हैं। फ्यूजन लुक के लिए जींस के साथ सफेद कुर्ती या शर्ट और उसके ऊपर गुजराती जैकेट गजब की लगती है। इसके अलावा सफेद शर्ट के साथ गुजराती स्कर्ट या आजकल चलने वाली गुजराती स्टाइल जींस भी काफी अच्छी दिखती है। आउटफिट चाहें आप



कैसा भी पहन रही हों लेकिन जब तक आप अपने लुक में हेयरस्टाइल ठीक तरह से नहीं बनाएंगी तो लुक अलग नहीं दिखेगा। यहां हम डाई हेयर एक्सेसरीज बनाने का तरीका बता रहे हैं जिनसे कम खर्च में लुक को खास बनाया जा सकता है। इसके लिए लेस के चौड़े टुकड़े को हाफ करके सिल लें। फिर इसे सीधा करें और सेंटर की तरफ से ऊपरे से नीचे की तरफ को दबाएं और फिर एक टांका लगाएं।

### क्लचर से बनाएं सुंदर एक्सेसरी

सादे क्लचर से आप सुंदर हेयर एक्सेसरी बना सकती हैं। इसके लिए आपको जरूरत होगी कुछ गुजराती लेस, गोल्डन कौड़ी शेल्स, कॉटन के तीन रंग के धागे, ग्लू, कलरफुल पॉम-पॉम, सजावट वाले शीशे और गोटा पत्ती सर्कल की।

क्लचर सजाने के लिए सबसे पहले बची हुई लेस को क्लचर के दोनों तरफ पर अच्छी तरह से चिपका दें। फिर इसके ऊपर साइड में कौड़ी शेल्स भी लगा दें।

क्लचर के ऊपर कुछ पॉम-पॉम लगाएं और फिर धागे को चोटी में बांध लें। चोटी के लास्ट में गोटा पत्ती वाले सर्कल को लगाएं और फिर इसे अच्छी तरह से क्लचर पर पेस्ट कर दें।

**कार्नर न्यूज** करवाचौथ से जुड़े फीचर्स को मिलाकर सुंदर डिजाइन बना सकती हैं

# करवाचौथ की मेहंदी हो ऐसी, सिंपल भी और त्योहार वाली फील भी!

करवाचौथ पर मेहंदी के बिना लुक थोड़ा अधूरा सा लगता है। लेकिन, जरूरी नहीं कि इसके लिए हाथों को पूरा भर दिया जाए। आजकल सिंपल और मिनिमल मेहंदी डिजाइन भी काफी पसंद किए जा रहे हैं। आप छोटे फूल, बेल, जाल या करवाचौथ से जुड़े फीचर्स को मिलाकर सुंदर डिजाइन बना सकती हैं। इससे हाथ भी ज्यादा भरे हुए नहीं लगते और मेहंदी का लुक भी खास रहता है। अगर आपको भारी डिजाइन पसंद नहीं हैं, तो ये स्टाइल आपके लिए एकदम सही हो सकते हैं।

### दुल्हन वाला डिजाइन

करवाचौथ की मेहंदी में दुल्हन की छोटी सी तस्वीर काफी प्यारी लगती है। इसके लिए हथेली के बीच में दुल्हन का मिनिमल स्केच बनवाएं और उसके आसपास छोटे फूल या पत्तियों की बेल लगाएं। डिजाइन को ज्यादा भरने की जरूरत नहीं है। दुल्हन का चेहरा और लहंगा थोड़े डिटेल में बनाया जा सकता है, जबकि बाकी हिस्सा हल्का रखें। अगर आप चाहें तो दुल्हन के साथ एक छोटा सा दिल भी बनवा सकती हैं। यह डिजाइन करवाचौथ की फील भी देगा और हाथ बहुत भारी भी नहीं लगेगा।



### छलनी वाला मेहंदी डिजाइन

करवाचौथ की कहानी में छलनी का खास रोल होता है, इसलिए इसे मेहंदी डिजाइन में शामिल करना एक अच्छा आइडिया है। हथेली या हाथ के बीच में छोटी सी छलनी बनवाएं और उसके पीछे चांद का सिंपल डिजाइन बना दें। आसपास छोटे डॉट्स, पत्तियां या फूल लगाकर इसे और सुंदर बनाया जा सकता है। छलनी का डिजाइन बहुत बारीक रखने की जरूरत नहीं है। बस इतना ध्यान रखें कि इसका शेप साफ दिखे। यह सिंपल डिजाइन करवाचौथ के मौके के लिए काफी प्यारा और अलग लगेगा।

### चांद और सितारों वाला पैटर्न

करवाचौथ पर चांद का कनेक्शन तो खास है ही, इसलिए मेहंदी में छोटा सा चांद और सितारे भी बनाए जा सकते हैं। हथेली के एक हिस्से में पतला सा चांद बनवाएं और उसके आसपास कुछ छोटे सितारे लगाएं। इसके साथ हल्की बेल या छोटे फूल जोड़ सकती हैं। अगर आपको बहुत ज्यादा डिटेल वाली मेहंदी पसंद नहीं है, तो यह डिजाइन अच्छा ऑप्शन रहेगा। इसमें खाली जगह ज्यादा रहती है, जिससे हाथ साफ और स्टाइलिश दिखते हैं। यह डिजाइन फ्रंट हैंड पर खास तौर पर सुंदर लगेगा।

### बेल और फूलों वाला डिजाइन

अगर आप करवाचौथ के लिए एकदम सिंपल मेहंदी चाहती हैं, तो बेल और छोटे फूलों का पैटर्न चुन सकती हैं। उंगलियों से शुरू होकर हथेली तक आती पतली बेल हाथ को लंबा और सुंदर लुक देती है। इसके बीच-बीच में छोटे फूल, पत्तियां और डॉट्स बनाए जा सकते हैं। इसमें किसी खास करवाचौथ फीचर की जरूरत नहीं होती, फिर भी पूरा लुक फेस्टिव लगता है। यह डिजाइन उन लोगों के लिए भी अच्छा है, जिन्हें जल्दी मेहंदी लगवानी हो और बहुत ज्यादा टाइम नहीं देना।



### करवा वाला डिजाइन

अगर आप करवाचौथ की मेहंदी में कोई ट्रेडिशनल फीचर चाहती हैं, तो करवा वाला डिजाइन ट्राई कर सकती हैं। हथेली के बीच में छोटा सा करवा बनवाकर उसके आसपास पत्तियों और फूलों की हल्की बॉर्डर बनाई जा सकती है। करवा के ऊपर छोटा सा डिजाइन या डॉट पैटर्न भी अच्छा लगेगा। इसे ज्यादा भरने के बजाय खाली जगह रखें, इससे डिजाइन साफ दिखाई देगा। यह पैटर्न खासकर उन महिलाओं को पसंद आ सकता है, जिन्हें करवाचौथ से जुड़ी चीजें मेहंदी में शामिल करना अच्छा लगता है।